तापमान — अधिकतम : 38° C, न्यूनतम : 27° C

सेंसेक्स 81,596.63 · निफ्टी 24,813.45

सोना 98,250 · चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, गुरुवार 22 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 50 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 23 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली व अनुष्का**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## बानू मुश्ताक को मिला इंटरनेशनल बुकर प्राइज

**नई दिल्ली/लंदन।** भारतीय लेखिका, वकील और एक्टिविस्ट बानू मुश्ताक ने अपनी किताब 'हार्ट लैंप' के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। हार्ट लैंप कन्नड़ भाषा में लिखी पहली किताब है, जिसे बुकर प्राइज मिला है।

दीपा भष्ठी ने इसे अंग्रेजी में ट्रांसलेट किया है। बुकर प्राइज के लिए हार्ट लैंप को दुनियाभर की छह किताबों में से चुना गया। यह अवॉर्ड पाने वाला पहला लघु कथा संग्रह (शॉर्ट स्टोरी कलेक्शन) है। दीपा भष्ठी इस किताब के लिए अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय ट्रांसलेटर हैं। बानू मुश्ताक और दीपा भष्ठी ने मंगलवार को लंदन के टेट मॉडर्न में हुए कार्यक्रम में अवॉर्ड रिसीव किया। दोनों को 50,000 पाउंड (52.95 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि भी मिली है, जो लेखक और ट्रांसलेटर के बीच बराबर-बराबर बांटी जाती है। बानू मुश्ताक ने हार्ट लैंप किताब में दक्षिण भारत में पितृ सत्तात्मक समाज में रहने वाली मुस्लिम महिलाओं की कठिनाइयों को मार्मिक ढंग से दर्शाया है। उन्होंने 1990 से 2023 के बीच, तीन दशकों के दौरान ऐसी 50 कहानियां लिखी थीं। दीपा भष्ठी ने इनमें से 12 कहानियों को चुनकर ट्रांसलेट किया। अवॉर्ड जीतने के बाद मुश्ताक ने कहा कि यह किताब का जन्म इस भरोसे से हुआ है कि कोई भी कहानी कभी छोटी नहीं होती। मानवीय -शेष पृष्ठ दो पर

**हार्ट लैंप यह सम्मान पाने वाली कन्नड़ भाषा की पहली पुस्तक, दीपा भष्ठी ने किया अंग्रेजी अनुवाद**



## पाक उच्चायोग के अफसर को 24 घंटे में देश छोड़ने के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **भारत ने पाक अफसर को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया**

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है।

भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। पहलगाम हमले के बाद से भारत लगातार संदिग्ध पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने के आदेश जारी कर रहा है। पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को भारत ने बुधवार को इस संबंध में एक डिमार्शे (कूटनीति में दूसरे देश के खिलाफ उठाया गया कदम) जारी किया और उनसे उपरोक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा गया है। इस संदर्भ में बुधवार को पाकिस्तान उच्चायोग के कार्यवाहक उच्चायुक्त को एक कड़ा आधिकारिक विरोध पत्र जारी किया गया। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि पाकिस्तान के कोई भी राजनयिक या अधिकारी भारत में अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न करें। बता दें कि पर्सोना नॉन ग्राटा किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछित घोषित करने की वह स्थिति होती है। जिसके तहत उसे देश छोड़ने का तुरंत आदेश दिया जाता है। इससे पहले 13 मई को भारत ने जासूसी में कथित रूप से संलिप्त होने के कारण एक पाकिस्तानी अधिकारी को निष्कासित कर दिया था।

## छत्तीसगढ़ में 27 नक्सली ढेर

### मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली भी मारा गया, एक जवान शहीद

नारायणपुर, वार्ता



**छत्तीसगढ़ के** चार विभिन्न जिलों के सुरक्षा बलों के जवानों ने बुधवार को हुई मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को ढेर कर दिया और कई अन्य घायल हुए हैं। वहीं मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ रुपये का इनामी खूंखार नक्सली बसव राजू भी मुठभेड़ में मारा गया है। वहीं नक्सली कमांडर रुपेश और कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है।

मुठभेड़ के दौरान एक जवान भी शहीद हो गया और एक अन्य घायल हो गया है। इस मुठभेड़ में कई बड़े नक्सली लीडर या तो फंसे हुए हैं या फिर मारे गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के माड़ डिवीजन में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) नारायणपुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर और डीआरजी कोंडागांव के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है, ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा सीमावर्ती इलाके में बड़ा ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों को प्राप्त जानकारी के आधार पर ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। इसमें जवानों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अब तक 27 नक्सली मारे जाने की सूचना मिली है। वहीं इस ऑपरेशन में रूपेश से भी बड़े कमांडर फंसे हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। इसके साथ ही गृह मंत्री ने यह भी जानकारी दी है कि मुठभेड़ में एक जवान शहीद और कुछ जवान घायल भी हुए हैं। मारे गए सभी माओवादियों के शव जवानों के द्वारा बरामद कर लिए गए हैं। इस मामले की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की है। श्री सुंदरराज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र में स्थित अबूझमाड़ इलाके में बुधवार को सुरक्षाबल के जवानों और माओवादियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में जवानों ने 27 माओवादियों को मार गिराया है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने घटनास्थल से मारे गए सभी 27 माओवादियों के शवों को भी बरामद कर लिया है। इसके साथ ही जवानों ने घटनास्थल से माओवादियों के कई हथियार भी बरामद किया है। वहीं इस मुठभेड़ में डीआरजी के एक जवान की शहादत के साथ कुछ -शेष पृष्ठ दो पर

### सरकार नक्सलवाद के खात्मे को प्रतिबद्ध : मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने माओवाद की त्रासदी को दूर करने और लोगों के लिए शांति तथा प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए छत्तीसगढ़ में एक मुठभेड़ में 27 नक्सलियों का खात्मा करने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की है। श्री मोदी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए हमें अपने बलों पर गर्व है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि: शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 27 खूंखार नक्सलियों के मारे जाने को नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा है कि सरकार अगले वर्ष 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बुधवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं।

### अमृत स्टेशनों से रेल का सफर और आसान हो जाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह गुरुवार को 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे, जिससे यात्रियों का रेल का सफर और अधिक आसान हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने राजस्थान में कई सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए जाने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इससे सीमावर्ती क्षेत्रों में रक्षा ढांचागत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी गुरुवार को एक दिन के राजस्थान दौरे पर जा रहे हैं जहां वह 26 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन करेंगे। इससे पहले उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट में कहा कि भारतीय रेल के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक और अविस्मरणीय होने जा रहा है। राजस्थान के बीकानेर में सुबह साढ़े ग्यारह बजे अब तक रिडेवलप किए गए 100 से ज्यादा अमृत स्टेशनों के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा। इनसे देशवासियों के लिए रेल का सफर और आसान होने वाला है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि राजस्थान के अपने दौरे में कई और परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का भी सुअवसर मिलेगा। इनमें अनेक सड़क परियोजनाएं भी शामिल हैं। इनसे जहां आवाजाही की सुविधाएं बढ़ेंगी, वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में हमारे डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को भी और मजबूती मिलेगी।

## वक्फ कानून पर लगातार दूसरे दिन भी हुई सुनवाई

■ **वक्फ का इस्लाम में जिक्र, लेकिन इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं: केंद्र**

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई।

केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वो 'वक्फ बाय यूजर' के आधार पर ही क्यों न हो। एसजी मेहता के मुताबिक अगर कोई जमीन सरकारी है, तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह उसे वापस ले ले, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो। किसी भी प्रभावित पक्ष ने अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया। किसी ने भी ये नहीं कहा कि संसद के पास इस कानून को पारित करने का अधिकार नहीं है। वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। जब तक यह साबित न हो जाए, बाकी तर्क विफल हो जाते हैं। वक्फ कानून के खिलाफ लगी याचिकाओं पर सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से एसजी तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे हैं। मेहता ने कहा था, सुनवाई उन तीन मुद्दों पर हो, जिन पर जवाब दाखिल किए हैं। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई कर रहा है। इसमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां मंत्रालय ने एक बिल बनाया और बिना सोच-विचार के वोटिंग कर दी गई हो।

### जस्टिस वर्मा कैश कांड: एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** कैश मामले में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ये मामला प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पास है। आप पहले जाकर उनसे गुहार लगाएं। फिर हमारे पास आएं। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। एफआईआर की मांग वाली याचिका एडवोकेट मैथ्यूज नेडुमपारा ने लगाई थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे।

### भारत ने बलूचिस्तान में आतंकी हमले को लेकर पाक के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्कूल बस पर आतंकवादी हमले की घटना को लेकर आरोपों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि आतंकवाद के वैश्विक केन्द्र के रूप में अपनी बदनामी से पीछा छुड़ाने के लिए भारत पर दोषारोपण पाकिस्तान की दूसरी प्रवृत्ति बन गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आरोपों के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि भारत आज पहले खुजदार में हुई घटना में उसकी संलिप्तता के संबंध में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करता है। भारत ऐसी सभी घटनाओं में जान गंवाने पर शोक व्यक्त करता है। हालांकि आतंकवाद के वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी प्रतिष्ठा से ध्यान हटाने और अपनी घोर विफलताओं को छिपाने के लिए, पाकिस्तान के लिए अपने सभी आंतरिक मुद्दों के लिए भारत को दोषी ठहराना दूसरी प्रकृति बन गई है। श्री जायसवाल ने कहा कि दुनिया को धोखा देने का यह प्रयास असफल होने के लिए अभिशप्त है।

### ईपीएफओ ने मार्च में 14.58 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मार्च 2025 में 14.58 लाख सदस्य जोड़े हैं, जो पिछले वर्ष के इसी माह की तुलना में 1.15 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि मार्च 2025 में जोड़े गए सदस्यों में से लगभग 7.54 लाख नए सदस्य हैं, जो फरवरी 2025 की तुलना में 2.03 प्रतिशत मार्च 2024 की तुलना में 0.98 प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 में लगभग 2.92 लाख महिला सदस्य ईपीएफओ में शामिल हुईं। शीर्ष पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सदस्य जोड़ने में लगभग 59.67 प्रतिशत का योगदान दिया है। इनमें महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा, गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। वार रेस्तरां, सीमेंट,सामान्य बीमा, कैंटीन,ट्रैवल एजेंसियां और होटल क्षेत्र से सबसे ज्यादा सदस्य जोडे गए हैं।

## पूर्व आईएएस अधिकारी खेडकर को सशर्त अग्रिम जमानत

■ **पूजा खेडकर पर जाली प्रमाण पत्र पेश करने के गंभीर आरोप**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की पूर्व अधिकारी (आईएएस) प्रोबेशनर पूजा खेडकर की सशर्त अग्रिम जमानत याचिका को बुधवार को मंजूरी दे दी।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा पास करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और पीडब्ल्यूबीडी (बेंचमार्क विकलांग व्यक्ति) का जाली प्रमाण पत्र पेश करने के गंभीर आरोप हैं। पीठ ने खेडकर की ओर से दायर आपराधिक अपील को स्वीकार कर लिया, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के अग्रिम जमानत देने से इन्कार करने के फैसले को चुनौती दी गई। पीठ ने कहा कि अपराध की प्रकृति और मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, यह एक उपयुक्त मामला है। उच्च न्यायालय को इसमें अग्रिम जमानत देनी चाहिए थी। शीर्ष अदालत ने जनवरी में खेडकर को दी गई गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा को स्थायी कर दिया था। शीर्ष अदालत की अंतिम आदेश में कहा गया है कि गिरफ्तारी की स्थिति में, अपीलकर्ता को 25,000 रुपये की नकद जमानत और दो जीवित जमानतदारों को प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा किया जाएगा। उसे जांच में पूरा सहयोग करना होगा, अपनी स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करना होगा। गवाहों को प्रभावित नहीं करना होगा या सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करनी होगी।

## ऑपरेशन सिंदूर की हकीकत बयां करने को पहला दल रवाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य व सिएरा लियोन जाएगा**

**नई दिल्ली।** आतंकवादी संगठनों की पनाहगार बन चुके पाकिस्तान को दुनिया भर में बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों में जाने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पहला प्रतिनिधिमंडल शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में बुधवार को रवाना हो गया। यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य और सिएरा लियोन जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद को बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने के मजबूत संदेश के साथ सभी तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने के भारत के दृढ़ दृष्टिकोण की जानकारी देगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को तीन प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद पर भारत के रुख के बारे में जानकारी दी थी। बैठक के बाद श्री शिंदे ने कहा था कि उनके प्रतिनिधिमंडल को भारत में हुए पिछले आतंकवादी हमलों के बारे में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किस प्रकार पाकिस्तान देश में सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगे पाकिस्तान को घेरने तथा दुनिया को उसकी नापाक हरकतों की जानकारी देने के लिए करीब तीस देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंल भेजने का निर्णय लिया है।

## प्रो. महमूदाबाद को मिली सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सोशल मीडिया पर 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में बुधवार को सशर्त अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश पारित किया।

उच्चतम न्यायालय ने हालांकि, मामले में प्रोफेसर के खिलाफ हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज दो मुकदमों पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। शीर्ष अदालत ने आदेश में कहा कि हम याचिकाकर्ता को सीजेएम सोनीपत की संतुष्टि के अनुसार जमानत बॉन्ड प्रस्तुत करने की शर्त पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश देते हैं। दोनों मुकदमों के लिए जमानत बॉन्ड का केवल एक सेट होगा। इसके अलावा न्यायालय ने आरोपी को अपना पासपोर्ट जमा करने का भी आदेश दिया। साथ ही, इस मुद्दे (ऑपरेशन सिंदूर) पर कोई और ऑनलाइन पोस्ट या भाषण नहीं देने का आदेश दिया। शीर्ष न्यायालय ने मामले की जांच के लिए हरियाणा पुलिस के स्थान पर एक विशेष जांच दल का गठन किया, जो वर्तमान में मामले की जांच कर रहा है। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि विशेष जांच दल में हरियाणा या दिल्ली के अधिकारी नहीं होंगे। अशोका विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख महमूदाबाद को हरियाणा पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। रविवार को दो अलग-अलग मामलों के मुकदमा दर्ज होने पर उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी पर 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनकी कथित टिप्पणियों के लिए देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने का आरोप है। हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भी प्रो. महमूदाबाद की टिप्पणियों की आलोचना की थी।

### तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, केंद्र पर फंड रोकने का आरोप

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार पर विभिन्न शिक्षा योजनाओं के फंड रोकने का आरोप लगाते हुए उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की है, जिसमें केन्द्र को 2,291.30 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है। राज्य की द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने केंद्र पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और पीएम श्री के क्रियान्वयन न करने पर समग्र शिक्षा योजना के तहत फंड रोकने का आरोप लगाया गया है। संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर अपनी मूल याचिका में उसने केंद्र सरकार को 2,291.30 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की, जिसमें इस वर्ष एक मई से लेकर डिक्री की प्राप्ति तक 2,151.59 करोड़ रुपये की मूल राशि पर छह फीसदी प्रति वर्ष ब्याज शामिल है।

## सोनिया व राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ने के आसार

### आय से अधिक 142 करोड़ रुपये कमाए, नेशनल हेराल्ड केस की अगली सुनवाई जुलाई में होगी

नई दिल्ली, वार्ता



■ **दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में हुई चौथी सुनवाई, ईडी ने कहा: सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ केस बनता है**

**कांग्रेस नेता सोनिया** गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चौथी सुनवाई हुई।

ईडी ने कोर्ट को बताया कि, पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपये कमाए हैं। ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवम्बर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। ईडी की तरफ से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि, इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई होगी। नेशनल हेराल्ड केस 2012 से चल रहा है, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ शिकायत की थी।

### अमित मालवीय व अर्णब पर दर्ज कराई प्राथमिकी: युवा कांग्रेस

■ **प्राथमिकी बेंगलुरु में दर्ज करवाई गई**

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने कहा है कि संगठन ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बदनाम करने और कांग्रेस पार्टी को तुर्की से जोड़ने की साजिश रचने के मामले में भाजपा नेता अमित मालवीय और पत्रकार अर्णब गोस्वामी के खिलाफ गैरजमानती धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बुधवार को बताया कि संगठन के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और लीगल विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन रूपेश भदौरिया के निर्देश पर यह प्राथमिकी कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में दर्ज करवाई गई है। श्री चिब तथा श्री भदौरिया ने प्राथमिक की दर्ज होने के बाद कहा कि कांग्रेस को बदनाम करने, अशांति फैलाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास लोकतंत्र पर सीधा हमला है और ऐसी स्थिति में युवा संगठन चुप नहीं रह सकता। इस प्राथमिकी से स्पष्ट संदेश है कि पार्टी या उसके नेतृत्व के खिलाफ फर्जी खबरें फैलाने के किसी भी प्रयास का सख्त कानूनी और राजनीतिक जवाब दिया जाएगा। प्राथमिकी में दोनों पर फर्जी खबरें फैलाने, नफ़रत भड़काने और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं और यह रिपोर्ट फर्जी खबर फैलाने वालों के लिए चेतावनी है।

## मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त के बीच होगी शुरू

■ **750 यात्री महादेव के धाम करेंगे दर्शन**

**नई दिल्ली।** पांच साल के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर की यात्रा इस वर्ष जून से अगस्त के बीच उत्तराखंड और सिक्किम दोनों रास्तों से शुरू होने जा रही है और इसमें कुल 750 यात्री महादेव के धाम जा सकेंगे।

विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए विदेश और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बुधवार को यहां इस यात्रा के लिए पंजीकरण कराने वाले यात्रियों के चयन के लिए कम्प्यूटरीकृत ड्रॉ आयोजित किया। लिपुलेख दर्रे से होकर जाने पर 22 दिन और नाथू ला दर्रे से होकर 21 दिन का समय लगेगा। लिपुलेख दर्रे के रास्ते से होने वाली यात्रा में इस वर्ष 50-50 यात्रियों के पांच बैच जाएंगे, जबकि नाथू ला दर्रे से होकर जाने वाली यात्रा में 10 बैच जाएंगे। दोनों मार्ग अब पूरी तरह से मोटर चलाने योग्य हैं। उत्तराखंड के रास्ते से जाने वाले यात्रियों को अब पैदल नहीं चलना पड़ेगा। लिपुलेख दर्रे तक सड़क बन गई है। उन्हें केवल सीमा पार करने के लिए करीब एक किलोमीटर ही चलना होगा। यात्रियों को एसएमएस और ईमेल संदेशों के माध्यम से उनके चयन के बारे में सूचित किया जाता है। यात्री अपने चयन की स्थिति की जांच करने के लिए यात्रा वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 011-23088133 पर भी जानकारी ले सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### खड़गे-राहुल ने बुकर पुरस्कार जीतने पर दी बानो मुश्ताक को बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी सांसद शशि थरूर ने कन्नड़ लेखिका बानु मुश्ताक को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने पर बुधवार को प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि लेखिका ने देश तथा कन्नड़ भाषा का नाम रोशन किया है। खड़गे ने कहा कि भारत को बानू मुश्ताक पर बहुत गर्व है, जिन्होंने लघु कथा संकलन – 'हार्ट लैंप' के लिए प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली कन्नड़ लेखिका बनकर इतिहास रच दिया है। यह उल्लेखनीय साहित्यिक उपलब्धि है, जिसने कन्नड़ और भारत दोनों को वैश्विक स्तर पर सम्मानित किया है।

### करंट लगने से चार मरे, तीन गंभीर

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मरदह क्षेत्र में पूजन समारोह की तैयारी के दौरान करंट लगने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीपनार नरवर गांव निवासी सुरेन्द्र पंथी के यहां काशीदास पूजन के तैयारी के दौरान पांडाल बनाते समय हाई वोल्टेज लाइन से विद्युत तार से बांस के स्पर्श होने से सात लोग झुलस गये। सभी घायलों को मऊ स्थित फातिमा चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने छोटेलाल यादव (35), रविंद्र यादव (29), गोरख यादव (23) और अमन यादव (19) को मृत घोषित कर दिया। सभी मृतक पीपनार नरवर गांव के निवासी है।

### अपराध नियंत्रण पर भाजपा के सभी दावे झूठेः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और अपराध नियंत्रण के भाजपा सरकार के सभी दावे झूठे साबित हो रहे हैं। यादव ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कानून व्यवस्था और अपराध को लेकर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं के साथ हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार की नाकामी से महिला अपराध में यूपी नंबर वन बन गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। गरीबों के साथ अन्याय, अत्याचार की घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। धरातल पर कोई कार्य नहीं हो रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूरः जवानों के पराक्रम को किया सलाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को पुंछ जिले में सेना के जवानों के बीच पहुंच कर उनके शौर्य एवं पराक्रम को सलाम किया और कहा कि धर्म की जीत हुई है और अधर्म ने उनके हथियारों एवं पराक्रम के आगे घुटने टेक दिए हैं। सिन्हा ने लिखा, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना के वीर जवानों के अदम्य साहस व वीरता के लिए उन्हें सलाम। पुंछ में जवानों से बातचीत के दौरान मैंने उनकी अजेय शक्ति को याद किया, जिसने भारत के लिए निर्णायक जीत सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि धर्म की जीत हुई है और अधर्म ने आपके हथियारों एवं पराक्रम के आगे घुटने टेक दिए हैं।

# जय हिंद सभाओं में सरकार से पूछेंगे सवालः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जवानों को करेंगे सलामः रोहित चौधरी

कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी 24 से 31 मई तक देश के कई स्थानों पर जय हिंद सभाएं आयोजित करेगी, जिनमें पहलगाम हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई के दौरान सेना की बहादुरी को सलाम करके खुफिया तंत्र की विफलता को लेकर सरकार से सवाल पूछे जाएंगे।

कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी और विंग कमांडर अनुमा आचार्य ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि 24 से 31 मई तक लोगों के बीच जाकर 'जय हिंद' सभाएं आयोजित की जाएंगी। यह सभाएं दो चरणों में आयोजित होगी, जिसके पहले चरण में 16 शहर चुने गए हैं, जहां जय हिंद' सभाएं की जाएंगी। इन सभाओं के जरिये सैनिकों की वीरता को नमन किया जाएगा। ये सभाएं राज्य और जिला स्तर पर होंगी, जिनमें हमारे सैनिकों की वीरता को नमन किया जाएगा। उन्होंने पहलगाम हमले को सुरक्षा की सबसे बड़ी विफलता और गृह मंत्रालय की नाक. ामी करार देते हुए कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि यह हमला कैसे हुआ और फिर भारत ने इसके खिलाफ कैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि करीब एक महीने से देश काफी मुश्किल दौर से गुजर रहा है, इसलिए कांग्रेस ने यह निर्णय लिया है। इन सभाओं से संवाद स्थापित करके सरकार से सवाल पूछे जाएंगे कि पहलगांव में खुफिया तन्त्र विफल कैसे हुआ। अब तक आतंकवादी अब तक पकड़े क्यों नहीं गए और उन्हें पकड़ने के लिए सरकार क्या योजना बना रही है। सवाल है कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को अचानक क्यों रोका गया और अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कैसे दावा किया कि व्यापार के कारण उन्होंने संघर्ष विराम करवाया।

### मोदी ने सांसदों को विदेश जाने से पहले रोका हताशा में फिर किया शुरू : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता के जोश में पहले परंपराओं को बंद करते रहे, लेकिन जब छवि के धूमिल होने के संकट से घिरे तो फिर सांसद प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने का सिलसिला शुरु कर दिया है। कांग्रेस ने कहा की विदेश में गहरे संपर्क स्थापित करने के लिए 1950 में ही सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजने का सिलसिला शुरू हो गया था, लेकिन मोदी ने सत्ता में आने के बाद जोश दिखाते हुए इस क्रम को बंद किया और अब हताशा में इस क्रम को फिर से शुरू करते हुए सांसदों को विदेश भेज रहे हैं। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि वर्ष 1950 के दशक से, विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों को हर साल अक्टूबर और नवंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में प्रतिनिधिमंडल के रूप में भेजा जाता था। मोदी ने 2014 से इस परंपरा को बंद कर दिया, लेकिन अब जब वे हताश हैं और उनकी छवि वैश्विक स्तर पर धूमिल हो गई है, तो उन्हें अचानक सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों के बारे में सोचना पड़ा।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश, ओले गिरे

**नई दिल्ली, वार्ता**



80 किमी की रफ्तार से हवा चलने से खम्भे और पेड़ उखड़े कई इलाकों की बिजली गुल

दिल्ली- एनसीआर में बुधवार की शाम करीब 7 बजे से अचानक मौसम बदल गया। देर रात तक तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है। कई इलाकों में 80 किमी की रफ्तार से हवा चलने से पेड़ उखड़ गए। बिजली के पोल भी गिर गए, जिसकी वजह से कई इलाकों में बिजली गुल गई। कुछ जगहों पर ओले गिरने की भी खबर है।

दिल्ली के अलावा पश्चिमी उप्र, मध्य प्रदेश समेत 30 राज्यों के कुछ इलाकों में आंधी-बारिश हो रही है। इनमें हरियाणा, असम, मेघालय, गोवा और कर्नाटक के समुद्री इलाके शामिल हैं। गोवा में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश जारी है। साथ ही 60 ाउची की रफ्तार से हवा चल रही है। बीते 24 घंटों में उत्तर गोवा के पेरनेम में 207 उउ से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने दोनों जिलों उत्तर और दक्षिण गोवा में आज आरेंज अलर्ट जारी किया था, फिर दोपहर में इसे बढ़ाकर रेड अलर्ट में बदल दिया गया। राज्य सरकार ने वाटरफाल, जंगल और ट्रैकिंग स्पाट पर एंट्री बैन कर दी है।

विभाग ने गुरुवार के लिए बारिश का आरेंज अलर्ट और इसके बाद 27 मई तक यलो अलर्ट जारी किया है। इंडिगो एयरलाइन ने कहा, श्भारी बारिश के चलते आज गोवा की फ्लाइट्स प्रभावित हो सकती हैं। एयरपोर्ट जाने से पहले फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक करें। वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। हीट वेव और गर्मी से जुड़ी बीमा. रियों के लिए राजधानी लखनऊ के अस्पतालों में कोल्ड वार्ड बनाए गए हैं। हीट वेव मरीजों के लिए 20 बेड रिजर्व हैं, जिसमें 10 इमरजेंसी के लिए हैं। लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से न निकलने की सलाह दी गई है।

# छुट्टियों में वकील काम नहीं करना चाहतेः सीजेआई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- कहाः जज वेकेशन में भी होते हैं, लेकिन पेंडिंग केसों के लिए न्यायपालिका पर ठीकरा फूटता है

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि वकील छुट्टियों के दौरान काम करना नहीं चाहते, लेकिन केसों के बढ़ते बोझ (बैकलॉग) के लिए जजों को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

दरअसल, सीजेआई गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जार्ज मसीह की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। तब एक वकील ने अपनी याचिका की सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि 26 मई से 13 जुलाई तक अदालत आंशिक रूप से काम करती रहेगी। इस दौरान हर हफ्ते 2 से 5 बेंच बैठेंगी। खास बात यह है कि खुद सीजेआई समेत सुप्रीम कोर्ट के पांच जज छुट्टियों में भी केसों की सुनवाई करेंगे, जबकि पहले ऐसा नहीं होता था। पहले केवल दो वैकेशन बेंच होती थीं और सीनियर जज छुट्टियों में कोर्ट नहीं आते थे। छुट्टियों में भी सीजेआई गवई भी कोर्ट आएंगे 26 मई से एक जून तक सीजेआई गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जेके माहेश्वरी मामलों की सुनवाई करेंगे। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों पर रजिस्ट्री बंद रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में 83 हजार केस पेंडिंग, अब तक की सबसे बड़ी संख्या देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट में 82,831 केस पेंडिंग हैं। यह अब तक पेंडिंग केसों की सबसे बड़ी संख्या है। अकेले 27,604 पेंडिंग केस पिछले एक साल के अंदर दर्ज हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में 2024 में 38,995 नए केस दर्ज किए गए।

## संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएंः सीएम

# सभी मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही
- वर्तमान में 1680 बच्चों को आवासीय शिक्षा प्रदान की जा रही

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ अराजक तत्व सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और शिवविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गति. विधियों की ओर ले जाने की को. शिश कर रहे हैं। हमें छात्रों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के बाद ही उनकी अनुमति दी जाए।

बैठक में ये भी जानकारी दी गई कि अब तक प्रदेश में 15 लाख दिव्यांगजन यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें अधिकांश को यूनिक आईडी कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर की जाए, ताकि पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें। अधिक. ारियों ने बैठक में ये भी जानकारी दी कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को 1300 करोड़ रुपए की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को 3000 रुपए प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय अभियान चलाकर ये पता लगाया जाए कि किन पात्र व्यक्तियों को अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है, साथ ही जो अपात्र लाभ ले रहे हैं, उन्हें भी चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पिछले वित्तीय वर्ष में 35,136 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ब्रेल किट्स जैसे सहायक उपकरणों के लिए 28.93 करोड़ की सहायता दी गई है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना के अंतर्गत 270 अत्यंत दिव्यांगजन को दो लाख रुपए तक की मशीनें उपलब्ध कराई गईं। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाभार्थियों तक पूरी तत्परता से पहुंचें, ये सुनिश्चित किया जाए। दिव्यांगजनों को राज्य परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में जानकारी दी गयी कि बीते वित्तीय वर्ष में 31 लाख से अधिक दिव्यांगजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मान. सिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों और 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययन कर रहे बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पदों को भरा जाए और जब तक रेगुलर नियुक्ति न हो तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि ये योजना तभी प्रभावी हो सकती है, जब नवजात स्तर से ही उपचार प्रारम्भ हो। उन्होंने निर्देश दिए कि हाल ही में योजना से लाभान्वित 214 बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का फालोअप करते हुए उनके परिवारों से संवाद स्थापित किया जाए।

### यूपी के मदरसों में अब मैथ, साइंस भी जरूरी

योगी सरकार के मंत्री दानिश ने दी जानकारी

**लखनऊ।** यूपी के मदरसों में अब बच्चे मैथ, साइंस और कम्प्यूटर की शिक्षा भी ग्रहण करेंगे। यह जानकारी योगी सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने दी। उन्होंने कहा कि मदरसे में पढ़ने वाला बच्चा दीन और इस्लाम की बेहतर तालीम के साथ अन्य चीज भी जाने इसको लेकर हमारी कोशिश है, दीनी तालीम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को भी हम उन्हें दें। इन तमाम विषयों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कुछ दिनों पहले बैठक ली। उन्होंने कहा कि बेहतर करिकुलम के साथ अब मदरसे की शिक्षा को हम डिजाइन करने जा रहे हैं। दानिश ने कहा कि मदरसे में एनसीईआरटी के कोर्स को जोड़ने जा रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि दीनी तालीम के साथ कहीं कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, पर उसके साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को भी जोड़ेंगे, स्पोर्ट्स एक्टिविटी को जोड़ेंगे। इसमें कंप्यूटर लैब, साइंस लैब डेवलप करेंगे। मदरसे में स्किल डेवलपमेंट सेंटर को बढ़ावा देंगे। मदरसे में कैरियर गाइडेंस के लिए करियर काउंसिल प्रोग्राम लगाएंगे। यहां पढ़ने वाली बच्चियों के लिए बेहतर भविष्य से कैसे उनको कनेक्ट किया जाए, इसको लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा की हम एक विशेष करिकुलम, एक नीति बनाने जा रहे हैं। सीएम ने इसको लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मदरसा शिक्षा को बेहतर और बेहतरीन बनाना है।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली की बदौलत गिरावट से उबरा बाजार

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरकर बुधवार को शेयर बाजार आधे प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 410.19 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,596.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 24813.45 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.90 प्रतिशत उछलकर 44,786.03 अंक और स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत मजबूत होकर 51,200.19 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2291 में तेजी जबकि 1685 में गिरावट रही, वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2941 कंपनियों के शेयरों में से 1753 में लिवाली जबकि 1095 में बिकवाली हुई, वहीं 93 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.64 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.29, सीडी 0.66, ऊर्जा 0.27, एफएमसीजी 0.29, वित्तीय सेवाएं 0.67, हेल्थकेयर 0.93, इंडस्ट्रियल्स 1.35, आईटी 0.59, दूरसंचार 1.24, यूटिलिटीज 0.37, ऑटो 0.73, बैंकिंग 0.27, कैपिटल गुड्स 1.65, धातु 0.46, तेल एवं गैस 0.53, पावर 0.78, रियल्टी 1.58, टेक 0.81, सर्विसेज 0.50 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.66 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0.61 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 0.62 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.21 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 141 अंक की तेजी के साथ 81,327.61 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 81,327.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### बारामूला भारी मात्रा में जब्त प्रतिबंधित पदार्थ नष्ट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की बारामुला पुलिस ने बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में करोड़ों रुपये मूल्य के प्रतिबंधित पदार्थ और नशीली दवाओं को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी बारामुला ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 52ए के तहत भारी मात्रा में जब्त नशीली दवाओं और मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि उरी, क्रेरी, शीरी, बारामूला, बोनियार और पट्टन पुलिस स्टेशनों के 33 मामलों में जब्त प्रतिबंधित पदार्थों को नष्ट कर दिया गया। नष्ट किए गए पदार्थों में 1.270 किलोग्राम हेरोइन, 1.703 किलोग्राम चरस, 13 किलोग्राम पोस्ता भूसा, 20.121 किलोग्राम गांजा, अल्प्राजोलम 0.5 मिलीग्राम 340 गोलियां शामिल है।

## अर्थ व्यापार

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहनः** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 25 रिंगिट की गिरावट के साथ 3895 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट चढ़कर 50.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहेः- दाल-दलहनः चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14652 रुपये, पाम ऑयल 14066 रुपये और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बानू मुश्ताक....** अनुभव के ताने-बाने में हर धागा मायने रखता है। ऐसी दुनिया में जो अक्सर हमें बांटने करने की कोशिश करती है, साहित्य उन खोई हुई पवित्र जगहों में से एक है, जहां हम एक-दूसरे के दिमाग में रह सकते हैं, भले ही कुछ पन्नों के लिए ही क्यों न हो। 5 किताबें, जो बुकर प्राइज की रेस में थी- ऑन द कैलकुलेशन ऑफ वॉल्यूम, लेखक- सोलवेज बैले, ट्रांसलेटर- डेनिश से बारबरा जे. हैवलैंड, स्मॉल बोट, लेखक- विंसेंट डेलेक्रोइक्स, ट्रांसलेटर- हेलेन स्टीवेंसन, अंडर द आई ऑफ द बिग बर्ड, लेखक- हिरोमी कावाकॉमी, ट्रांसलेटर- आसा योनेडा, परफेक्शन, लेखक- व्रिन्सेन्जो लैट्रोनिको, ट्रांसलेटर- सोफी ह्यूजेस, ए लेपर्ड-स्किन हैट, लेखक- ऐनी सेरे, ट्रांसलेटर- मार्क हचिंसन। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। इससे पहले 2022 में भारत की राइटर गीतांजलि श्री ने उपन्यास टाम्ब ऑफ सैंड के लिए प्रतिष्ठित बुकर प्राइज जीता था। टाम्ब ऑफ सैंड बुकर जीतने वाली हिंदी की पहली किताब थी। इसका अंग्रेजी अनुवाद डेजी राकवेल ने किया है। गीतांजलि श्री का उपन्यास हिंदी में 'रेत समाधि' नाम से पब्लिश हुआ था। गीतांजलि श्री का उपन्यास दुनिया की उन 13 पुस्तकों में शामिल था, जिन्हें पुरस्कार की लिस्ट में शामिल किया गया था। पुरस्कार की घोषणा 7 अप्रैल 2022 में लंदन बुक फेयर में की गई थी।

**छत्तीसगढ़ में ...** जवान घायल भी हुए है। घायल जवानों को तत्काल मेडिकल हेल्प प्रदान की गई है। घायल जवानों की स्थिति खतरें से बाहर है। बस्तर आईजी ने इस घटना में माओवादी संगठन के कई बड़े लीडरों के मारे जाने और घायल होने की भी आशंका जताई हैं। बताया गया कि अभी भी उक्त इलाके में जवानों के द्वारा सर्च ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ स्थल पर नक्सलियों के शीर्ष कमांडरों को भी सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। इनमें नक्सली लीडर रुपेश और विकल्प के भी फंसे होने की जानकारी सामने आई है। इन दोनों पर सुरक्षा एजेंसियों को लंबे समय से नजर थी और अगर इनकी गिरफ्तारी या मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि होती है तो यह नक्सल विरोधी अभियान में यह एक बड़ी कामयाबी होगी। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाघ तथा कोंडागांव जिले के स्थानीय जिला रिजर्व पुलिस के जवान इन चारों जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में लगातार नक्सलियों से मुठभेड़ जारी है। जिला रिजर्व पुलिस के जवान स्थानीय होने के कारण में इलाके के भौगोलिक स्थिति से परिचित है। सूत्रों के अनुसार अबुझमाड़ क्षेत्र में एक करोड़ का इनामी नक्सली नेता जनरल सेकेटी डुबाला केशव राव उर्फ राजू समेत तीस से अधिक नक्सली मारे जाने की खबर है।

### आतंकवाद हमारे लिए केवल वार्ता का विषय नहींः रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि आतंकवाद के कारण किसी एक व्यक्ति की भी जान गंवाना अब भारत को मंजूर नहीं है, इसलिए आतंकवाद हमारे लिए अब केवल वार्ता का विषय नहीं रह गया है। श्रीमती गुप्ता ने बुधवार को यहां तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि देश की सेवा, रक्षा और एकजुटता के लिए हमेशा हमारा खालसा पंथ आगे रहा है और आज यह तिरंगा यात्रा यही संदेश लेकर आया है कि देश का हर एक व्यक्ति इस मातृभूमि के लिए मर मिटने के लिए तैयार है और वह देश की सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदेश पर एक एक व्यक्ति सरहद पर खड़ा होने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ उचित निर्णय लिया है और विश्व के पटल पर भारत का संदेश जाना आवश्यक है कि भारत एकजुट और एकमत है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद हमारे लिए केवल वार्ता का विषय नहीं है। हमारे देश के एक भी व्यक्ति की जान आतंकवाद की वजह से यह हमारी सरकार मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा रैली हमारे वीर जवानों की साहसिक गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करने का प्रतीक है। यह भारतीय सेना की गौरवपूर्ण उपलब्धि हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है।

### यूपी में 14 आईएएस इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चार जिलाधिकारियों समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 14 अधिक. ारियों का तबादला कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार को मौजूदा दायित्व के साथ साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि हरदोई के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को बलिया का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं बलिया के मौजूदा डीएम बलिया प्रवीण कुमार लक्षकार को संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम (शहरी) के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जिलाधिकारी महाराजग. ंज अनुनय झा को हरदोई का नया डीएम बनाया गया है, जबकि अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संतोष कुमार शर्मा अब महाराजगंज के नए जिलाधिकारी होंगे। सिद्धार्थ नगर के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जयेंद्र कुमार को अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और नगर आयुक्त अयोध्या के पद पर स्थानांतरित किया गया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गोरखपुर मृणाली अविनाश जोशी को सीडीओ सिद्धार्थ नगर के पद पर तैनात किया गया है। संस्कृति विभाग में विशेष सचिव रविन्द्र कुमार-1 को कृषि विभाग में इसी पद पर भेजा गया है। संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम ज्ञानेन्द्र सिंह को डीएम पीलीभीत बनाया गया है। संजय कुमार सिंह को संस्कृति विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण अपूर्वा दुबे को निदेशक राज्य नगरीय विकास प्राधिकरण (सूडा) बनाया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डेयरियों को मिलेगी सुविधाएं, गोशालाओं का होगा विस्तारः सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी की डेयरी कॉलोनियों में सुविधाएं देने और गौ-वंश के प्रबंधन पर विशेष ध्यान देगी। इसके तहत अधिकृत डेरियों में पानी की व्यवस्था, नालियों की सफाई, सीवेज की समुचित व्यवस्था की जाएगी और बायो गैस प्लांट भी बनाए जाएंगे। इसके अलावा गौशालाओं का विस्तार किया जाएगा और नई गौशालाएँ बनाई जाएंगी। सरकार यह भी सुनिश्चित करेगा कि कोई भी गाय या पशु सड़कों पर ना घूमे और सभी को सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण में रखा जा सके। इस मसले को लेकर आज दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री श्रेखा गुप्ता ने सभी डेरियों के प्रतिनिधियों, गौशाला संचालकों , एमसीडी और पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में दिल्ली सरकार के विकास मंत्री कपिल मिश्रा भी मौजूद थे। बैठक में राजधानी की डेयरी कॉलोनियों की समस्याओं का समाधान और आवारा पशुओं के प्रबंधन पर चर्चा और उनके त्वरित समाधान पर बल दिया गया। दिल्ली में सड़कों पर आवारा घूम रही गायों की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्थिति पूर्ववर्ती सरकार की वर्षों की लापरवाही और झूठे वादों का परिणाम है। इस अवसर पर दिल्ली स्थित डेरियो के प्रति. निधियों ने अपनी व्यथा सुनाई एवं अपनी परेशानियों को मुख्यमंत्री के सामने रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए दिल्ली सरकार ठोस और प्रभावी समाधान निश्चित करेगी। हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि जिन पशुओं को सड़कों से हटाकर गौशालाओं में भेजा गया है, उनकी देखभाल में कोई कोताही न बरती जाए। इसके अतिरिक्त पशुओ के लिए साफ-सफाई, चारा, चिकित्सा और शरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी सभी ठोस कदम उठाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने जनता के साथ धोखा किया और केवल झूठे वादे किए। आज जब दिल्ली की सभी डेरियों के प्रतिनिधि यहाँ मौजूद हैं, तो यह स्पष्ट हो गया है कि अधिकृत डेरियों की हालत बेहद खराब है, जहां हजारों गोवंश की सेवा के लिए उन्हें रखा गया है। बैठक में डेयरी संचालकों ने अपनी समस्याए साझा की और बताया कि डेयरियों में पानी की गंभीर समस्या है, वहां सफाई आदि का बुरा हाल, सीवर सिस्टम बेहद खराब और गोबर के प्रबंधन के लिए बनाए गए बायो -गैस प्लांट चल नहीं रहे हैं या हैं ही नहीं।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इस वर्तमान स्थिति को देखते हुए अब हमारी सरकार इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए ठोस कार्ययोजना पर काम करेगी।

उन्होंने कहा कि आज की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी अधिकृत डेरियों को बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जाएगा, पीने के पानी, नालियों, सफाई और सीवेज की समुचित व्यवस्था की जाएगी, गौशालाओं का विस्तार किया जाएगा और नई गौशालाएँ बनाई जाएंगी। इसे साथ ही डेरी संचालकों से लगातार संवाद कर योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। इस कार्ययोजना की निगरानी विकास मंत्री श्री कपिल मिश्रा करेंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी गाय या पशु सड़कों पर ना घूमे और सभी को सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल वातावरण में रखा जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि गौमाता सड़कों पर न घूमे, बल्कि उन्हें उचित स्थान और सेवा मिले।

बैठक के बाद विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि पिछली सरकारों ने वर्षों तक दिल्ली के पशुपालकों और गोवंश के साथ अन्याय किया। उनकी कार्यशैली केवल झूठे वादे, कागजी योजनाएं और जमीनी हकीकत से कोसों दूर नीतियों तक सीमित रही। आज जिन डेरियों में हजारों गोवंश हैं, वहां न पानी है, न सफाई, न सीवेज, न सुरक्षा। अब डेरियों को बुनियादी सुविधाएँ मिलेंगी, गौशालाओं का विस्तार होगा, और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि एक भी गाय सड़कों पर बेसहारा न दिखे। उन्होंने जानकारी दी कि घुम्मनहेड़ा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त श्मॉडल गौशालाश स्थापित करने के लिए ४० करोड़ का बजट आवंटित किया गया है।



दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता डेरियों के प्रतिनिधियों, गोशाला संचालकों, एमसीडी और पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा करते हुए।

# 85 साल बाद दिखा दिल्ली में भूरे रंग का भारतीय भेड़िया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पल्ला गांव के पास दुर्लभ भूरे रंग के भारतीय भेड़िया देखा गया है। यमुना जैव विविधता पार्क के अधिकारी का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह भारतीय भेड़िया ही लग रहा है। वन्य जीव प्रेमी इस भेड़िया का फोटो लेने में सफल रहा। विशेषज्ञ बता रहे हैं कि भूरे रंग का भारतीय भेड़िया ८५ साल बाद राजधानी क्षेत्र में नजर आया है। वन्य जीव प्रेमी यमुना के आसपास भेड़िए के दिखने की घटना अच्छा-सुखद और दुर्लभ घटना मान रहे हैं। वन्य जीव विभाग क्षेत्र में भेड़िए की उपस्थिति की पुष्टि नहीं कर रहा है।

उत्तरी जिले के पल्ला गांव पल्ला के पास मैदानी क्षेत्र में अकेला भारतीय भूरे रंग का भेड़िया देखा गया। यह वह क्षेत्र है, जहां यमुना नदी दिल्ली में प्रवेश करती है। यह भेड़िया पिछले सप्ताह बृहस्पतिवार सुबह वन्य जीव प्रेमी छायाकार हेमंत गर्ग ने देखा। गर्ग ने बताया कि गहरे भूरे रंग का था और लावारिस कुत्ते से अलग एक खास अंदाज में चलता था। जब करीब गया और तस्वीरें लेने लगा तो वह ऊंची घासों में गायब हो गया। उसके गहरे भूरे रंग के बाल थे, जो एक सामान्य कुत्ते से मेल नहीं खाते थे।इसके बाद हेमंत गर्ग ने भेड़िए की फोटो वन्यजीव विशेषज्ञों के साथ साझा किया गया। कई विशेषज्ञों ने भूरे रंग के भारतीय भेड़िए के समान विशेषताएं बताई। यह एक ऐसी प्रजाति जिसे दशकों से दिल्ली में आधिकारिक तौर पर दर्ज नहीं किया गया है।

एक अन्य वन्य शोधकर्ता का कहना है कि फोटो में यह भेड़िया जैसा दिखता है, लेकिन अभी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता है। एक अन्य विशेषज्ञ का अनुमान है कि भेड़िया उत्तर प्रदेश या राजस्थान से नदी के किनारे आया हो। डीडीए यमुना जैव विविधता पार्क प्रभारी व वरिष्ठ विज्ञानी फैयाज खुदसर का कहना है कि फोटो में यह पूर्ण रूप से भेड़िया नजर आ रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि यह भेड़िया है या फिर हाईब्रिड नस्ल है। भेड़िया का यहां दिखना यह दर्शाता है कि नदी वन्य जीवों के लिए एक कॉरिडोर की तरह काम करती है।

## एक नजर

### पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** विवादों में घिरी ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अग्रिम जमानत दी। जस्टिस बी वी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने पूजा को जांच में सहयोग करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पूजा ने कौन सा बड़ा अपराध कर दिया। वह कोई ड्रग माफिया या आतंकवादी नहीं है। उन पर हत्या (धारा ३०२) का आरोप नहीं है। कोर्ट ने आगे कहा- आपके पास कोई सिस्टम या सॉफ्टवेयर होना चाहिए, जिससे इस तरह की जांच समय पर हो। उसने सब कुछ खो दिया है, अब कहीं नौकरी नहीं मिलेगी।जस्टिस नागरत्ना ने कहा- इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने पहले ही जमानत देनी चाहिए थी। दिल्ली पुलिस के वकील ने जमानत का विरोध किया। कहा कि पूजा जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं।पूजा खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा पास करने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और दिव्यांगता कोटे से आरक्षण लेने के लिए धोखाधड़ी करने का आरोप है।

### इंडिया फर्स्ट लाइफ का दूसरी छमाही में बेहतर प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस (इंडियाफर्स्ट लाइफ) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत भले ही एक बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में की थी लेकिन समापन मजबूत प्रदर्शन से की। यह उसकी विपरीत परिस्थितियों का सामना करके उनसे उबरने की मजबूत क्षमता को दर्शाता है। कंपनी के नतीजों पर टिप्पणी करते हुए इंडियाफर्स्ट लाइफ के एमडी और सीईओ रुषभ गांधी ने कहा, वित्तीय वर्ष 2025 हमारा अनुशासन पर आधारित क्रियान्वयन, दक्षता, और ग्राहक को ससबसे पहले रखने के नजरिए का मजबूत प्रमाण है। हमारी सोच में नवाचार है। इसी के चलते हम एक प्रमुख बैंकएश्योरर से मल्टी-चौनल वितरण संगठन के रुप में बदल सके।

### हर दिन शूट पर जाने की खुशी होती है: सुप्रिया शुक्ला



**नई दिल्ली।** टीवी की सबसे चहेती माँ सुप्रिया शुक्ला एक बार फिर छोटे पर्दे पर लौटने को तैयार हैं। इस बार एक मजेदार ट्विस्ट के साथ! सोनी सब के आने वाले फैमिली रोम-कॉम शो 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' में सुप्रिया निभा रही हैं इंद्राणी की भूमिका युग की तेजतर्रार और कई भावनात्मक परतों से भरी मां। यह कोई पारंपरिक सास-बहू ड्रामा नहीं है, बल्कि एक ताजगीभरे अंदाज में कहानी को प्रस्तुत करता है, जो सुप्रिया को कुछ नया और अलग करने का अवसर देता है। शो का हिस्सा बनने को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए सुप्रिया ने कहा, ष्इंद्राणी एक बेहद दिलचस्प किरदार है वो भावनाओं, परतों और चौंकाने वाले पहलुओं से भरी हुई है। हर सीन के साथ मैं इंद्राणी के नए रंग खोज रही हूं। इसमें ताकत भी है और कोमलता भी दोनों का सुंदर मेल है। मैं धीरे-धीरे इस किरदार की दुनिया में खुद को ज्यादा आत्मविश्वास और समझदारी के साथ ढाल रही हूं।

### व्हिसपर्स ऑफ द हार्ट कला प्रदर्शनी 23 से



**नई दिल्ली।** कासवी जैन की पहली सोलो ष्व्हिसपर्स ऑफ द हार्ट नामक कला प्रदर्शनी का आयोजन, २३ से २९ मई २०२५ तक ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसाइटी नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है, प्रदर्शनी का उद्घाटन पदमश्री, बिमान बिहारी दास, अध्यक्ष आईफैक्स आर्ट गैलरी और परमजीत सिंह फॉर्मर प्रिंसिपल कोलज ऑफ आर्ट के द्वारा किया जाएगा। कलाकार कासवी जैन ने बताया की उनकी यात्रा सहज या सीधी नहीं रही है। अलग-थलग समझी जाने वाली कासवी को संदेह, और पूर्वाग्रह के भारी बोझ का सामना करना पड़ा। टेक्सटाइल डिजाइन में स्नातक, वह बनावट और कपड़ों के साथ काम करने की आदी थीं। लेकिन लॉकडाउन की शांति ने उन्हें कुछ और गहराई की ओर धकेल दिया। मेरे परिवार और दोस्तों ने मेरे इस प्रयास को विश्वास के साथ समर्थन दिया। कासवी जैन सिर्फ तस्वीरें नहीं बना रही हैं - वह बदलाव को चित्रित कर रही हैं। उनकी आवाज, जो कभी संदेह से दब गई थी।

### मां के सम्मान में शहीद परिवारों ने शुरू की राष्ट्रीय रक्तदाता रजिस्ट्री

**नई दिल्ली।** मातृत्व और सैन्य बलिदान को समर्पित एक भावनात्मक पहल के तहत, वीरनारी शक्ति रिसेटलमेंट फाउंडेशन ने ष्वीर रक्तष नाम से एक राष्ट्रीय रक्तदाता कोष की शुरुआत की है। इस पहल का नेतृत्व देश की ७ लाख वीर नारियों और उनके लगभग १५ लाख बच्चों द्वारा किया जा रहा है, जो भारत के ग्रामीण कोनों में बसे हैं वहीं गाँव, जहाँ से देश को उसके सबसे वीर सपूत मिलते हैं। यह कोई एकदिनी रक्तदान शिविर नहीं, बल्कि लगातार चलने वाली एक संगठित राष्ट्रीय रक्तदाता रजिस्ट्री है। जो उन शहीद परिवारों की ओर से है, जिन्होंने पहले ही सब कुछ देश को समर्पित कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर (पहल्गाम आतंकी हमले) के बाद यह पहल शुरू की गई है। ताकि लोगों का ध्यान इन बलिदानी परिवारों की ओर खिंचे, जो अक्सर राष्ट्रीय पर्वों या बड़े हादसों पर ही याद किए जाते हैं। पहल्गाम आतंकी हमले में वीरगति को प्राप्त जवानों की विधवाएँ, जैसे कि अरुणाचल प्रदेश की वीरनारी चारो कठुआ और हरियाणा की वीरनारी हिमांशी, को भी घटना के ५ घंटे के भीतर मानसिक संबल और सरकारी प्रक्रिया में सहायता प्रदान की गई।

### जल निकाय पर अतिक्रमण को लेकर याचिका

**नई दिल्ली।** नरेला स्थित जल निकाय पर अतिक्रमण को लेकर कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। इस मामले से जुड़ी एक याचिका राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को मिली है। याचिकाकर्ता राम चंद्र भारद्वाज ने अपनी याचिका में कहा कि नरेला के सेक्शन ए-१० में ८४ बीघा क्षेत्रफल में फैला एक ऐतिहासिक जल निकाय है। आवेदक की दलील है कि इस जल निकाय का निर्माण चांद नामक राजा ने करवाया था और इसका उपयोग जल में खेल खेलने के लिए किया जाता था। १९ मई को मामले की सुनवाई करते हुए एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि याचिका में पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया है।

# ड्रग्स तस्करी में शामिल आरोपी गुजरात से पकड़ा

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ड्रग तस्करी के मामले में वांछित २५ हजार रुपये के इनामी बाजिद खान को गुजरात से गिरफ्तार किया है। वह बीते फरवरी महीने में एक ड्रग्स तस्करी की वारदात में घोषित अपराधी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि २१ मई २०२३ को अपराध शाखा ने इमरान खान उर्फ साहिल को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से २६९ ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया गया था। पूछताछ करने पर इमरान ने बाजिद खान का नाम बताया था। आरोपी बाजिद खान फरार था और जानबूझकर अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। बीते फरवरी महीने में कोर्ट ने उसको भगौड़ा घोषित करके २५ हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। हेड कांस्टेबल मनोज कुमार की एक पुख्ता जानकारी के बाद एसीपी पंकज अरोड़ा की

देखदेख में इंस्पेक्टर वीर सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर और बेहराइच में कई ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन वह वहां नहीं मिला। अंत में, उसका लो. केंशन गुजरात में मिली। जिसको मोरबी, गुजरात से गिरफ्तार कर लिया। वह पेशे से ड्राइवर है और मादक पदार्थ तस्करी की गतिविधियों में भी शामिल है, लेकिन पहली बार गिरफ्तार किया गया।

# सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को टिप्पणीकार अभिजीत अय्यर मित्रा को मीडिया हाउस न्यूजलॉन्ड्री की नौ महिला पत्रकारों के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक और अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए फटकार लगाई। अदालत ने उन्हें पांच घंटे के भीतर पोस्ट हटाने का निर्देश दिया है।

अदालत ने न्यूजलॉन्ड्री के साथ काम करने वाली नौ महिला पत्रकारों की याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने मित्रा के वकील से कहा, ष्सभ्य समाज में ऐसी भाषा और शब्दों की अनुमति नहीं है। पहले आप पोस्ट हटाइए, फिर हम आपकी बात सुनेंगे। अभिजीत अय्यर मित्रा के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था।

# ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को सम्मान देने को निकाली गई 'खालसा तिरंगा यात्रा'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली आज एक ऐतिहा. सिक और भावनात्मक क्षण की साक्षी बनी, जब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अगुवाई में श्ऑपरेशन सिंदूरश के वीर सैनिकों को सम्मानित करने हेतु एक भव्य श्खालसा तिरंगा यात्राश का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के हजारों सिख युवाओं, सिख संगठनों, समुदायों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह बाइक यात्रा तालकटोरा स्टेडियम से प्रारंभ होकर कर्तव्य पथ स्थित इंडिया गेट युद्ध स्मारक तक पहुंची। पूरे मार्ग में प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के नारे लगाते रहे, जिससे वातावरण राष्ट्रप्रेम और एकजुटता की भावना से सराबोर हो गया। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति ने इस यात्रा में भाग ले रहे युवाओं के जोश और उत्साह को और भी अधिक बढ़ाया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि, "आज की तिरंगा यात्रा केवल एक रैली नहीं, बल्कि उन वीर सैनिकों के सम्मान में देश की ओर से एक दृढ़ संदेश है, जिन्होंने हमारी सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। यह दृश्य अपने आप में ऐतिहासिक है, जहां सभी लोग तिरंगे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। यह यात्रा हमारी एकता, संकल्प और देशभक्ति का प्रतीक है। अब समय आ गया है कि पूरा देश एकजुट होकर एक स्वर में बोले ख्र आतंकवाद अब सिर्फ चर्चा का विषय नहीं रह गया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व करते हुए कहा,कि "आज राजधानी के हजारों की संख्या में सिख समुदाय के युवक गर्व के साथ दिल्ली की सड़कों पर तिरंगा लेकर हमारी सेना, नौसेना और वायुसेना के साहस को नमन करने के लिए निकले हैं। जिस प्रकार से नरेंद्र मोदी की सरकार ने राजौरी के गुरुद्वारे पर हुए हमले का बदला पाकिस्तान में घुस कर लिया है, इसके कारण समस्त सिख समुदाय आज भारतीय सेना को सम्मान देने के लिए तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। हम उन सैनिकों को सलाम करते हैं जिन्होंने सैकड़ों किलोमीटर दूर दुश्मन के क्षेत्र में जाकर आतंकवादियों का सफाया किया। उन माताओं को भी हजारों बार नमन जिन्होंने ऐसे वीर सपूतों को जन्म दिया।"इंडिया गेट युद्ध स्मारक पर तिरंगा रैली का समापन हुआ जहां राष्ट्र के शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# हत्या व लूट में शामिल बदमाश यूपी से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अशोक विहार इलाके में कारोबारी को गोली मारकर हत्या व लूटपाट की वारदात में शामिल वांछित हापुड़ यूपी के रहने वाले मनोज उर्फ रॉकी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरा. पी मनोज बार-बार अपना घर बदल रहा था। अशोक विहार वारदात में उसने अपने सहयोगी फैयाज उर्फ एलन को हथियार मुहैया कराया था। वारदात के बाद, उसने अपना फोन बंद कर दिया और किसी अज्ञात व्यक्ति के नाम से पंजीकृत दूसरे सिम का उपयोग करना शुरू कर दिया। इससे पहले उसे द्वारका उत्तर पुलिस ने लूट व हत्या की वारदात में गिरफ्तार किया था, जिसमें वह वर्ष २०२२ से कोर्ट बेल पर था। एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर कश्मीरी लाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एसआई लायक अली की एक पुख्ता जानक. ारी के बाद आरोपी को गाजियाबाद स्थित उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि बीते २६ फरवरी को अशोक विहार इलाके में एक बैग में नकदी लेकर जा रहे पीडिघ्त को गोली मारकर साढ़े १६ लाख रुपये लूट लिये थे। जांच के दौरान स्थानीय पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जिसमें घटनास्थल पर ६-७ संदिग्ध मौजूद पाए गए और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और जांच के दौरान इस आरोपी रॉकी का नाम सामने आया क्योंकि उसने आरोपी फैयाज उर्फ एलन को हथियार मुहैया कराया था।

# मौसम विभाग कर रहा क्लाउड सीडिंग तकनीक पर काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव मौसम चक्र को प्रभावित करने के साथ ही बारिश के पैटर्न को भी बदल रहे हैं। मात्रा के लिहाज से भले ही अभी भी पूरे साल और मानसून के दौरान सामान्य बारिश हो रही हो, लेकिन इसका वितरण असमान हो गया है।

कहीं बारिश बहुत ज्यादा हो रही है, तो कहीं बहुत कम। इसके अलावा, भूजल स्तर में कोई सुधार नहीं हो रहा। कृषि क्षेत्र के लिए भी समस्या खड़ी हो गई है। भविष्य में इस समस्या के गंभीर होने की आशंका को देखते हुए मौसम विभाग क्लाउड सीडिंग तकनीक पर काम करने की तैयारी कर रहा है। इससे निपटने के लिए मौसम विभाग की शोध शाखा भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे में क्लाउड चौंबर स्थापित कर रही है। इस चौंबर में बादलों पर शोध किया जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बादलों का आधार आमतौर पर धरती की सतह से एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर होता है। लेकिन, उनकी ऊंचाई १२ से १३ किलोमीटर तक हो सकती है। अब देश को ऊंचाई में होने वाले बदलावों के लिए तैयार किया जाएगा।

इसमें नमी, हवा की गति और तापमान का आकलन शामिल होगा। बादलों का घनत्व कम करने के लिए उन इलाकों की ओर अधिक बारिश वाले बादलों को भेजने की कोशिश की जाएगी, जहां बारिश कम होती है। साल दर साल बारिश का पैटर्न बदल रहा है।

# गुजरात से मादक पदार्थ तस्करी के मामले में पच्चीस हजार का इनामी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गुजरात से मादक पदार्थ तस्करी के मामले में वांछित पच्चीस हजार इनामी को गिरफ्तार किया है।

ख दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि २१ मई.२०२३ को इमरान खान उर्फ घ्साहिल नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था जो मादक पदार्थ तस्करी की गति. विधियों में लिप्त पाया गया और पुलिस ने उसके पास से २६९ ग्राम प्रति. बंधित पदार्थ बरामद किया था।। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पूछताछ के दौरान, उसने कथित प्रतिबंधित पदार्थ के स्रोत का नाम बाजिद खान (२४) बताया।इसके बाद उसे फरवरी २०२५ के महीने में कोर्ट द्वारा पीओ घोषित किया गया था। इसके अलावा उसकी गिरफ्तारी पर दिल्ली पुलिस द्वारा पच्चीस हजार रुपये का नकद इनाम भी घोषित किया गया था।इसके बाद हेड कांस्टेबल मनोज कुमार द्वारा उपरोक्त पीओ के बारे में कुछ जानकारी प्राप्त होने पर एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर वीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने वांछित अपराधी बाजिद खान से जुड़े होने के संदिग्ध मोबाइल नंबर प्राप्त करने में सफल रही।इसके बाद सीडीआर/आईपीडीआर विश्लेषण के आधार पर टीम ने १८.मई को मोरबी, गुजरात से आरोपी बाजिद खान को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि आरोपी बाजिद खान पेशे से ड्राइवर है और मादक पदार्थों की तस्करी की गतिविधियों में भी शामिल है, लेकिन पहली बार गिरफ्तार किया गया है।

# ट्रक चालक से चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बवाना थाना क्षेत्र में एक ट्रक चालक से चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से पुलिस ने लूट की रकम भी बरामद कर ली है। दोनों आरोपितों की पहचान कलाम और मोहम्मद निजाम के रूप में हुई है। दोनों पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

बाहरी-उत्तरी जिला के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि २० मई को बवाना थाना पुलिस को एक पीसीआर काल प्राप्त हुई थी। पीड़ित चालक बलराम ने पुलिस को बताया कि दो लड़कों ने चाकू दिखाकर उनसे छह हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि जब वह रात नौ बजे सेक्टर-१ बवाना में साईं धर्म कांटा के पास पहुंचा, तो उसने अपना ट्रक सड़क के किनारे खड़ा कर कुछ खाने का सामान खरीदने के लिए पास की एक दुकान पर चला गया। तभी दो लड़के पीछे से आए और उनमें से एक लड़के ने उसे पीछे से पकड़ लिया और दूसरे लड़के ने उसे चाकू दिखाया। जबरन उनसे छह हजार रुपये लूट लिए। इसके बाद दोनों लड़के फरार हो गए। उसने उन्हें पकड़ने की कोशिश की लेकिन पकड़ नहीं सका। पुलिस ने पीड़ित बलराम के बयान के आधार पर आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की धारा-३०९(४) ३११ व ३(५) के तहत मामला दर्ज कर आरोपितों को पकड़ने के लिए एसएचओ बवाना रजनीकांत के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई।

# 'आप' विधायकों से वरिष्ठ नेता ने की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और नेता प्रतिपक्ष आतिशी से पार्टी के सभी विधायकों से मुलाकात की। इस दौरान दिल्ली के मौजूदा हालात पर चर्चा हुई। इस मुलाकात का उद्देश्य बीते तीन महीने के दौरान भाजपा की चार इंजन वाली दिल्ली सरकार द्वारा ठप किए गए जनहित के कार्यों और भाजपा द्वारा किए गए वादों पर खरा ना उतरने पर चर्चा हुई। सबसे पहले एक-एक विधायक से अपने क्षेत्र में ठप हुए विकास कार्यों और जनता की समस्याओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि आप सभी से मिले काफी दिन हो गए थे। आज सबसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। आगे भी इसी तरह से नियमित रूप से मुलाकात होती रहेगी।

विधायकों से जन समस्याएं सुनने के उपरांत मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने झूठे वादे कर दिल्ली की जनता को ठगा है। भाजपा ने तीन महीने में अपने किसी भी वादे पर खरा नहीं उतरी है। इसलिए जनता की परेशानियां और दुश्वारियां बढ़ रही है। ऐसे में, भाजपा के कुशासन की वजह से आम आदमी पार्टी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि हम दिल्ली की जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहें और बिजली, पानी, सीवर समेत बुनियादी समस्याओं को मजबूती से उठाएं। उन्होंने विधायकों से कहा कि सभी लोग अपने क्षेत्र की जनता के हमेशा संपर्क में रहें। उनकी समस्याएं सुने और उनका समाधान कराएं। जनता को भरोसा दिलाएं कि आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर होकर भी उनके हक की लड़ाई के लिए उनके साथ खड़ी है। उनकी हर समस्या का समाधान कराएगी और सदन से लेकर सड़क पर दिल्ली की जनता की आवाज बनेगी।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में पानी की समस्या को लेकर 'आप'' विधायकों का प्रतिनिधि मंडल जल्द सीएम रेखा गुप्ता से मिलेगा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि चार इंजन वाली भाजपा सरकार से जनता परेशान, केजरीवाल सरकार को याद कर रही है।

# अत्याधुनिक लैब जांच की सुविधा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एशियन अस्पताल ने फरीदाबाद में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए क्विडेलऑर्थो के साथ मिलकर टोटल लैब ऑटोमेशन (टीएलए) की शुरुआत की है। यह तकनीक विट्रोस ऑटोमेशन सॉल्यूशन पर आधारित है और फरीदाबाद में पहली बार किसी अस्पताल में लागू की गई है। यह अत्याधुनिक तकनीक जांच की प्रक्रिया को और आसान बना दिया है। इस नए तकनीक से मरीजों को अब जांच रिपोर्ट पहले से तेज, सुरक्षित और ज्यादा सटीक मिलेगी।

जांच प्रक्रिया ऑटोमैटिक हो जाने से डॉक्टरों को खासकर गंभीर या इमरजेंसी मरीजों की रिपोर्ट जल्दी मिलेगी, जिससे इलाज भी जल्द शुरू होगा। इस बारे में एशियन अस्पताल के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. एन के पांडे ने बताया कि यह तकनीक तेजी से निदान और इलाज में सहायक होगी जिससे मरीजों के इलाज के नतीजे बेहतर होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# माता अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रयोशताब्दी जयंती पर भव्य जिला गोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र स्थित दुल्हन बैंक्विट हॉल में पुण्य श्लोका माता अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रयोशताब्दी जयंती समारोह के अवसर पर एक गरिमामयी जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महान समाज सुधारक, धर्मप्रेमी और न्यायप्रिय शासिका माता अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन दर्शन, कर्तव्यों और प्रेरणादायी कार्यों से जनसामान्य को अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री, आदरणीय श्री राम प्रताप चौहान जी रहे, जिनका सान्निध्य एवं मार्गदर्शन उपस्थित जनसम. ुदाय को प्राप्त हुआ। उन्होंने माता अहिल्याबाई के चरित्र, प्रशासनिक दक्षता तथा महिला सशक्तिकरण हेतु उनके योगदान को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया।

विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा की "माता अहिल्याबाई केवल एक यशस्वी शासिका ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और जनकल्याण की प्रतीक थीं।" कार्यक्रम में मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, पूरी चेयरमैन अशोक माहेश्वरी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, महिलाओं, युवा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। वक्ताओं ने माता अहिल्याबाई के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# भोजपुर पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़े दो बदमाश, एक को लगी गोली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भोजपुर पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान 02 लुटेरे गिरफ्तार किये गए जिनके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस, लूट से सम्बन्धित 1900/- रूपये बरामद व लूट की घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद हुई है।

एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि बुधवार को थाना भोजपुर पुलिस टीम द्वारा अपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत थाना क्षेत्र मे चेकिंग की जा रही थी। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की थाना भोजपुर क्षेत्र मे अमराला से पट्टी अंडरपास की तरफ लूट की घटना मे सम्मिलित 03 व्यक्ति मोटर साइकिल से जा रहे है। इस सूचना पर संघन चेकिंग की गई तो 03 व्यक्ति कच्चे रास्ते पर मोटर साइकिल के पास खड़े दिखाई दिये जिनकी रोका टोकी की गई तो तीनों व्यक्ति मोटरसाइकिल से कच्चे रास्ते की तफर भागने लगे व मोटर साइकिल अनियन्त्रित होकर नीचे गिर गई उपरोक्त तीनो व्यक्तियों द्वारा पुलिस द्वारा घिरता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया तथा पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में 03 बदमाशों में से एक बदमाश के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया तथा दूसरा बदमाश को मौके से थोडी दूरी पर गिरफ्तार किया गया व एक बदमाश मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश का नाम प्रिंस पुत्र जोगराज सिंह उर्फ दरोगा निवासी ग्राम पट्टी थाना भोजपुर को इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया गया है तथा तथा दूसरे बदमाश रवि पुत्र रजक6 निवासी भूपेंद्रपुरी मोदीनगर को मौके से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि अभियुक्त उपरोक्त द्वारा कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र भोजपुर क्षेत्र मे कलैक्शन एजेन्ट के साथ अपने साथियो के साथ मिलकर ग्राम अमराला मे लूट की घटना कारित की थी।

एसीपी ने यह भी जानकारी दी कि गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना भोजपुर पर एक लूट का मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त प्रिंस थाना भोजपुर पर एचएस है व अन्य आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध मे जानकारी की जा रही है।

# 50 हजार के इनामी गोतस्कर लुकमान को एनकाउंटर में दबोचा



**गाजियाबाद।** पुलिस की स्वाट टीम, क्राइम ब्रांच और टीला मोड़ थाना पुलिस ने मंगलवार रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कुख्यात गोतस्करों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इनमें से एक लुकमान कुरैशी पर 50,000 का इनाम घोषित था। दोनों आरोपियों को पैर में गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार रात पुलिस को ऑक्सी होम सोसायटी के पास दो संदिग्धों की सूचना मिली। जैसे ही पुलिस ने एक बाइक को रोकने का प्रयास किया, सवारों ने कुटी के जंगल की ओर भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया, इस दौरान बदमाशों की बाइक गिर गई और उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दोनों के पैरों में गोली मारी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

लुकमान कुरैशी मूल निवासी मोहल्ला नाला, कस्बा संभल; वर्तमान में दिल्ली के डिलाइट के पीछे किराए पर रह रहा था। दिसंबर 2024 में ट्रोनिका सिटी में हुई गोकशी का मुख्य आरोपी था और तभी से फरार चल रहा था। उस पर 50,000 का इनाम घोषित था अकरम निवासी मोहल्ला कुरैशियान, खानजादा वाली गली, हसनपुर, जिला अमरोहा। पुलिस ने मौके से एक चोरी की बाइक और एक तमंचा बरामद किया है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लुकमान और अकरम एक संगठित गैंग बनाकर गोकशी करते थे। लुकमान ट्रोनिका सिटी की घटना के बाद से फरार था और दिल्ली में छिपकर रह रहा था। उनकी गिरफ्तारी से गोकशी के मामलों में बड़ी सफलता मिली है।

## विनीत कुमार सिंह बने नए एडीएम सिटी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन ने मंगलवार रात प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 6 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस क्रम में विनीत कुमार सिंह को गाजियाबाद का नया एडीएम सिटी नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे गोरखपुर में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) के पद पर कार्यरत थे। विनीत कुमार सिंह को एक ईमानदार और कुशल प्रशासनिक अधिकारी के रूप में जाना जाता है। गोरखपुर में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्वक और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराया। इसके साथ ही वे जनसुनवाई के दौरान आम जनता की समस्याएं सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के लिए भी सराहे गए।

# हरनंदीपुरम के लिए जमीन खरीदने को मिली हरी झंडी

## जल्द आ रही जीडीए की नई हाउसिंग स्कीम

**गाजियाबाद।** विकास प्राधिकरण की 169वीं बोर्ड बैठक में हरनंदीपुरम टाउनशिप योजना को मंजूरी मिल गई है, जिससे इस परियोजना को नई गति मिलेगी। बैठक में पांच गांवों-मथुरापुर, शमशेर, चम्पतनगर, भनेड़ा खुर्द और नगला फिरोज मोहन नगर-की कुल 336.8444 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है।आपको बता दें की इसके लिए जीडीए 2,384 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसमें जिसमें सात फीसदी स्टांप ड्यूटी शुल्क और एक फीसदी पंजीकरण शुल्क भी शामिल है। संबंधित किसानों को इसमें 10 प्रतिशत विकसित प्लॉट भी दिए जाएंगे। मंगलवार को मेरठ में मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में जीडीए अध्यक्ष एवं मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में जीडीए की 169वीं बोर्ड बैठक हुई, जिसमें सभी 23 प्रस्तावों को चर्चा के बाद मंजूरी मिली।

बैठक में उपस्थित जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हरनंदीपुरम के लिए भूमि दरों पर निर्णय लेने के लिए डीएम की अध्यक्षता में समिति गठित की गई थी। आपको बता दें की गत वर्ष सितंबर 2024 को जिले के सर्किल रेट का पुनरीक्षण किया गया, जिसके हिसाब से नई टाउनशिप हरनंदीपुरम के तहत आने वाले मथुरापुर, शमशेर, चंपतनगर, भनेरा-खुर्द और नंगला फिरोज मोहनपुर गांव के सर्किल रेट को देखा गया। आपको बता दें की बैठक में प्रस्ताव के आधार पर इन गांव के किसानों से खरीदी जाने वाली जमीन पुनरीक्षित सर्किल रेट से चार गुना अधिक दर पर खरीदी जाएगी। बैठक में जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, एडीएम वित्त सौरभ भट्ठ, अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह, मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

# एसएसके पब्लिक स्कूल में प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण शिविर शुरू, 200 विद्यार्थियों को मिल रहा प्रशिक्षण



**गाजियाबाद।** महानगर स्थित एसएसके पब्लिक स्कूल में मंगलवार को एक विशेष प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रदेशभर के 200 छात्रों को प्रारंभिक सैन्य प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिनमें 30 विद्यार्थी गाजियाबाद से हैं। यह शिविर राष्ट्रीय सैनिक संस्था और अखंड हिन्द फौज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय सैनिक संस्था के अध्यक्ष कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा कि युवाओं को प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण देना समय की मांग है। ऐसे प्रशिक्षण से युवाओं में अनुशासन विकसित होता है और वे आपात परिस्थितियों में खुद के साथ-साथ समाज की भी रक्षा कर सकते हैं। अखंड हिन्द फौज के डायरेक्टर राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने जानकारी दी कि अब तक देश के 20,000 से अधिक विद्यार्थियों को इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने सरकार से इस अभियान में सहयोग की अपेक्षा जताई। इस कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले एसएसके पब्लिक स्कूल के संस्थापक गुलशन भामरी ने छात्रों को देशप्रेम, अनुशासन और शारी. रिक स्वास्थ्य के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्रबंधन ने शिविर के लिए कॉन्फ्रेंस हॉल और खेल मैदान प्रदान किया, जहां प्रशिक्षण गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण में युवाओ को फिजिकल ट्रेनिंग, मार्चिंग ड्रिल, एंबुश, पेट्रोलिंग, स्वतन्त्रता संग्राम, आपदा नियंत्रण, संविधान की धारा 51 । में बताए गए। कर्तव्यों और प्रारम्भिक आर्मी टेक्टिस की जानकारी ग्राउंड पर और क्लास रूम मे दी जाती है। जानकारी देते हुए प्रशिक्षण कमांडर धीरज पटेल ने बताया कि आग के गोले से निकलना, पेरामिड बनाना, योग साधना और आपात स्थिति में पुलिस और सरकार की साहयता करना भी प्रशिक्षण का एक हिस्सा है।

# घर बैठे कमाई का झांसा दे ठगे पांच लाख

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-11 की निवासी रविका अग्रवाल एक साइबर ठगी का शिकार हो गईं, जिसमें उनसे उनके बेटे को मॉडलिंग प्रशिक्षण दिलाने और घर बैठे कमाई के नाम पर 5.14 लाख रुपये ठग लिए गए। रविका अग्रवाल अपने बेटे के लिए मॉडलिंग प्रशिक्षण की तलाश में थीं, जब उन्होंने फेसबुक पर 'विबी विक्टोरी' नामक एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन में दिए गए लिंक पर क्लिक करने के बाद, उन्हें एक महिला का फोन आया, जिसने खुद को 'वंडर किड्ज' की रिसेप्शनिस्ट बताया और उनके बेटे को मॉडलिंग प्रशिक्षण दिलाने का प्रस्ताव दिया।

महिला ने रविका से उनके बेटे की तस्वीरें व्हाट्सएप पर भेजने को कहा और फिर उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया, जहां उन्हें घर बैठे कमाई का झांसा दिया गया। शुरुआत में, तीन टास्क पूरे करने पर रविका के खाते में 150 रुपये भेजे गए, जिससे उन्हें विश्वास हो गया। इसके बाद, टास्क खरीदने के नाम पर उनसे और धनराशि ट्रांसफर कराई गई।

# दीपेश बालियान के अर्धशतक से एलबी शास्त्री क्लब सेमीफाइनल में




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम लीग मैच मे एल बी शास्त्री क्लब, दिल्ली ने यूपी पुलिस को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल मे प्रवेश कर लिया।

टास जीत कर यूपी पुलिस ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया परन्तु विवेक कुमार 35 रन के अतिरिक्त कोई बल्लेबाज उल्लेखनीय योगदान नही कर सका अत: समस्त टीम 127 रन बना कर मात्र 31 ओवर मे आउट हो गई विपक्षी गेंदबाज मोहित एहलावत ने 3 विकेट तथा नितिन तंवर , सुभाष यादव ,व विकास दीक्षित ने 2-2 विकेट लिए।

लक्ष्य प्राप्त करने के लिए उतरी एलबी शास्त्री क्लब के 4 बल्लेबाज 41 रन पर पवेलियन वापस लौट आए ऐसे मे दीपेश बालियान ने अविजित 58 रन, 36 गेद के योगदान ने टीम को 19 ओवर मे जीत दिला कर दी।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दीपेश बालियान को पूर्व रणजी खिलाड़ी के के दीक्षित व अश्वनी शर्मा ने संयुक्त रुप से प्रदान किया। प्रमुख स्कोर ÷

यूपी पुलिस: 127 रन सभी आउट 31 ओवर मे। अतुल चौहान 23 रन (2 चौके) विवेक कुमार 35 रन ( 2 चौके 1 छका) मोहित एहलावत 06-01-29-03 सुभाष यादव 06-00-13-02 नितिन तंवर व कप्तान विकास दीक्षित ने भी 2-2 विकेट लिए। प्रथम सेमीफाइनल कल प्रात:काल गोल्डन हाकस बनाम एचसीए पायनियर खेला जाएगा।

## बाहर के व्यक्ति द्वारा दूसरे धर्म की लडकी रखने की पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** क्षेत्र के हिंदूवादी नेता नीरज शर्मा ने पुलिस से शिकायत कर कहा है कि सारा रोड़ गोविन्दपुरी स्थित एक कॉलोनी (राधाकुंजर में 60-20 स्थित एक स्लिलापयक्ति रहते हैं जिनमें से कुछ लोगो ने गहाँ के आधार कार्ड भी बनवा लिए हैं. हमें सूचना मिली कि वहाँ हरी सिंह नाम के व्यक्ति ने कन्नौज के ही एक ही परिवार के चार-पाँच लोगूरखे हैं जिनमें से एक व्यक्ति हिन्दु समाज की लड़की को लेकर रह रहा था जिसकी जानकारी हमने गोविन्दपुरी चौकी को भी दे दी।

चौकी के अधिवारी वहाँ पहुंचे जाँच की गई जिसमे उनके कागज नकली पाए गए अत: श्रीमान जी से अनुरोध है कि वहाँ के सभी बाहर से आए व्यक्ति-की जाँच की जाए जो मकान मालिक हैं जिन्होने विना सत्यापन के उनको रखा हुआ है उन पर भी उचित कारवाई हो।

## गाजियाबाद आस्था अस्पताल में हंगामा, डॉक्टरों ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर की कड़ी कार्रवाई की मांग

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित आस्था अस्पताल में 18 मई की रात हुए हंगामे के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में डॉक्टरों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। डॉक्टरों ने आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की और पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी जाहिर की।

अस्पताल के संचालक डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि एक महिला मरीज के तीमारदारों ने इलाज के दौरान अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और डॉक्टरों व मेडिकल स्टाफ से बदसलूकी की। आरोप यह भी है कि आरो. पियों ने महिला स्टाफ के साथ अभद्रता और अश्लील हरकतें कीं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला तो दर्ज किया, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# तीन पुलिस मुठभेड़ों में इनामी समेत सात बदमाश गिरफ्तार, चार के पैरों में लगी गोली

**गाजियाबाद।** 3 थानों की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों से मंगलवार की रात पुलिस मुठभेड़ों में 50 हजार रुपए के ईनामी बदमाश समेत सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से चार बदमाश पैरों में पुलिस की गोली लगने से घायल हुए हैं। बदमाशों के पास से पुलिस ने हथियारों के अलावा चोरी के वाहन तथा लूट से संबंधित रकम बरामद की है। ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने ट्रॉनिका सिटी गेट नंबर 2 के निकट से पुलिस मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों में दीपक पाल निवासी न्यू विकास रेलवे स्टेशन लोनी, आमिर निवासी ग्राम मंडोला थाना ट्रॉनिका सिटी और रितेश निवासी मंगल बाजार पूजा कॉलोनी थाना ट्रॉनिका सिटी है। इनमें से अमीर और रितेश पुलिस की गोली पैरों में लगने से घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि 12 में को थाना क्षेत्र की पूजा कॉलोनी में स्थित मनीष ज्वेलर्स के यहां हथियारबंद बदमाशों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। लूट की यह वारदात गिरफ्तार बदमाशों ने अपने साथियों के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने बताया कि बदमाशों के पास से दो पिस्टल, तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद हुई है। इसके अलावा टीला मोड़ पुलिस एवं स्वाट टीम क्राइम ब्रांच ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए भोपुरा के निकट से 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें से इनामी बदमाश लुकमान कुरैशी निवासी दिल्ली पैर में गोली लगने से घायल हुआ है, जबकि दूसरे बदमाश का नाम और अरकम निवासी अमरोहा है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया इनामी बदमाश गोकशी के मामले में फरार चल रहा था। जिस पर इनाम घोषित था। बदमाश पर विभिन्न स्थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। इनके पास से पुलिस ने तमंचा, कारतूस के अलावा चोरी की बाइक बरामद की है। उधर भोजपुर थाने की पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाश प्रिंस निवासी ग्राम पट्टी थाना भोजपुर और रवि निवासी भूपेंद्र पुरी थाना मोदीनगर को गिरफ्तार किया है। बदमाशों का एक साथी भागने में सफल रहा। पकड़े गए बदमाशों में से प्रिंस पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने अपने साथियों के साथ मिलकर पूर्व में कलेक्शन एजेंट के साथ लूट की थी। इनके पास से पुलिस ने बिना नंबर की बाइक, ल से संबंधित 1900 रुपए की नगदी, तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

## 'विश्व में मुस्लिमों की बढ़ती जनसंख्या को बताया खतरा'

**गाजियाबाद।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने नवनियुक्त पोप लियो सोलहवें को पत्र लिखकर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उनके साथ डॉ. उदिता त्यागी भी मौजूद रहीं। पत्र के माध्यम से यति नरसिंहानंद ने विश्व में बढ़ती वैश्विक चुनौतियों और विशेष रूप से इस्लामिक कट्टरपंथ से उत्पन्न समस्याओं पर चिंता व्यक्त की। यति नरसिंहानंद गिरी द्वारा सम्मानजनक और मित्रतापूर्ण शैली में लिखे गए पत्र में कहा गया कि वर्तमान समय में विश्व कई प्रकार की चुनौतियों से जूझ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से इस्लामिक जिहाद, तेजी से बदलती जनसंख्यिकीय संरचना, और कट्टरपंथ के बढ़ते प्रभाव को मानवता के लिए गंभीर खतरा बताया। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि भारत सहित अनेक देशों में इस्लामिक कट्टरता ने स्थानीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक सद्भाव को प्रभावित किया है। उनका मानना है कि गैर-इस्लामिक धर्मों को वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर इस चुनौती का समाधान खोजना होगा। महामंडलेश्वर ने पत्र में भारत के कश्मीर क्षेत्र का उदाहरण देते हुए लिखा कि जहां मुसलमानों की जनसंख्या बहुसंख्यक होती है, वहां सामाजिक तनाव और हिंसा की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर**

प्रकीण वाद सं. 834/2023

1-ओम मित्तल उम्र करीब 3 वर्ष

2- नमन मित्तल उम्र करीब 3 वर्ष

नाबालिगान पुत्रगण चिराग गुप्ता द्वारा माता/ संरक्षिका भूमिका अग्रवाल पत्नी चिराग गुप्ता निवासी मकान नं. 411 नुमाईश ग्राउण्ड सिविल लाईन-2 बिजनौर, थाना कोतवाली शहर, बिजनौर, जिला बिजनौर, पिन कोड 246701

मो.नं.:- 8791496830

**बनाम**

चिराग गुप्ता उम्र करीब 32 वर्ष पुत्र रतीश मोहन गुप्ता निवासी मकान नंबर 312 सेक्टर 17 एफ वसुन्धरा, गाजियाबाद, थाना व जिला गाजियाबाद, पिन 201012

मो.नं.: 8826279269 वर्तमान पता- सैक्टर 17 जी म.न. 214 वसुन्धरा, गाजियाबाद

पिन कोड 201012

मो.नं.:- 8076426098

9312031422

धारा-125 सी.आर.पी.सी.

थाना- को. शहर बिजनौर

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 27.06.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 27.06.2025

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर**

## एस.आर.एम. दिल्ली-एनसीआर में

# 1001 वड़ा पाव रेसिपी के साथ नवा वर्ल्ड रिकॉर्ड का उत्कृष्ट प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एस आर एम दिल्ली-एनसीआर कैंपस के होटल और कैटरिंग प्रबंधन विभाग द्वारा ष्एक स्वादिष्ट विरासत - वड़ा पाव की 1001 रेसिपीष शीर्षक से एक अनूठा और स्वादिष्ट कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यहां एक ऐसा कार्यक्रम हुआ, जिसमें पढ़ाई, रचनात्मकता और इंसानियत का खूबसूरत मेल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत पूजा और दीप जलाकर की गई, फिर डॉ. धौम्या भट्ट , डीन आईक्यूएसी ने सभी मेहमानों और छात्रों का दिल से स्वागत किया। डॉ. आर. पी. महापात्रा डीन ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी छात्रों को आगे बढ़ने का हौसला दिया। इसके बाद डॉ. एंटनी अशोक कुमार निदेशक आईएचएम, एसआरएमआईएसटी ने होटल मैनेजमेंट और हॉस्पिटैलिटी की दुनिया में अनुभव से मिली सीखें साझा कीं जो छात्रों के लिए बेहद मददगार रहीं। मुख्य अतिथि श्री राज. कुमार एन., जो नोवा वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के डायरेक्टर हैं, उन्होंने भी सभी को प्रेरित किया और कार्यक्रम की शुरुआत की।



फिर एक खास पल आया जब छात्रों को शेफ की टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया - इसे "रचनाकारों को ताज पहनाना" कहा गया। इसके बाद सबने "फ्लेवर मार्च" में हिस्सा लिया और रसोई की तरफ बढ़े, जहां 1001 वड़ा पाव बनाने का रिकॉर्ड बनाने की कोशिश शुरू हुई।

जब यह रिकॉर्ड पूरा हुआ, तो सभी को सर्टिफिकेट देकर उनकी मेहनत को सराहा गया। श्री यतेन्द्र कुमार प्रिंसिपल एचएम ने सबका धन्यवाद किया और इस खास दिन की यादों को और भी सुंदर बना दिया।

इस दिन का सबसे दिल छू लेने वाला हिस्सा "मानवता की सेवा" रहा, जब सभी वड़ा पाव लक्ष पाठशाला नाम के एक एनजीओ और मलिन बस्तियाँ में बच्चों और जरूरतमंदों को बांटे गए। ये सिर्फ खाना नहीं था, बल्कि उसमें प्यार, सेवा और खुशियां भी थीं।

यह आयोजन नवा वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अंतर्गत वड़ा पाव की 1001 रेसिपी प्रस्तुत करने के एक विश्व रिकॉर्ड प्रयास के रूप में किया गया। कार्यक्रम में छात्रों और शेफों ने मिलकर वड़ा पाव की सैकड़ों अनोखी और रचनात्मक रेसिपी प्रस्तुत कीं। इस पहल ने न केवल भारतीय स्ट्रीट फूड को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई, बल्कि पाक शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों की प्रतिभा और नवाचार क्षमता को भी मंच प्रदान किया।

एसआरएमआईएसटी दिल्ली एनसीआर निदेशक, डॉ.एस. विश्वनाथन, डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन, डॉ. नवीन अहलावत, डीन विज्ञान एवं मानविकी, डॉ. धौम्या भट्ट, डीन आई क्यू ए सी, डॉ. गीता भवानी, डीन रिसर्च के मार्गदर्शन से यह शानदार आयोजन एक बड़ी सफलता है। एसआरएम आई एस टी दिल्ली एनसीआर का यह अभिनव प्रयास भारतीय पाक कला के प्रचार-प्रसार और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा।

**संबंध विच्छेद**

मैं मनोहर सिंह रावत पुत्र रुद्र सिंह रावत निवासी- फ्लैट नं- 701, 7वां फ्लोर, टॉवर ए, विंडसोर पैराडाइस 2, नूर नगर राजनगर विस्तार थाना- नन्दग्राम जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र देवाशीष रावत को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों का ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

# चाचा-भतीजे पर जानलेवा हमला, बदमाश गिरफ्त में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौर्य एन्क्लेव इलाके में बीते सोमवार शाम को चाचा भतीजे पर जानलेवा हमला हुआ था। बदमाशों ने उनसे लूटपाट करके फरार हो गए थे। पुलिस ने वारदात में शामिल पंकज उर्फ विकास और प्रिंस उर्फ सचिन को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से लूट का सामान भी जब्त किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे पीतमपुरा के एक कॉलेज से सटे हैदरपुर नहर के पास डकैती की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि शिकायतकर्ता रंजीत पासवान अपने भतीजे के साथ नहर के पास बैठा था। जब भतीजा ईयरफोन लगाकर मोबाइल पर काम कर रहा था, तभी उसको उसके गांव से फोन आया और वह सर्विस रोड से कॉलेज की ओर चलने लगा। इस दौरान पीछे से दो अज्ञात व्यक्ति उसके पास आए।

एक आरोपी ने पीछे से उसका गला दबा दिया, जबकि दूसरे ने उसका मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया। लूट के प्रयास का विरोध करने पर उसकी दाहिनी आंख पर किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद आरो. पियों ने जबरन उसका मोबाइल फोन छीन लिया और कॉलेज के सामने खाली पड़े डीडीए प्लॉट की दीवार फांदकर भागने का प्रयास किया। एक आरोपी दीवार फांदकर भागने में सफल रहा, जबकि दूसरा, जिसने गला दबा रखा था, चढ़ते समय गिर गया और उसकी मदद के लिए आवाज सुनकर राहग. ीरों ने उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान पंकज उर्फ विकास के रूप में हुई। पुलिसने पंकज को गिरफ्तार करके शिकायतकर्ता को तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। पीडिघ्त के बयान पर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान की देखरेख में एसएचओ मदन लाल मीना के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली,ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। आरोपी से उसके साथी के ठिकानों की जानकारी ली। जिसके बाद प्रिंस को एक पुख्ता जानकारी के बाद उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

## सीजन की सबसे गर्म रही बुधवार की सुबह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मौसमी उतार चढ़ाव के गर्मी अब तेजी से पांव फैला रही है। दिन के ही नहीं, रात के तापमान में भी वृद्धि होने लगी है। लू चलने से दिन में गर्मी की चुभन काफी बढ़ गई है। इस बीच बुधवार की सुबह भी इस सीजन की सबसे गर्म रही है। उधर दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी हुई है।बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान ३०.२ डिग्री दर्ज किया गया। यह इस सीजन का अभी तक का सर्वाधिक है। दिन का तापमान ३९ डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। आसमान साफ रहेगा। तेज धूप खिली रहेगी। बुधवार को सुबह नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई २०१ रिकॉर्ड किया गया। इसे खराब श्रेणी में रखा जाता है। एनसीआर के शहरों में भी हवा मध्यम से खराब श्रेणी में चल रही है। पूर्वानुमान है कि हाल फिलहाल इसमें बहुत अधिक बदलाव नहीं होगा।

# श्रम विहार कॉलोनी पर चलेगा बुलडोजर, हाईकोर्ट ने दी अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने अबुल फजल एन्क्लेव के श्रम विहार इलाके में अतिक्रमण हटाने की मंजूरी दे दी है। अदालत ने कॉलोनी के १४ निवासियों की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और अन्य सरकारी निकायों के खिलाफ यमुना नदी के तट पर स्थित अपनी कॉलोनी में तोड़फोड़ रोकने और अवैध बेदखली से सुरक्षा की मांग की थी। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने याचिका को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करार देते हुए प्रत्येक याचिकाकर्ता पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के पास जमीन पर स्वामित्व का कोई वैध प्रमाण नहीं है। याचिकाकर्ताओं की कॉलोनी जोन ओ में है। इसलिए पीएम-उदय योजना के तहत नियमितीकरण के लिए पात्र नहीं है। कोर्ट ने एनजीटी के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र की पारिस्थितिकी को बहाल करने के लिए सभी अतिक्रमणों को हटाना आवश्यक है।

कोर्ट ने वर्ष २०२४ की याचिका का हवाला देते हुए कहा कि उस समय की याचिका और वर्तमान याचिका में एक ही घर के दो सदस्य शामिल है। जो याचिका की मंशा पर सवाल खड़े करते हैं। यह कानूनी कार्यों में अड़ंगा लगाने जैसा है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि वे खसरा नंबर ४८२ और ४८३ पर स्थित अपनी जमीन पर वैध रूप से काबिज हैं, जो अब श्रम विहार, अबुल फजल एन्क्लेव के नाम से जानी जाती है। उनके पास बिजली बिल, हाउस टैक्स रसीदें और अनरजिस्टर्ड सामान्य शक्ति पत्र (जीपीए), बिक्री समझौते, शपथ पत्र, वसीयत और कब्जा पत्र जैसे दस्तावेज हैं, जो १९९६ से २०१९ के बीच पूर्व मालिकों द्वारा उनके पक्ष में निष्पादित किए गए थे। यह जमीन १९८९ में यमुना नदी के चौनलाइजेशन के लिए दिल्ली के नियोजित विकास के लिए आवंटित की गई थी। उन्होंने दावा किया कि उनकी कॉलोनी दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त १,७३१ अनधिकृत कॉलोनियों की सूची में सूचीबद्ध है। कॉलोनी पीएम-उदय योजना के तहत नियमितीकरण के लिए पात्र हैं।

डीडीए ने तर्क दिया कि यह कॉलोनी मास्टर प्लान फॉर दिल्ली-२०२१ के तहत जोन ओ में आती है, जो यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र में है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, जोन ओ में सभी अतिक्रमणों को तत्काल हटाना आवश्यक है।

# छात्रों से एसैप से जुड़ने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी का छात्र विंग एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) ने छात्रों को वैकल्पिक राजनीतिक का प्लेटफार्म देने की मुहिम छेड़ दी है। मंगलवार को ''आप'' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने छात्र राजनीति को वैकल्पिक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एसैप को लॉन्च किया था। बुधवार को छात्र विंग ने देश भर के छात्रों से एसैप से जुड़कर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। एसैप का कहना है कि वह ऐसा प्लेटफार्म बनेगा, जहां बिना किसी भेदभाव और बाहुबल के योग्य लोग आगे बढ़ सकेंगे। अरविंद केजरीवाल द्वारा शुरू की गई वैकल्पिक राजनीति को एसैप छात्र राजनीति में आगे बढाने का काम करेगा। एसैप से बड़ी संख्या में छात्रो को जोड़ने के लिए देश भर के शिक्षण संस्थानों में अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, एसैप दिल्ली यूनिवर्सिटी का छात्र संघ चुनाव पूरी मजबूती से लड़ेगा।

आम आदमी पार्टी के छात्र विंग एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) के सदस्य युवराज तंवर, दीपक बंसल और यश फोगाट ने पार्टी मुख्यालय पर संयुक्त प्रेसवार्ता कर आगे की रणनीति के बारे में जानकारी साझा की। युवराज तंवर ने कहा कि मंगलवार को राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कांस्टिट्यूशन क्लब में सभी छात्रों के लिए एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) को लॉन्च किया। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की राजनीति में जो करके दिखाया, उसका डांका अपने देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में बजा। उन्होंने देश को एक वैकल्पिक राजनीति प्लेटफार्म दिया। हमारी राजनीति में शिक्षा, गरीबों की बुनियादी सुविधाओं, महिलाओं के हक की बात होने लगी।

इस दौरान यश फोगाट ने कहा कि एसैप एक वैकल्पिक राजनीति की बात करता है। एसैप का मुख्य उद्देश्य समान्य छात्रों को राजनीति करने का प्लेटफार्म देना है। आज छात्र राजनीति पैसे वाले लोगों तक सीमित हो गई है। हम चाहते हैं कि एसैप के साथ ज्यादा से ज्यादा समान्य छात्र जुड़ें। आज एआई की दुनिया में बच्चों की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।



**आम आदमी पार्टी के छात्र विंग एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एसैप) के सदस्य युवराज तंवर, दीपक बंसल और यश फोगाट ने पार्टी मुख्यालय पर संयुक्त प्रेसवार्ता कर आगे की रणनीति के बारे में जानकारी साझा करते हुए।**

# रेलवे क्रॉसिंग पर दूर होगी वाहन चालकों की परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी की १६ रेलवे क्रॉसिंग पर वाहन चालकों की परेशानी दूर होगी। इसके लिए रेलवे अंडर ब्रिज (आरयूबी) और रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) बनेंगे। करीब ६४७ करोड़ रुपये की लागत से रेलवे क्रासिंग पर आवाजाही सुगम होगी। रेल प्रशासन ने इसका खाका तैयार कर लिया है। इसमें सिरसपुर, खेला कलां, होलंबी कला, सुल्तानपुर, बल्लीमारान, पुल डफरीन, दयाबस्ती और पुलबंगश सहित रेलवे क्रासिंग शामिल हैं। दरअसल, सड़क से वाहनों की आवा. जाही की राह में रेलवे क्रासिंग बड़ी बाधा बनती है। उन जगहों पर खासकर, जहां वाहनों का दबाव ज्यादा रहता है। जब भी ट्रेन गुजरती है तो फाटक बंद कर दिया जाता है। इससे फाटक के दोनों तरफ का ट्रैफिक बाधित होता है। कई बार दुर्घटनाएं भी होती हैं। ट्रैक्टर, ट्रॉली, बस समेत बाइक सवार जल्दबाजी के चक्कर में फाटक पार करते हैं और ट्रेन की चपेट में आ जाते है।

रेलवे प्रशासन का कहना है कि इससे ट्रेन का परिचालन प्रभावित होता है। कई बार ट्रेन की गति भी थम जाती है। इसे देखते हुए इस दिशा में काम शुरू किया गया है। दिल्ली-बठिंडा रूट पर घेवरा में आरओबी का निर्माण १०९ करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इससे पहले की आप सरकार की तरफ से जरूरी औपचारिकताएं पूरी न होने से प्रोजेक्ट रुका हुआ था।

# बिजली की मांग ने तोड़ा रिकॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गर्मी की तपिश बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग बढ़ गई है। दिल्ली की पीक पावर डिमांड ७४०१ मेगावाट तक पहुंच गई, जो इस सीजन की अब तक की सबसे ज्यादा मांग है। सिस्टम ऑपरेशन नियंत्रण केंद्र (सीएलडीसी) की रिपोर्ट के अनुसार रविवार को यह मांग ७२६५ मेगावाट थी। लोगों के घर में कूलर, पंखा और एसी चलने से बिजली की मांग में बढ़ोतरी हुई है। दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में बिजली आपूर्ति करने वाली बीआरपीएल ने ३२८५ मेगावाट और पूर्वी व केंद्रीय दिल्ली में बिजली पहुंचाने वाली बीवाईपीएल के क्षेत्र में १५५९ मेगावाट की मांग पहुंच गई। टाटा पावर क्षेत्र में बिजली की मांग २,१७८ मेगावाट तक पहुंच गई। दोनों बिजली कंपनियों ने दावा किया है कि इस साल दिल्लीवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। क्योंकि दीर्घकालिक बिजली खरीद समझौते के साथ ही अन्य राज्यों के साथ बिजली बैंकिंग समझौता किया गया है। नेटवर्क को भी मजबूत किया गया है। बिजली की मांग का सटीक पूर्वानुमान लगाने के लिए एडवांस्ड लोड फोरकास्ट मॉडल्स का उपयोग किया जा रहा है। इस साल ९००० मेगावाट बिजली की पीक मांग जा सकती है।

दिल्ली में मंगलवार को हीट इंडेक्स ४८ डिग्री के पार पहुंच गया। गर्मी और नमी के एक साथ मिलकर हीट इंडेक्स बनता है। हालांकि, तापमान इससे काफी कम रहा, लेकिन लोगों को ४८ डिग्री की गर्मी जैसी असहजता महसूस हुई। दिल्ली के लोगों को झुलसाने वाली गर्मी परेशान कर रही है।

# पानी का कनेक्शन काटने का भेजा फर्जी मैसेज, विफल रहा ठगी का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में जालसाजों ने महरौली के सेंट जान चर्च कंपाउंड में रहने वाले लोगों के साथ ठगी करने का प्रयास किया है। आरोपितों ने इनके मोबाइल पर पानी का कनेक्शन काटने का फर्जी नोटिस का मैसेज किया, लेकिन कालोनीवा. सियों की सजगता के चलते जालसाज अपने मंसूबों को पूरा नहीं कर सके।

लोगों ने तुरंत दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों से संपर्क कर मैसेज के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने संबंधित मैसेज के फर्जी होने के बारे में सूचना दी। इस तरह अपनी सजगता के चलते लोगों ने अपनी मेहनत की कमाई को ठगे जाने से बचा लिया। अजीत सिंह अपने परिवार के साथ सेंट जान चर्च कंपाउंड में रहते हैं। उनके मोबाइल पर एक नंबर से मैसेज आया। इसकी पहली लाइन में लिखा था कि दिल्ली जल बोर्ड नोटिस। इससे आगे जालसाजों ने लिखा कि प्रिय ग्राहक आपका दिल्ली जल बोर्ड का कनेक्शन कार्यालय की तरफ से आज रात साढ़े नौ बजे काट दिया जाएगा। चूंकि आपकी पिछले महीने की मीटर रीडिंग अपडेट नहीं है।

इसके बाद आरोपितों ने दिवेश नाम के युवक का मोबाइल नंबर लिखकर उसे जल बोर्ड का कर्मचारी बताया। फिर दिवेश से बात करने के लिए कहा। इसी तरह का मैसेज कालोनी में रहने वाले जानसन मैसी के पास भी आया। जानसन को मैसेज कर मीटर रीडिंग अपडेट कराने के लिए किसी अन्य व्यक्ति का नंबर दिया गया। इस तरह कालोनी के कई लोगों को जल बोर्ड के नाम पर फर्जी मैसेज किए गए।

पानी का कनेक्शन काटने का मैसेज आने के बाद कालोनीवासियों ने आपस में विचार विमर्श किया। किसी ने भी मैसेज में दिए गए मोबा. इल नंबर पर बात नहीं की। उन्होंने सीधे दिल्ली जल बोर्ड के कार्यालय में अधिकारिक नंबर पर काल की। फिर उन्हें पूरे मामले के बारे में जानकारी दी। तब अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड की तरफ से ऐसा कोई मैसेज नहीं भेजा गया है। यह सब जालसाजों का कारनामा है।

# अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान को अंतरिम जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के श्ऑपरेशन सिंदूरश पर टिप्पणी के मामले में गिरफ्तार अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कथित आपत्तिजनक पोस्ट के सिलसिले में प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने महमूदाबाद को कड़ी नसीहत देते हुए कहा कि आपको सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अली खान के सोशल मीडिया पोस्ट पर शब्दों के चयन पर सवाल उठाए और कहा कि ऐसे शब्दों का इस्तेमाल दूसरों को अपमानित करने और उन्हें असहज करने के लिए किया गया। हालांकि सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है,

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के डीजीपी को निर्देश दिया कि वे प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ मामले की जांच के लिए आईजी रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन करें। साथ ही अदालत ने महमूदाबाद को भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर कोई और ऑनलाइन पोस्ट लिखने से मना किया है। ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी के मामले में गिरफ्तारी होने के बाद सोनीपत स्थित अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद राहत के लिए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अली खान ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। उनकी ओर से मामले पर जल्द सुनवाई की गुहार लगाई गई थी।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या टी एस 255006/ट्रायल आइटम/टी एस**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य अभियंता, उत्तर रेलवे, मुख्यालय कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली - 110001 ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के माध्यम से निम्नलिखित निविदा आमंत्रित करते हैं:

| क्रम सं | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा दस्तावेज़ की कीमत (रुपये में) | बयाना राशि (रुपये में) | अनुमानित निविदा मूल्य (रुपये में) | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टी एस 255006 | स्लीपर की पूरी असेंबली और इन-स्लीपर प्वाइंट मशीन जोकी भारतीय रेलवे पर भारतीय रेलवे मानकों (आईआरएस) के अनुकूल हो का विनिर्माण, आपूर्ति, परीक्षण स्थान तक परिवहन, बिछाने और चालू करने सहित पूर्ण स्थापना, निगरानी और रखरखाव। | 10 सेट | कुछ नहीं | 4,78,450/- | 2,39,22,741.80 | 18.06.2025 को 14:30 बजे | 22 माह |

नोटः- उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर की संपूर्ण जानकारी **"www.ireps.gov.in"** तथा **"www.nr.indianrailways.gov.in"** वेबसाइट पर उपलब्ध है। **संख्याः टी एस 255006 दिनांक 19.05.2025** **1483/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्लास्टिक फ्री पब्लिक स्पेसेस कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शहरी जीवनशैली और पर्यावरण जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, खेल एवं युवा मंत्रालय तथा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के सहयोग से आज डॉ. बी. आर. अंबेडकर ऑडिटोरियम, दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) रोहिणी जोन में "प्लास्टिक फ्री पब्लिक स्पेस" विषय पर एक मेगा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।



इस अवसर पर बोलते हुए विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली प्रतिदिन ११,००० टन से अधिक कचरा उत्पन्न करती है, जिसमें लगभग १,१०० टन प्लास्टिक शामिल है। उन्होंने नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) द्वारा किए जा रहे सक्रिय प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि इस प्लास्टिक कचरे में से लगभग ८५८ टन या तो पुनर्चक्रित किया जाता है या ऊर्जा उत्पादन हेतु सह-प्रसंस्करण किया जाता है। उन्होंने कहा, "यह सही दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ख़ फिर भी, हमें और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।" मुख्य अतिथि विजेंद्र गुप्ता ने आगे कहा, "यह प्लास्टिक प्रदूषण के विरुद्ध हमारी लड़ाई की केवल शुरुआत है। इस बढ़ती हुई चुनौती से निपटने के लिए यह आवश्यक है कि हम सब मिलकर व्यापक और एकजुट प्रयास करें - प्लास्टिक को अपने दैनिक जीवन से समाप्त करें और प्रभावी निपटान तंत्र विकसित करें।" उन्होंने देश के युवाओं, नागरिकों, आरडब्ल्यूए और एनजीओ से इस संघर्ष में एकजुट होकर भाग लेने की अपील की। इस कार्यक्रम में छात्रों, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), नगर निकाय अधिकारियों और पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े हितधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपमहापौर जय भगवान यादव, एमसीडी आयुक्त श्री अश्विनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त जितेन्द्र यादव और श्री एल. डी. मेघवाल, रोहिणी व नरेला जोन के उपायुक्त तथा निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत 'मेरा युवा भारत (डल ठींतंज)' के परिचय से हुई, जो युवाओं को सशक्त बनाने और उनके सपनों को 'विकसित भारत' के निर्माण में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्माय भारतश पोर्टल पर पंजीकरण के बाद दीप प्रज्वलन और डॉ. रूबी माखिजा द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों पर एक प्रस्तुति दी गई। उन्होंने "स्टूडेंट बनाम प्लास्टिक टूलकिट" की भी जानक. ारी दी। "१०० डेज टू बीट प्लास्टिक"नामक एक शॉर्ट वीडियो ने प्लास्टिक अपशिष्ट को समाप्त करने की तात्कालिकता और सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया।

## दो साइबर ठग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले की साइबर थाना पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश पर अच्छा मुनाफा दिलवाने का झांसा दे बीएसएफ के सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर से २४.५४ लाख रुपये की ठगी करने के दो आरोपितों को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रवि वर्मा और नीरज वर्मा के रूप में हुई है।

# ठक-ठक गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के संगम विहार थाने के स्टाफ ने कुख्यात ठक-ठक गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से २२ चोरी किए गए मोबाइल फोन और अपराध में इस्तेमाल की गई एक टीएसआर बरामद किया है। दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि एक शिकायतकर्ता ने बताया कि ०५. मई को तुगलकाबाद स्थित अपने कार्यालय से घर लौटते समय रतिया मार्ग बस स्टॉप पर पहुंचने पर वह ट्रैफिक जाम में फंस गया। इस दौरान, एक अज्ञात व्यक्ति उसकी कार के बाईं ओर से आया, खटखटाया और दावा किया कि उसका पैर कार के टायर के नीचे आ गया है। जब शिकायतकर्ता उससे बातचीत कर रहा था, तो एक अन्य व्यक्ति ने दाईं ओर से कार की खिड़की पर दस्तक दी और उसका ध्यान भंग कर दिया। ध्यान भंग होने का फायदा उठाकर दोनों व्यक्ति मौके से भाग गए। जांच करने पर शिकायतकर्ता को पता चला कि उसका मोबाइल फोन चोरी हो गया है। शिकायतकर्ता के बयान पर संगम विहार थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी संगम विहार की देखरेख में एसएचओ संगम विहार के नेतृत्व में एसआई रज्जाक अहमद, हेड कांस्टेबल अनूप की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम को मामले से संबंधित सभी तथ्यों के विश्लेषण से पता चला कि अपराधी कुख्यात ठक ठक गैंग से संबंधित हैं और उनकी कार्यप्रणाली भी घटना से मेल खाती है।

## जनवरी में हो सकता है दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव अगले वर्ष जनवरी में हो सकता है। कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने कहा, दिल्ली सरकार के गुरुद्वारा निदेशक ने अदालत में यह जानकारी दी है। जीके का कहना है कि डीएसजीएमसी के वर्तमान प्रबंधक किसी न किसी तरह से चुनाव टालने के प्रयास में लगे हुए हैं। कमेटी का प्रत्येक चार वर्ष में आम चुनाव होता है। उसके बाद प्रत्येक दो वर्ष में कार्यकारिणी का चुनाव किया जाता है।अगस्त, २०२१ में आम चुनाव हुआ था। उसके बाद से कार्यकारिणी का चुनाव किया गया था। वर्तमान प्रबंधकों ने दो वर्ष बाद भी कार्यकारिणी का चुनाव नहीं कराया।

Truhome FINANCE

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051,
**फोन:** 1800 102 4345; **वेबसाईट:** http://www.truhomefinance.in
**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, प्रथम मंजिल, दरवाजा नं.5, पुराना नं.11, दूसरी लेन, सेनोटाफ रोड, अलवरपेट, तेनामपेट, चेन्नई-600018.

**परिशिष्ट-IV-A** (नियम 8(6) का प्रावधान देखें) **अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणी/ऋणी/गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में मैसर्स श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के पास बंधक/प्रभारित हैं, तथा जिनका भौतिक कब्जा ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें ''जहां है, जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 26 जून 2025 को प्रात: 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे के बीच ई-नीलामी में बेचा जाएगा, ताकि ऋणी/गारंटर से ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड को देय शेष राशि की वसूली की जा सके, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है।

ऋणी/गारंटर का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि तथा निरीक्षण की तिथि भी इस प्रकार दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | वसूली की राशि और मांग नोटिस की तारीख | आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि | नीलामी की दिनांक और समय | संपर्क व्यक्ति का विवरण - (एओ और निपटान टीम) |
|---|---|---|---|---|
| मैसर्स सिंह एंटरप्राइजेज (उधारकर्ता/आवेदक) श्री संतोष कुमार सिंह इसके मालिक द्वारा प्रतिनिधित्व आरजेड-800, प्रथम तल, गली नंबर 20, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110019. श्री संतोष कुमार सिंह पुत्र पशुपति नाथ सिंह आरजेड-81 सी, प्रथम तल, पीछे की ओर, गली नंबर 10, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110019. श्रीमती बिंदु देवी पत्नी संतोष कुमार सिंह आरजेड-81 सी, प्रथम तल, पीछे की ओर, गली नंबर 10, तुगलकाबाद नई दिल्ली-110019. कब्जे की दिनांक और कब्जे का प्रकार: 22-अप्रैल-2025 और भौतिक कब्जा. भार ज्ञात - ज्ञात नहीं | डिमांड नोटिस की दिनांक 02-दिसम्बर-2021. रू. 34,47,426/- (रुपये चौंतीस लाख सैंतालीस हज़ार चार सौ छब्बीस मात्र) ऋण खाता नं के संदर्भ में SLPHDLHI0000740 और रू. 469276/- (रुपये चार लाख उनहत्तर हज़ार दो सौ छिहत्तर मात्र) ऋण खाता नं के संदर्भ में SLPHDLH10000874 उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर, संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज सहित भुगतान करना होगा। | रू. 89,10,000/- (रू. नवासी लाख दस हज़ार मात्र) बोली वृद्धि: रू. 10,000/-(रू. दस हज़ार मात्र). धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू.): रू. 8,91,000/- (रू. आठ लाख इक्यानवे हज़ार मात्र) ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक- 23-जून-2025 समय: प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | 26 जून 2025 समय: दोपहर 02:00 बजे से 03:00 बजे तक | श्री संजीव शर्मा फोन नं0 9810328494; श्री निखिल कुमार फोन नं0 7053869593; श्री अशफाक पटका फोन नं0 9819415477; सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 13 जून 2025 |

**सम्पत्ति का विवरण**

वह सभी भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर आरजेड-797, क्षेत्रफल 90 वर्ग गज, खसरा नंबर 436 में से, गली नंबर 20-बी, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110019. उक्त सीमाऐं: पूर्व - अन्य संपत्ति आरजेड-797 यशोदा, पश्चिम - संपत्ति नंबर आर-796 श्री वालिया, उत्तर - अन्य संपत्ति, दक्षिण -8.50 फीट गली

1) बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) की वेबसाइट देखें।
2) इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी ईएमडी राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से नीचे दिए गए खाते के विवरण में जमा करनी होगी: बैंक का नाम: एक्सिस बैंक लिमिटेड शाखा: बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई बैंक खाता नंबर. चालू खाता नंबर. 911020045677633 आईएफएससी कोड: UTIB0000230

स्थान:- नई दिल्ली
दिनांक:- 22.5.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

# सामाजिक न्याय सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए बैठक का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा जिला कार्यालय मेरठ पर आगामी 29 मई को भारत रत्न, किसानों के मसीहा एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर होने वाले सामाजिक न्याय सम्मेलन कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशध्यक्ष सामाजिक न्याय मंच सुश्री संगीता दो. हरे ने की तथा संचालन क्षेत्रीय महासचिव संजय पनवाड़ी द्वारा किया गया। आगामी 29 मई का कार्यक्रम एसजीएम गार्डन लालकुर्ती में आयोजित किया जाएगा और कार्यक्रम हेतू अधिक से अधिक लोगों को लाने का लक्ष्य रखा गया है। 29 मई के कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी एवं सांसद बागपत डॉ. राजकुमार सांग. वान व मीरापुर से विधायक मिथलेश पाल एवं विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद तथा राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार आदि मौजूद रहेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद बागपत डॉ. राजकुमार सांगवान ने कहा कि आगामी 29 मई को किसाना. ॅ, मजदूरों, दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों के मसीहा और भारत रत्न तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर हम उनको याद कर रहे हैं। उनके द्वारा इस देश हित में तथा देश के करोड़ों लोगों के हित में किए गए कार्य और उनके विचार हमारा मार्गदर्शन करने का कार्य करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि आगामी 29 मई को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उनको सादर श्रद्धांजलि देने का कार्य करेंगे। पुण्यतिथि के अवसर पर होने वाले सामाजिक न्याय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य करेंगे और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के किए गए कार्य और उनकी प्रेरणा को जन-जन तक पहुंच. ाने का कार्य करेंगे। बैठक को लोक. दल के मुख्य लोगों ने संबोधित किया।

# अडानी के नुकसान को देख मोदी ने किया सीजफायर: संजय सिंह



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मेरठ पहुंचे आम आदमी पार्टी के राजयसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में मोदी सरकार ने जबरदस्ती भारत पर सीज फायर थोपा है, और यह सीजफायर भाजपा सरकार ने अडानी के कारोबार को बचाने के लिए किया है। इस युद्ध से अड़ानी को नुकसान होता इसीलिए उसे फायदा पहुंचाने के लिए देश पर मोदी ने यह सीज फायर थोपा है। यह सीजफायर थोप कर देश को कमजोर किया है, जबकि हमारे देश की सेना पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पूरी तैयार थी ट्रंप के इशारे पर सब कुछ किया गया है, और जो ट्रंप ने कहा उस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप क्यों है मेरठ पहुंचे आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह एक बार फिर अपने तेवर में दिखाई दिए। यहां पर उन्होंने आम आदमी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि आने वाले जिला पंचायत के चुनाव में पार्टी गांव-गांव जाएगी और अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी और 2027 के विधानसभा चुनाव की जमीन को तलाशने के लिए जिला पंचायत चुनाव पार्टी के लिए एहम कड़ी होगी। इस दौरान भारी तादाद में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा देखा गया।

**भाजपा सरकार ने भारत को किया कमजोर**

# 31 तक बंद रहेंगे कक्षा 12 तक के स्कूल: जिलाधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने बताया कि वर्तमान में तापमान 40 डिग्री से अधिक होने के कारण लू-प्रकोप चल रहा है। ऐसे में स्कूल जाने वाले छात्रों को लू लगने की प्रबल सम्भावना बनी हुई है। लू लगने पर बच्चों में डिहाईड्रेशन तथा बीमार होने का खतरा बना रहता है, जिससे जान की भी क्षति हो सकती है। जनसामान्य एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों द्वारा भी स्कूल उपरोक्त कारणों से बन्द किये जाने हेतु निरन्तर अनुरोध किया जा रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालय कक्षा-प्री-नर्सरी से कक्षा 12 तक में निम्नानुसार आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। जिन विद्यालयों में पूर्व से ही अवकाश घोषित है वह विद्यालय यथावत् बंद रहेगे, प्री-नर्सरी, नर्सरी से कक्षा 8 तक समस्त विद्यालय 31 मई तक पूर्णतः बन्द रखे जाये, जिन विद्यालयों में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कक्षा 9 से 12 तक यदि परीक्षाएं संचालित हो, उन्हें यथावत् शीघ्र सम्पादित करा लिया जाये।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल में समर कैंप की हुई शुरुआत



समर कैंप का शुभारंभ करते प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार।

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** कंकरखेडा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में बुधवार को समर कैम्प का आरंभ हो गया है। कैंप का शुभारम्भ स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने रिबन काटकर किया। दस दिन तक चलने वाले इस कैंप में कक्षा यूकेजी से कक्षा आठ तक के बच्चे भाग लेंगें। इस कैंप के अंतर्गत विभिन्न गति. विधियों जैसे नॉन फायर कुकिंग, साइंस एक्टिविटी, कम्प्यूटर एक्टिविटी, पर्सनेलिटी डवलपमेंट, म्यूजिक एण्ड डांस, थिएटर, योगा व स्पोटर्स आदि क्रियाकलाप कराये जायेंगे। जिससे छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# किसान दिवस: 74 समस्याओं में से मात्र 45 का निस्तारण

## जिलाधिकारी के देर से पहुंचने पर नाराज हुए जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी

- 29 पुरानी और 50 नई समस्याओं को लिखकर डीएम को सौंपा



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार माह के तीसरे बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में होने वाले किसान दिवस में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान भाग लेने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में किसान दिवस प्रारंभ हुआ। जिसमें किसानों ने अधिकारी कम होने की बात उठाई जिस पर तत्काल सभी अधिकारियों के पहुंचने के निर्देश सीडीओ ने दिए।

उसके बाद पुरानी समस्याओं पर चर्चा हुई जिस पर जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने जिलाधिकारी के न पहुंचने पर विरोध जताया। जिस पर आधा घंटा लेट डीएम वी.के. सिंह भी पहुंच गए। पुरानी समस्याओं पर चर्चा हुई जिसमें पिछले वर्ष की 74 समस्याओं में से 45 समस्याओं का निस्तारण उचित हुआ, बाकी समस्याओं पर विरोध की स्थिति उत्पन्न हो गई जिस पर डीएम भी अधिकारियों पर नाराज हो गए और सभी जायज समस्याओं का निस्तारण किसानों की न होने पर डीएम ने अधिकारियों पर कार्यवाही करने का आदेश दिया और साथ ही जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने सार्वजनिक रूप से कहा कि अगर में कोई गलत काम का दवाब किसी अधिकारी पर बनाते हे तो अधिकारी हम पर रिपोर्ट कराने का काम करे और किसी भी कार्यकर्ता पदाधिकारी का गलत काम किसी भी अधिकारी को करने की जरूरत नहीं है, और न ही दवाब में आने की जरूरत है। आप स्पष्ट रूप से किसानों की जायज समस्याओं का समाधान कराए और अगर समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की योजना बनाएंगे। इस दौरान अनुराग चौधरी ने प्रमुख रूप से किसानों ने गन्ना भुगतान कराने का मुद्दा उठाया जिस पर डीएम वी.के. सिंह ने जल्दी भुगतान का आश्वाशन दिया। किनोनी शुगर मिल से अंतिम पर्ची पर तीन क्विंटल चीनी गत वर्षों की भांति दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी वी.के. सिंह ने तत्काल दिलाने का आश्वाशन दिया, समिति ब्याज 7 प्रतिशत लिए जाने के संबंध के विरोध में डीएम वीके सिंह ने शासन को पत्र तत्काल लिखने का आदेश दिया। किसानों ने तालाब सफाई, सड़क आदि समस्याओं से संबंधित 53 समस्याओं को लिखकर जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने डीएम को सौंपा और समस्याओं का ससमय समाधान कराएं जाने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मेजर चिंदौड़ी, भोपाल, अनूप यादव, देशपाल, हर्ष, मोनू, बबलू, प्रशांत त्यागी, हरेंद्र गुर्जर, सत्येंद्र, मनोज खत्री, नरेश मवाना, सरदार जज सिंह, बंटी प्रधान, लाला, वीरेंद्र प्रधान महपा, दिवाकर, अमीर आलम, सोनू, कपिल, हरवीर , विनोद, कृष्णपाल, वीर सिंह आदि रहे।

# सीसीएसयू में योग फॉर वन अर्थ, वन हैल्थ कार्यक्रम हुआ आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** योग विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में कुलाधिपति के निर्देशानुसार 'Yoga for one Earth one health' कार्यक्रम के अंतर्गत विरासत से विकास योग का सामा. जिक जीवन पर प्रभाव विषय पर उत्तराखंड ओपन विद्यालय में योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. भानू प्रकाश जोशी द्वारा परिचर्चा की गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार योग द्वारा सामाजिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। की परिभाषा के अनुसार किसी व्यक्ति को केवल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना ही स्वास्थ्य नहीं माना जाता बल्कि सामाजिक स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण पहलू है। और योग द्वारा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ सामाजिक स्वास्थ्य भी बढ़ाया जाता है। इस परिचर्चा में योग विज्ञान विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस परिचर्चा के दौरान साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्षा प्रोफेसर नीलू जैन और सचिव प्रोफेसर कृष्ण कान्त शर्मा, विभाग के समन्वयक प्रोफेसर राकेश कुमार शर्मा, सभी शिक्षक डॉ. नवज्योति सिद्धू, सत्यम सिंह, अमरपाल, डॉ. कमल शर्मा, अंजू मलिक, ईशा पटेल, कुमारी साक्षी मावी उपस्थित रहे।




# सरधना के हॉस्पिटल में वार्ड ब्वॉय ने नर्स से किया दुष्कर्म का प्रयास

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सरधना में एक निजी अस्पताल में नर्स से छेड़छाड़ कर वार्ड बॉय ने दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता कई महीनों से इस अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत है। नर्स को जबरन खींचने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। ड्यूटी के दौरान वार्ड बॉय ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद आरोपी उसे जबरन चिकित्सक के कमरे में ले गया।

पीड़िता किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर भागी और अन्य कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी। आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि आरोपी पहले भी उसके साथ अश्लील हरकतें कर चुका था। उसने इसकी शिकायत अस्पताल संचालक और महिला चिकित्सक से की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। घटना के बाद जब पीड़िता के परिजन अस्पताल संचालक से मिले तो उन्होंने मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया। सीसीटीवी में घटना कैद होने के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले ली गई है, पीड़िता के बयान दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# सट्टा माफिया असलम प्रधान का आतंक, पुलिस की साठगांठ उजागर



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** ग्राम महलका में सट्टा माफिया असलम प्रधान और उसके परिवार का आतंक एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार मामला इतना गंभीर हो गया है कि 4 ग्रामीणों को गोली लगने से वे अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि स्थानीय पुलिस ने इस मामले में निष्पक्ष जांच करने के बजाय, असलम की साठगांठ में शामिल होकर पीड़ितों के खिलाफ ही क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर दी। यह खुलासा न केवल पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि प्रशासन की जवाबदेही को भी कटघरे में लाता है।

बीती 17 मई को शाम 5:30 बजे, ग्राम महलका में सट्टा माफिया असलम प्रधान और उसके परिवार ने सट्टा कारोबार का विरोध करने पर ग्रामीणों पर हमला कर दिया। असलम और उसके गुर्गों ने गोलियां चलाईं, जिसमें सुऐब गुलजार के पक्ष के 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि हमला जानलेवा था। घटना के 1 घंटे बाद, यानी शाम 6:30 बजे पुलिस गांव पहुंची, जो इसकी गंभीरता को लेकर सवाल खड़े करता है। मिली जानकारी के अनुसार सुऐब, गुलजार ने उसी रात एफआईआर नंबर 0113 समय 21-35 दर्ज कराई, जिसमें भारतीय न्याय संहिता बीएनएस, 2023 की धारा 191/2, 191/3, 190, 109, 110, 352, 351/2, और 351/3 लगाई गई। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि असलम ने फलावदा थाना प्रभारी से साठगांठ कर उसी रात 22:30 बजे एफआईआर नंबर 0114 दर्ज करा दी, जिसमें झूठे आरोपों के तहत सुऐब के पक्ष पर हत्या का प्रयास और रंगदारी जैसे संगीन इल्जाम लगाए गए। असलम पक्ष को एक खरा. ेंच तक नहीं आई, फिर भी पुलिस ने बिना जांच के यह एफआईआर दर्ज कर ली। इसके बाद, रात 11 बजे तीसरी एफआईआर नंबर 0115 दर्ज की गई, जिसमें दोनों पक्षों पर कार्रवाई दिखाने की औपचारिकता निभाई गई। एक ही घटना में 3 एफआईआर वह भी बिना जांच के यह पुलिस की निष्पक्षता पर बड़ा सवाल है।

## सट्टा माफिया और अपराध की दुनिया का सरगना

असलम प्रधान का नाम मेरठ में अपराध की दुनिया में कोई नया नहीं है। वह एक कुख्यात सट्टा माफिया है, जो पहले भी कई बार जेल जा चुका है। अखबारों की सुर्खिया इस बात का सबूत हैं कि असलम के खिलाफ पहले भी कार्रवाई हो चुकी है। पूर्व में ग्रामीण आशु, अहसान, और महराज ने उसके सट्टा कारोबार के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद वह जेल गया। इस कार्रवाई में थाना दौराला के इंस्पेक्टर व फलावदा थाना प्रभारी भी निलंबित हो चुके हैं।

## पुलिस की साठगांठ का हुआ खुलासा

असलम अपनी दबंगई दिखाने के लिए शादियों और अन्य कार्यक्रमों में फलावदा पुलिस को वर्दी में गनर बनाकर ले जाता है। इसकी तस्वीरें इस बात का पुख्ता सबूत हैं कि फलावदा पुलिस असलम के साथ मिलकर कानून का ही मजाक बना रही है। भाजपा नेता अंकित मोतला को लेकर असलम प्रधान जुए के बड़े खेल में नामजद हुआ है जिसमें डीआईजी कला निधि नैथानी ने भी बड़ी सख्ती दिखाई लेकिन उनकी सख्ती भी असलम प्रधान के सामने बोनी दिखाई दी असलम प्रधान लगातार गांव में ही घूम रहा है जबकि पुलिस के कागजों में उसकी तलाश चल रही है और अब नया मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस ने असलम प्रधान को गिरफ्तार भी कर लिया था लेकिन पुलिस के खेल ने गिरफ्तारी को भी मजाक बना कर रख दिया।

## पुलिस कर रही सट्टा माफिया की मदद, हमें चाहिए इंसाफ: सुऐब

सुऐब गुलजार ने कहा हम गरीब लोग हैं, दिनभर खेतों में पसीना बहाते हैं। लेकिन असलम जैसे सट्टा माफिया हमारी कमाई लूट रहे हैं। मेरे पिता की हत्या के बाद से वह हमें परेशान कर रहा है। इस बार उसने हम पर गोलियां चलवा दीं, लेकिन पुलिस उसकी मदद कर रही है। हम इंसाफ चाहते हैं वहीं कुछ ग्रामीणों ने भी कहा कि असलम के सीसीटीवी फुटेज की जांच हो ओर अन्य ग्रामीणों से पूछताछ हो, और दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई हो। अब देखना यह है कि प्रशासन कितनी ईमानदारी से इस मामले को लेता है और पीड़ितों को इंसाफ दिलाता है। वहीं पीड़ित परिवार आरोपी से काफी डरा हुआ है। और सुरक्षा चाहता है।

# परीक्षितगढ़ में व्यापारी और भाजपा नेताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** ब्लॉक के तहत नगर में संयुक्त व्यापार मंडल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद तिरंगा यात्रा निकाली।

जिसमें सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता तिरंगे लेकर भारत माता की जय के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यात्रा का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू संयुक्त व्यापार के अध्यक्ष सुधीर गर्ग ने संयुक्त रूप से भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया। यात्रा मेरठ स्टैंड भगत सिंह चौक से शुरू हुई तथा मुख्य बाजार शिव चौक मवाना बस स्टैंड किठौर स्टैंड मुख्य मार्ग से होती हुई भगत सिंह चौक पर संपन्न हुई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ब्रह्म सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से पूरे देश का मान सम्मान बढ़ा है तथा आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा है। इससे भारत में भारत की सेना का सम्मान बढ़ा है। इस मौके पर रामगोपाल त्यागी मंडल अध्यक्ष सोमवीर सिंह, संजीव शर्मा, ललित त्यागी, सोनू त्यागी, विक्की त्यागी, मोहित बंसल, पंकज मित्तल आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

- शाहीन स्कूल में आयोजित हुआ सम्मानित कार्यक्रम
- किठौर, शाहजहांपुर-दौताई और गढ़मुक्तेश्वर के छात्रों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर बढ़ाया मान
- छात्रों में दौड़ी खुशी की लहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के शाहीन किड्स प्ले स्कूल द्वार इस वर्ष हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शाहीन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहीन अकैडमी, मेरठ के चेयरमैन आबिद अली ने की। किठौर, शाहज. हांपुर, दौताई, गढ़मुक्तेश्वर आदि कस्बों के छात्रों को उनकी शानदार कामयाबी के लिए ट्रॉफिया और सर्टिफिकेट दिए गए। यह कार्यक्रम शाहीन किड्स स्कूल के प्रबंधक जाकिर खान,जफरुल्लाह खान और डायरेक्टर अदनान मलिक और उनकी टीम ने आयोजित किया था।

मुख्य अतिथि आबिद अली ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार कामयाबी हासिल करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए घोषणा कि है कि शाहीन ग्रुप प्रतिभाशाली छात्रों को न केवल विभिन्न कोर्सो की तैयारी में मदद करेगा बल्कि उनको वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराएगा।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेहर ए आलम खान ने छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि हमें शिक्षा संस्थानों में एसी भावी पीढ़ी तैयार करने की जरूरत है जो बेहतरीन शिक्षा से ही नहीं बल्कि जीवन के बेहतरीन मूल्यों से परिपूर्ण हो और समकालीन वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की क्षमता रखती हो। शिक्षण से संबंधित अन्य अतिथियों अकील मालिक, असद कासमी और मोहम्मद इस्माईल ने अपने भाषणों में उन्नत समाजों की रचना में शिक्षा की महत्ता को उजागर किया। शाहीन किड्स स्कूल की ऐकडेमिक कोऑर्डिनेटर फायजा अखलाक ने अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल के डायरेक्टर अदनान मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। इस अवसर पर सम्मानित छात्रों के अभिभावकों के अलावा कस्बे के जो गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे उनमें तबारक उल्ला खान, शहजर खान, रफीक खान, यूसुफ खान, मुमताज आलम, नसीब आलम, इकबाल मलिक, अंकित प्रकाश आदि शामिल थे। शाहजहांपुर का शाहीन किड्स प्ले स्कूल शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, जिसका मुख्यालय कर्नाटक में है, की देख रेख में कार्यरत है। इस संस्था का मूल दर्शन एक ऐसी भावी पीढ़ी का निर्माण करना है जो उच्च नैतिक गुणों से परिपूर्ण हो। शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की स्थापना 1989 में हुई थी और यह शिक्षा क्षेत्र में 36 वर्षों की समृद्ध विरासत को अपने साथ लिए हुए है। भारत में इस ग्रुप की 104 शाखाएं चल रही हैं। सऊदी अरब और नेपाल में भी इस ग्रुप के संस्थान कार्यरत है, और अब यूएई में भी इसके विस्तार की योजना है।

# दो पक्षों की फायरिंग में पुलिस ने तीन को भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बली में दीवार को लेकर दो पक्षों में तीन दिन पूर्व फायरिंग हुई थी इस मामले में एक पक्ष के कपिल ने कमल सिंह दूसरे पक्ष के कमल सिंह ने जानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

वहीं दोनों पक्षों में समझौता करने मंगलवार को पूरे दिन थाने में सफेद पोश लोगों का जमावड़ा लगा रहा। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि फायरिंग कर गांव का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई थी आरोपी कमल, कपिल व जय भगवान का नाम प्रकाश में आया था तीनों लोगों को जानलेवा हमले की धारा के मुकदमे में कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# बिजली की कड़कड़ाहट के साथ आई आंधी और बारिश

शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** कस्बे में शाम के समय बिजली की कड़कड़ाहट के साथ आंधी आई और उसके साथ ही बारिश के साथ ओले भी गिरे। कई दिनों से चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली है। गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो रहा था लेकिन आज शाम मौसम ने अचानक करवट बदली पहले तेज आंधी आई उसके बाद बिजली कड़कने लगी और झमाझम बारिश शुरू हो गई बारिश के साथ कस्बे व आसपास ओले भी गिरे। जिससे तापमान में गिरावट आयी है। हालाकि लोगों ने राहत की सांस ली है । वहीं शहर में भी तेज हवा व आंधी से सड़क पर लगे होर्डिंग गिर गये। सड़कों पर लोगों में हड़कंप मचा रहा।

# हाई लॉस फीडरों पर विशेष चैकिंग अभियान से विद्युत चोरी करने वालों में हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के समस्त 14 जनपदों में चलाये गये हाई लॉस फीडरों पर, विशेष चैकिंग अभियान से विद्युत चोरी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। डिस्कॉम द्वारा 17 मार्च 2025 से 19 मई 2025 तक हाई-लॉस फीडरों पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया, जिसमे विभाग के अधिकारियों एवं विजिलेंस द्वारा अलग-अलग टीमें गठित कर, नियमित रूप से औचक रेड डालकर, विद्युत चोरी करने वालों पर शिकंजा कसा गया। जनपद मेरठ के हाई लॉस एरिया लिसाड़ी गेट में 52, खुशाहलनगर में 07, सरधना टाउन मे 36 तथा जनपद बागपत के बड़ौत टाउन मे 28, जनपद गाजियाबाद के बमहैटा-प्रथम मे 06, बमहैटा-द्वितीय मे 48, टीला मे 30. झंडापुर, महाराजपुर तथा खडखड (साहिबाबाद) मे 15, जनपद बुलंदशहर के चिन्हित हाई लॉस एरिया खुर्जा में 109, जनपद हापुड़ में हापुड़ टाउन मे 72, जनपद मुजफ्फरनगर के चरथावल टाउन मे 124, जनपद शामली में ऊन में 30, जनपद सहारनपुर मे अम्बाला रोड एरिया 56, जनपद गौतमबुद्ध नगर के दादरी टाऊन मे 32 एवं जेवर टाऊन मे 52 विद्युत चोरी पकडी गई जिनके विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त जनपद मुरादाबाद के चिन्हित हाई लॉस एरिया जामा मस्जिद एरिया में 09, काण्ठ टाउन मे 28, जनपद रामपुर के स्वार मे 82 एवं जनपद संभल के चंदौसी मे 23 तथा जनपद अमरोहा के हाई लॉस एरिया, हसनपुर-नगर पालिका एरिया में 80, रामलीला ग्राउड चहाशेरी एवं शहानपुर में 25 चोरी पकडी गई। कुल 53571 परिसर चौक किये गये, कुल 931 संयोजनो पर विद्युत चोरी पकड़ी गई जिनके विरूद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई।



इसके अतिरक्त 10 मीटरों में 45704 यूनिट स्टोर रीडिंग पकड़ी गई, 231 केस गलत टैरिफ में चलते पाये गये, 3435 मीटर परिसरों से बाहर शिफ्ट किये गये तथा 9977 संयोजन बकाये पर विच्छेदित कर 939.19 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गई। विभाग द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि गोपनीय स्तर पर भी, विद्युत चोरी के प्रकरणों की जानकारी जुटाई जाये, विद्युत चोरी पर शिकंजा कसने के लिये कार्य योजना बना कर, सार्थक प्रयास किये जायें। विद्युत चोरी करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# 150 इमारतों पर लिखा ये बिल्डिंग अवैध हैं

## 125 ज्यादा अतिक्रमणकर्ता के खिलाफ शिकायत, ध्वस्त की जाएंगी सभी इमारतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में करीब 150 इमारतों पर 'यह बिल्डिंग अवैध है' लिखा जा चुका है। अभियान जारी है। इमारतों में पार्किंग से लेकर बिजली का कनेक्शन भी है। नियमत: इस जमीन पर प्राधिकरण की बिना अनुमति के निर्माण नहीं किया जा सकता। भू माफियाओं ने इन जमीनों को किसानों या कब्जा किया और भोले भाले लोगों को फंसा दिया। अब इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा। अवैध निर्माण कर्ताओं के खिलाफ 125 से ज्यादा शिकायत पुलिस से की गई।

नोएडा में गढ़ी चौखंडी, सोरखा, बसई, बरौला में विगत कई सालों से अवैध निर्माण हो रहा था। जिस समय इनका निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण की निगरानी टीम ने उन्हें नहीं रोका। यहां विशालकाय इमारत, शो रुम, होटल बन गए। लोगों ने अपना पैसा भी इसमें लगा दिया। अब प्राधिकरण ने इन इमारतों को चिह्नित किया और वहां लाल स्याही से चेतावनी लिख दी। जिसके बाद कुछ एक स्थानों पर लोगों ने लाल स्याही को मिटा दिया।

**बड़े शो रूम तक शामिल**

बरौला में हाल ही में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण किया गया। इसमें बड़े-बड़े शो रूम तक है। यही नहीं कार के सर्विस सेंटर भी शामिल है। जिनको अवैध करार दिया गया। इस नोटिस और प्राधिकरण के लाल रंग की स्याही ने इनके मालिकों के माथे पर पसीना ला दिया है। लोगों का कहना है हमे नहीं पता कि ये अवैध जमीन है और हमारे फ्लैट और मकान या शो रूम अवैध है। हमने अपनी जीवन भर की कमाई इसमें लगा दी है। प्राधिकरण अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सीईओ के निर्देश पर ही अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जा रही है। 150 इमारतों पर लिखा गया ये निर्माण अवैध है प्राधिकरण के अलग-अलग सर्किल में करीब 150 इमारतों पर अवैध निर्माण लिखा गया है। ये इमारत नोएडा के बरौला, हाजीपुर, सोरखा जाहिदाबाद, गढ़ी चौखंडी, बसई और अन्य स्थानों और गांव में है। सबसे ज्यादा अवैध निर्माण बरौला में है। यहां बनी इमारत को ध्वस्त करने के लिए पूर्व में एक कंपनी का चयन किया गया था। क्योंकि इमारती रिहाइशी है। इनको ध्वस्त करने के लिए सलाहकार की आवश्यकता होगी।

**एक दिन में नहीं बनी अवैध इमारत**

ये इमारतें एक दिन में नहीं बनी। इनको बनाने में महीनों लग गए। लोगों का आरोप है जब निर्माण या कॉलोनी काटी जा रही थी उस समय प्राधिकरण ने एक्शन क्यों नहीं लिया। अब प्राधिकरण हमारी इमारतों को अवैध बताकर ध्वस्त करने की योजना कर रहे है। प्राधिकरण का ये निर्णय गलत है। हालांकि जो भी ध्वस्तीकरण होगा वो आचार संहिता हटने के बाद किया जाएगा। वहीं प्राधिकरण में अवैध निर्माण को शह देने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी एक्शन शुरू हो गया है।

## आंगनबाड़ी केन्द्र से चोरों ने सामान समेटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** परिषदीय स्कूलों का अवकाश हो चुका है, 20 मई से छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। केवल विद्यालय में आंगनवाड़ी केन्द्र खुले हुए हैं। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर भी काफी सामान रखा होता है। जहां बच्चों को पोष्टाहार, बिस्किट व अन्य सामान वितरण किया जाता है। नौनिहालों को बैठने के लिए कुर्सियां एवं खिलौने भी हैं परंतु स्कूल बंद होते ही चोरों का कहर शुरु कर हो गया है। 20 मई से छुट्टियां घोषित हुई, उसी रात्रि को ब्लाक बनियाखेड़ा स्थित पथरा स्थित जूनियर हाईस्कूल में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र को निशाना बनाया। चोरों ने स्कूल परिसर में प्रवेश करने के लिए सीढिय्यों का इस्तेमाल किया।

## एक नजर

### महर्षि दयानंद में समर कैंप का योग के साथ शुभारंभ

**कांठ।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समर कैंप का शुभारंभ योग एवं व्यायाम से किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन



हमारे जीवन को आनंद मय बनाते हैं योग हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है प्रतिदिन योग करना चाहिए योग के माध्यम से हम अपने शरीर को निरोगी बना सकते है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पानी को लेकर हुई मारपीट में कई नामजद

**कांठ।** पानी को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने कई को नामजद किया है मामला थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी का है वहां के नन्हे पुत्र लोटन सिंह का कहना है कि 20 मई की शाम को रात्रि 09 बजे नाली के पानी को लेकर कहा. सुनी हो गई जिस पर सचिन, निखिल पुत्रगण ननुआ, कृष्णपाल पुत्र खड्ग सिंह व रोहित पुत्र पंखू ने मिलकर उसके व उसके बडे भाई बबलू के साथ मारपीट व गाली गलौच की। और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### तहसील क्षेत्र के राजपुरा, छज्जुपुरा में 'अमृत सरोवर' का होगा निर्माण

**कांठ।** सशासन ने दूसरे चरण में अमृत सरोवर का निर्माण जिलों में कराने का निर्देश दिया है। इस बार एक एकड़ या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों को चिह्नित कर अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी 30 तक इसे चिह्नित करेंगे।उपायुक्त श्रम रोजगार आरपी भगत ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मिशन अमृत सरोवर 2.0 के माध्यम से अमृत सरोवर का कार्य फिर आरंभ किया गया है। अमृत सरोवर 2.0 के अंतर्गत एक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चयन कर अमृत सरोवर विकसित किया जाएगा। एक एकड़ से कम क्षेत्रफल वाली ग्राम पंचायतों में चयन किए गए तालाबों को सरोवर बनाया जाएगा। अब तक जिले में पांच तालाबों का चयन हुआ है। कांठ तहसील में रजपुरा, छज्जुपुरा गांव, ठाकुरद्वारा डिलारी से अदलादपुर, फौलादपुर और मुरादाबाद से मोहम्मदपुर तिगरी गांव में एक एकड़ के तालाब का चयन किया गया है।

### जैव विविधता प्रकृति में जीवन का मुख्य आधार: डॉ. डीके अग्निहोत्री

**चन्दौसी।** शहर के शिक्षाविद् व पर्यावरणविद् डॉ डी.के. अग्निहोत्री ने बताया कि आज भारत समेत सम्पूर्ण विश्व, अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई, 2025 को 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत् विकास' थीम के साथ मना रहा है। यह दिवस व्यक्तियों को प्राकृतिक जैव विविधता के संरक्षण के लिए सार्थक कार्यवाही करने के लिए प्रोत्साहित करना है, इसके साथ-साथ प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और उचित तरीके से पुनर्चक्रण करना एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने में योगदान देता है। राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अनुसार फरवरी-2024 तक भारत मे कुल 48 जैव विविधता विरासत स्थल है, यह जैव विविधता अधिनियम-2002 की धारा 37(1) के तहत अधिसूचित किया जाता है जो समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित होती है। इन स्थलों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए राज्य सरकारें स्वयं नियम निर्धारित करती हैं। जैव विविधता महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि यह पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखती है।



हमें भोजन, स्वच्छ वायु, प्राकृतिक संसाधन व दवा उपलब्ध कराने में मदद करती हैं तथा पृथ्वी पर सभी जीवों को सहारा देती है जिसमें हम मनुष्य भी शामिल हैं। जैव विविधता हमारे पृथ्वी गृह के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ना केवल जीव-जंतुओं बल्कि पेड़-पौधों व मनुष्यों को सुरक्षित व संरक्षित करती है और विभिन्न प्रकार से लाभ प्रदान करती है। अत: हमें जैव विविधता को संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए।

## पुलिस की बदमाश से मुठभेड़, पैर में लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना फेस-1 पुलिस नोएडा से दिल्ली की तरफ जाने वाले रास्ते गंदे नाले पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सामने से एक मोटर साइकिल सवार आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने बाइक सवार को रुकने का इशारा किया।

वह रुका नहीं और बाइक मोड़कर सेक्टर 14 के पीछे नाले की पटरी पर दिल्ली की तरफ जाने वाले रास्ते पर भागने लगा। वॉर्निंग देने उसने बाइक की रफ्तार तेजी की। जिससे बाइक फिसल गई। बदमाश ने पुलिस से अपने आप को घिरता देख अपने पास लिए अवैध असलहे से पुलिस पर फायर किया। जवाबी फायर में बदमाश के पैर में गोली लगी। बदमाश को गिरफ्तार कर अस्पताल ले जाया गया। बदमाश की पहचान सोनू उर्फ सत्ता पुत्र जहांगीर निवासी न्यू अशोक नगर दिल्ली हुई है। इसकी उम्र करीब 25 साल है। इसके कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस और चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपी थाना फेस-1 के एक मुकदमा वांछित था। इसका आपराधिक रिकार्ड पता किया जा रहा है। साथ ही इसकी जानकारी अन्य जनपद भी भेजी है। बदमाश घरों की रैकी करके चोरी की घटना को अंजाम देता था। इसके साथ और भी लोग रहते थे या नहीं पूछताछ की जा रही है।

## डीएनडी से नहीं सेक्टर-19 से बनेगी एलिवेटेड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली से नोएडा के इनर सेक्टर तक जाने के लिए प्रस्तावित एलिवेटेड की प्राथमिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट आ गई है। इसके अनुसार एलिवेटेड डीएनडी से सेक्टर-57 तक नहीं बल्कि सेक्टर-19 की तरफ रजनीगंधा अंडरपास से करीब 100 मीटर आगे से बनेगी। फिजिबिलिटी रिपोर्ट आईआईटी रुढ़की भेजी गई है।

प्राधिकरण इसे ही योजना के लिए सलाकार नियुक्त करेगा। डीपीआर और कागजी कार्य पूर्ण करेगा। इसके बाद टेंडर जारी कर इसका निर्माण कराया जाएगा।बता दे 2015 में इस योजना का शिलान्यास किया गया। जिसमें एलिवेटेड डीएनडी से सेक्टर-57 तक बनाने की योजना थी। लेकिन अब एक अन्य कंपनी से प्राधिकरण ने इसकी फिजिबिलिटी चेक कराई। जिसमें वजह सामने आई कि रजनीगंधा अंडरपास और डीएससी रोड पर बने मेट्रो लाइन के ऊपर से एलिवेटेड नहीं बनाई जा सकती। इससे स्ट्रक्चर में खामी आ सकती है। इसलिए रिपोर्ट में एलिवेटेड सेक्टर-19 से सेक्टर-57 तक बनाने को कहा गया। फाइनल फिजिबिलिटी आईआईटी रुढ़की चेक करेगी।

**10 मिनट में तय होगा सफर**

प्राधिकरण ने बताया कि सेक्टर-19 से सीधे सेक्टर-57 चौराहे तक एलिवेटेड बनने से दिल्ली से नोएडा के सेक्टर-57, 58, 59 के अलावा 65 और मामूरा और अन्य सेक्टरों के ट्रैफिक स्मूद होगा। उनको रेड लाइट और जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही 30 मिनट का समय 10 मिनट में तय किया जा सकेगा। इस एलिवेटेड के निर्माण में करीब 400 करोड़ रुपये खर्च किए जा सकते है। डीपीआर में इसका बजट को बताया जाएगा।

**पीक आवर में रहता है जाम**

सुबह और शाम व्यस्त समय में रजनीगंधा से सेक्टर-12-22-56 तिराहे तक वाहनों का दबाव रहता है। शाम के वक्त तो वाहन रेंगते नजर आते हैं। आने वाले समय में वाहनों का यहां दबाव और भी बढ़ेगा। इस सड़क से शहर के औद्योगिक सेक्टरों के साथ कई आवासीय सेक्टरों को लोग जाते हैं। वहीं गाजियाबाद खासकर खोड़ा और इंदिरापुरम, दिल्ली जाने वाला ट्रैफिक भी होता है।

## सिंचाई विभाग की जमीन पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना में प्रशासन ने बुधवार को सिंचाई विभाग की जमीन से अवैध कब्जा हटाया। इस जमीन की कीमत 50 करोड़ रुपये से अधिक है। प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से 65 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया। दकासना थाना क्षेत्र में सिंचाई विभाग की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। कुछ ने झुग्गी-झोपड़ी बना ली थी। कुछ ने मकान बना लिए थे। प्रशासन पिछले दो वर्षों से इन लोगों को नोटिस दे रहा था।सदर एसडीएम चारुल यादव के नेतृत्व में प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण करने वालों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके थे। जमीन की पैमाइश भी कराई गई थी। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## इंजीनियर का घर चोरों ने खंगाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-71 के ए ब्लॉक स्थित एक घर में किराए पर रहने वाले इंजीनियर के घर में 18 मई को चोरी हो गई। घटना के समय पीड़ित एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित विवेक जाखड़ ने बताया कि वह पेशे से इंजी. नियर हैं। वह एक घर में किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। 18 मई की सुबह वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। रात में जब घर लौटे तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर घुसकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था।जांच करने पर पता चला कि चोर उनके घर से लैपटॉप, नकदी, जूते, चप्पल और कपड़ों के अलावा कीमती सामान चोरी कर लिए। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द की घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## पार्क की बेंच में फंसी बच्ची की उंगलियां छह घंटे में मेटल प्लेट काटकर बाहर निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 53 कंचनजंगा मार्केट के पीछे पार्क में लगी बेंच में एक 7 साल की बच्ची अंशिका की एक उंगली फंस गई। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि दमकल विभाग की टीम ने करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद मेटल टीन को काटा। इसके बाद बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने इसका कोई इलाज नहीं होना बताया। जिसके बाद टीम ने दोबारा से मेटल प्लेट को बारीक काटकर बच्ची की दोनों उंगलियों को बाहर निकाला। जानकारी मिलते ही फायर सर्विस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने अपने रेस्क्यू टूल्स एवं बाहर से आयरन वर्क करने वाले व्यक्तियों को बुलाया। इसके बाद उंगलियों के चारों और के मेटल को काटा और एक टुकड़ा अलग कर लिया। जिससे उंगलियों पर ज्यादा दबाव न पड़े। बच्ची की उंगलियों को लगभग 06 घंटे की कड़ी मेहनत से सुरक्षित निकाला गया। अंशिका की उंगली बेंच में बने छेद में फंस गई थी। उसने काफी प्रयास किया। इस कारण उंगलियों में खून का संचार कम हो गया।

## टिमिट में 'इमोशनल वैलनेस एवं मेंटल हेल्थ' विषय पर आयोजित हुआ विशेषज्ञ वार्ता सत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट- कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा एक अत्यंत महत्वपूर्ण और विचारोत्तेजक विशेषज्ञ वार्ता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र समकालीन युवाओं के जीवन से संबंधित एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय इमोशनल वैलनेस एवं मेंटल हेल्थ विषय पर आधारित था। इस कार्यक्रम में एमटीपीएल संस्था से दो प्रतिष्ठित वक्ता आमंत्रित किए गए थे श्री देवेश त्रिपाठी, संस्थापक एवं चीफ बिजनेस ऑफिसर, और श्री चमन कुमार, डायरेक्टर सेल्स। दोनों अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक अनुभवों एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाया और जीवन में भावनात्मक स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर गहन चर्चा की। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि आत्म-संवाद, सकारात्मक सोच, योग, ध्यान और आवश्यकता पड़ने पर परामर्श जैसे उपाय जीवन में मान. सिक संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अपने प्रश्नों को विशेषज्ञों के समक्ष रखा, जिनका समाधान अत्यंत सहज और उपयोगी तरीके से किया गया। सत्र टिमिट के सेमिनार हॉल में आरंभ हुआ, जिसमें बीबीए इंटरनेशनल बिजनेस एवं एमबीए कॉरपोरेट के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने अपने विचार साझा करते हुए कार्यक्रम को आयोजित करने वाली समन्वयक, फैकल्टी सदस्यों और विद्यार्थियों को इस प्रेरणादायक एवं उपयोगी सत्र के सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। साथ ही उन्होंने दोनों अतिथि वक्ताओं का विशेष रूप से आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस




प्रकार के सत्र न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास में बल्कि उनके मानसिक और भावनात्मक संतुलन को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुल मिलाकर, यह विशेषज्ञ वार्ता सत्र न केवल ज्ञानवर्धक रहा।

बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में सराहा गया।

## बड़े पैमाने पर चल रहा है खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बड़े पैमाने पर खनन चल रहा है। खनन अधिकारी द्वारा उन्हीं लोगों को खनन के लाइसेंस जारी किये जाते हैं जो खनन का कार्य करते हैं। आम आदमी को 10 ट्राली का भी लाइसेंस नहीं मिलता। नगर में जगह-जगह नालों की खुदायी की जा रही है। स्थानीय लोग उस मिट्टी को उठा रहे हैं। वहीं ठेकेदार खेतों में खनन का ठेका लेकर मिट्टी उठाने कार्य तेजी से कर रहा है। पथरा, मई, कैथल, बनियाठेर, जारई, नरौली, अजीमगंज जैसे क्षेत्रों में खनन भरकर नगरीय क्षेत्र में भराव का कार्य किया जा रहा है। इधर असालतपुर जारई रोड से भी काफी संख्या में ट्रैक्टर भराव की मिट्टी लेकर भरकर पूरी रात्रि सरपट दौड़ते नजर आते हैं जिससे सड़क पर मिट्टी गिरती जाती है और दिन में हवा के साथ यह मिट्टी राहगीरों की आंखों तक पहुंचती है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे बनेगी 100 मीटर चौड़ी ग्रीनबेल्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे 100 मीटर चौड़ी ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी। इसे यीडा विकसित करेगा। सेक्टर-17 से जेवर एयरपोर्ट तक 38 किमी लंबे ग्रीन बेल्ट को विकसित करने के लिए ग्लोबल टेंडर जारी किया जाएगा। जिस पर करीब 700 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसका उद्देश्य क्षेत्र को पर्यावरण अनुकूल बनाना, हरियाली को बढ़ावा देना है। इस ग्रीन बेल्ट में म्यूजिकल फाउंटेन, म्यूरल्स और अन्य पर्यावरण-अनुकूल सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। ये न केवल क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाएंगे, बल्कि स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केंद्र भी बनेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे ग्रेटर नोएडा से जेवर तक 38 किमी लंबी और 60 मीटर चौड़ी सड़क बनाई गई है। प्राधिकरण के सेक्टरों की सड़क से कनेक्टिविटी है। सड़क के किनारे प्राधिकरण ने 100 मीटर चौड़ी जमीन ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित कर रखा है।

**सौर ऊर्जा से संचालित होगा पार्क:** इस ग्रीन बेल्ट की लैंडस्केपिंग कर विभिन्न प्रजातियों के देसी-विदेशी पौधे लगाए जाएंगे। यह स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए मनोरंजन का एक अनूठा साधन होगा। विश्वस्तरीय लैंडस्केप डिजाइन के साथ हरियाली को बढ़ावा दिया जाएगा। पर्यावरण-अनुकूल होगी सुविधाएं जिसमें सौर ऊर्जा से संचालित स्ट्रीट लाइट्स, वर्षा जल संचयन प्रणाली, जैविक खाद उत्पादन इकाइयों को शामिल किया गया है।

**वॉकिंग और साइकिल ट्रैक**

वॉकिंग और साइकिलिंग ट्रैक बनाया जाएगा। मनोरंजन के लिए बच्चों और परिवारों के लिए खेल के मैदान, ओपन-एयर थिएटर, और पिकनिक स्पॉट जैसी सुविधाएं भी होंगी। ये सब कार्य ग्लोबल टेंडर के जरिए कराया जाएगा। जिसकी आरएफपी तैयार की जा रही है। इसके बाद कंपनी का चयन किया जाएगा।

## गोसेवा आयोग के सदस्य ने रायपुर खुर्द जाकर किया गोशाला का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल द्वारा गो आश्रय स्थल रायपुर खुर्द का निरीक्षण किया गया। पहले गौ माता का पूजन हुआ और हरा चारा एवं गुड़ का भोग लगाया गया। उन्होंने अधिकारियों को गौशाला में निराश्रित गोवंशों को भीषण गर्मी में लू से बचाने के उपाय करने के निर्देश दिए। और कहा कि गोशाला में हरे चारे की उपलब्धता बनी रहनी चाहिये। ग्रामीणो द्वारा गौशाला के बराबर में बनाया जा रहा कूड़ा घर का विरोध करते हुए मुआयना कराया गया।इस मौके पर तहस. ीलदार, गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा, डॉ अनुज चौधरी, मीत जी ,डॉ आदित्य गोयल, सेक्रेटरी संजीव चौहान, ग्राम प्रधान, मोहित कुमार, ओंकार सिंह चौहान, मुकेश चौहान, जयवीर सिंह, कपिल चौहान, कैलाश चौहान, आदि लोग उपस्थित रहे।

## हार्वड कान्वेंट स्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ, बच्चों ने उठाया पानी का आनंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप के अंतर्गत विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के मनोरंजन के लिए पूल पार्टी ,कैलीग्राफी, स्पोर्ट, इंग्लिश स्पोकन, आर्ट एंड क्राफ्ट, कंप्यूटर कोर्स कुकिंग मेहंदी, फैंसी ड्रेस, नॉन स्टॉप इंग्लिश स्पीकिंग, योगा, फायरलेस कुकिंग , और फन विथ मैथ जैसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रथम दिन विद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया और पूल पार्टी, कैलीग्राफी ,आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पॉट में क्रिकेट, वॉलीबॉल फुटबॉल, बैडमिंटन, कंप्यूटर के अंतर्गत एमएस ऑफिस इंटरनेट ड्राफ्टिंग ऑफ ईमेल और मेहंदी प्रतियोगिता तथा फन विद मैथ, और फैंसी ड्रेस जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने समर कैंप का महत्व बताते हुए कहा कि विद्या अध्ययन के साथ-साथ छात्रों के जीवन में मनोरंजन का भी बहुत महत्व होता है जिससे उनका अध्ययन सुचारू और सरल रूप से क्रियान्वित रहता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## तहसील में सरकारी आदेशों का खुला उल्लंघन

**कांठ।** तहसील में उच्च अधिकारियों के आदेशों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है कर्मचारी मनमाने तरीके से काम करते हुए बारे न्यारे करने में लगे हैं लेकिन आम आदमी को कानून का पाठ पढ़ाया जाता है। इसकी एक बानगी एक बार फिर तहसील में देखने को मिली है। बताया गया कि जिला अधिकारी के आदेश से जिन जमीनों पर कर्ज है और भूमि बंधक है उनके दाखिल खारिज पर रोक लगाई गई थी जिसे लेकर पिछले करीब दो महीनो तक वकीलों ने हड़ताल की लेकिन सरकारी आदेशों के आगे उनकी नहीं चल सकी और उन्होंने काम पर वापस आना ही मुनासिब समझा लेकिन उस वक्त भी नायब तहसील द्वारा किया गया एक दाखिल खारिज वकीलों की नजर में आया तो जांच बैठ गई और नायब तहसीलदार का यहां से तबादला कर दिया गया। मगर अब एक और इसी तरह का कारनामा सामने आने पर तहसील में हड़कंप मचा हुआ है बताया गया कि किसी किसान ने 2020 में अपनी भूमि पर किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए लोन लिया था जिसका नवीनीकरण 2024 में होना था मगर समय पर लोन जमा ना होने के कारण बैंक ने भूमि बंधक होने के कारण इसकी बिक्री या हस्तांतरण पर रोक लगाई थी।

# डीएम ने देर रात शहर में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के डीएम अभिषेक पांडेय लगातार एक्शन मोड में दिखाई दे है। मंगलवार की देर रात अचानक शहर की साफ-सफाई और व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए डीएम अभिषेक पांडेय सड़को पर निकल पड़े जहां उन्होंने नगर के प्रमुख क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरिक्षण के दौरान साफ-सफाई में लापरवाही देखकर उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने कोठी गेट स्थित शराब के ठेके के बाहर सड़क पर खाली बोतलें और कूड़ा मिलने पर ठेके पर जुर्माना लगाने का सम्बंधित अधिकारियो को आदेश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में गंदगी स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि रात में सफाई के बाद गंदगी मिलने पर दुकानदारों और सफाई कर्मियों पर कार्रवाई होगी। दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान के बाहर स्वच्छता बनाए रखने को कहा गया। डीएम ने रेलवे रोड पर एक होटल के बाहर अतिक्रमण देखा। डीएम ने नगर पालिका को इसे तुरंत हटाने के निर्देश दिए। डीएम ने गोल मार्केट, चंडी रोड, मीनाक्षी रोड, सर्राफा बाजार और रेलवे रोड का दौरा किया गया। इन क्षेत्रों में नियमित सफाई और अवैध होर्डिंग हटाने के आदेश दिए गए। डीएम अभिषेक पांडेय ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वच्छता उनकी प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान सदर एसडीएम इला प्रकाश समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





# डीजे पर कंपीटिशन को लेकर दो पक्षों में फायरिंग, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के परतापुर रोड स्थित वैष्णो मंदिर के पास मंगलवार की रात डीजे कंपीटिशन को लेकर दो पक्षो के बीच विवाद हो गया। विवाद में हुई फायरिंग के दौरान गोली लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

वैष्णो मंदिर निवासी आकाश ने बताया कि उसका बड़ा भाई विकास डीजे बजाने का काम करता है। चार दिन पहले एक गांव में डीजे प्रतियोगिता हुई थी। जिसमें एक डीजे वाला हार गया था। आरोप है कि मंगलवार रात करीब आधा दर्जन कार सवार दबंगो ने उसके भाई विकास को बाहर बुलाया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विकास के विरोध करने पर दबंगो ने उसके साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि विकास के पिता रामौतार ने बेटे को छुड़ाने का प्रयास किया तो दबंगो ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में रामौतार और पड़ोस में रहने वाले सुंदर फौजी को गोली लगी गई जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।



# किसान दिवस में डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को डीएम अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रो के कृषको एवं कृषक प्रतिनिधियो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

किसान दिवस में सर्वप्रथम योगेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया गया। इसके बाद किसान दिवस की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। उप कृषि निदेशक द्वारा गतमाह अप्रैल, 2025 के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतो से सम्बन्धित निस्तारण आख्या उपस्थित सभी कृषको के समक्ष पढ़कर सुनाई गयी तथा निस्तारण सम्बन्धी विस्तृत विवरण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा कृषको को अवगत कराया गया। किसान दिवस में विभिन्न कृषको द्वारा समस्या लिखित रूप से अवगत करायी गयी। किसानों द्वारा डीएम अभिषेक पांडेय को यह भी अवगत कराया की हमारे द्वारा किसान दिवस में जो भी शिकायतें दी जाती है संबंधित अधिकारी उसके निस्तारण में खाना पूर्ति करते हैं। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए किसान दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसान दिवस के दौरान किसानों की जो भी समस्याएं आ रही है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। डीएम द्वारा किसान दिवस में समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों और प्रतिनिधियों को अपने विभाग से संबंधित समस्याओं तथा लंबित पूर्व किसान दिवस की शिकायतों का निस्तारण 10 दिनों में करके प्रत्येक दशा में निस्तारण की कार्यवाही की प्रति किसान दिवस के नोडल अधिकारी उप कृषि निद. ेशक, कार्यालय निकट कोतवाली में उपलब्ध कराते हुये एक प्रति शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।



# फर्जी बैनामे कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने फर्जी बैनामे कराने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस द्वारा फर्जी बैनामे कराने के मामले में फरार चल रहे आरोपी रोहताश पुत्र शंकरलाल निवासी मोहल्ला सुभाषनगर जयप्रकाश दरोगा वाली गली थाना हापुड देहात जनपद हापुड़ को मोहल्ला सुभाषनगर में फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## एक नजर

### ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत विभिन्न थानो ने 12 वारंटी पकडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थानो से 12 वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत विभिन्न थाना पुलिस द्वारा कुल 12 वारन्टियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। थाना हापुड़ नगर ने जितेन्द्र कुमार पुत्र नानक चन्द निवासी मौहल्ला कोटला सादात हापुड, सुमित उर्फ सोनू पुत्र चौ वेदपाल निवासी ए-791 आवास विकास कालोनी मेरठ रोड हापुड, अनुज पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम मोहल्ला तगासराय, ब्रिजेश पुत्र जयभगवान निवासी मोहल्ला चामड असौडा, राजेन्द्र पुत्र शिवचरन निवासी न्यू भीमनगर, प्रदीप पुत्र शिवचरन निवासी न्यू भीमनगर, थाना धौलाना पुलिस ने सतीश पुत्र ओमप्रकाश उर्फ ओमी निवासी ग्राम समाना, प्रशान्त उर्फ पवन पुत्र मनोज निवासी कमरुद्दीन नगर, थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने कुंवरपाल पुत्र मेवाराम निवासी ग्राम बलवापुर, विक्रम पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम मौ आदर्श नगर, राजकुमार पुत्र नौरंग निवासी ग्राम दोताई, चन्द्रावती पत्नी मुरली सिंह निवासी मोहल्ला मीरा की रेती को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, फंदे पर लटका मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बिहुनी के जंगल में एक युवक का शव पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बुधवार की शाम को बहादुरगढ़ पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली की गांव बिहुनी के जंगल में एक युवक का शव पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका हुआ था। रस्सी के फंदे पर युवक का शव लटका होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां उन्होंने मृतक के शव की शिनाख्त की तो मृतक का घशिनाख्त पड़ोसी गांव निवासी युवक के रूप में हुई। जानकारी करने पर मालूम हुआ कि युवक दोपहर को ही घर से निकाला था। घटना की जानकारी पर मृतक के परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तीन दिन बाद भी लापता हुए युवक का नहीं लगा कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तीन दिन पहले संदिग्ध दशा में लापता हुए युवक का कोई भी सुराग न लगने पर अनहोनी की आशंका से भयभीत चल रहे परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई।

सिंभावली क्षेत्र के गांव मुरादपुर के किसान हकीकत का बेटा बिलाल तीन दिन पहले संदिग्ध दशा में लापता हो गया था। जिसका रिश्तेदारियों से लेकर मिलने जुलने वालों के घर तलाश करने के भी कोई सुराग लग पाना संभव नहीं हो पा रहा है। परिजनों के साथ थाने पहुंचे किसान हकीकत ने पुलिस को बताया कि उसके लापता चल रहे अठारह वर्षीय बेटे बिलाल का कोई सुराग नहीं लग पा रहा है, जिससे उसके साथ अनहोनी घटना होने की आशंका से परिजन बुरी तरह भयभीत चल रहे हैं। एसओ सुमित तोमर का कहना है पीड़ित किसान की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर उसके लापता बेटे की सुरागरसी कराई जा रही है, जिसे बहुत जल्द सकुशल ढंग में बरामद करने को आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं।

### अवैध हथियार रखने के मामले में न्यायालय ने दोषी को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध रुप से असलहा रखने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 1997 में आरोपी राजकुमार द्वारा अवैध रुप से असलहा रखने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना गढ़मुक्तेश्वर पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा अवैध हथियार रखने के मामले में राजकुमार पुत्र नौरंग निवासी ग्राम दौताई थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ को दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गई अवधि 2 दिवस व 1,000 रुपये के अर्थदण्ड़ से दण्डित किया गया है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर में की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य पदार्थो की जाँच के लिए अभियान चलाया। अभियान में टीम ने छापेमारी के दौरान 10 नमूने लिए। टीम ने नगर कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर फलों के ठेलों पर कार्बाइड केमिकल से पकाए गए फल मिलने पर टीम ने दस किलोग्राम फलों को नष्ट कराते हुए नोटिस जारी किया।

सहायक आयुक्त द्वितीय महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि टीम ने नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में पहलवान डेयरी का निरीक्षण किया। मौके पर सफाई संतोषजनक नहीं मिली, जिस पर नोटिस दिया गया है। इस दौरान दूध एवं घी का नमूना लिया गया। मोहल्ला इंद्रगढ़ी स्थित प्रिशा आइसक्रीम कारखाने का टीम ने निरीक्षण किया। यहां से आइसक्रीम व आइसकैंडी के नमूने लिए। टीम ने धौलाना में समयदीन के कारखाने का निरीक्षण के साथ ही आइसक्रीम व आईसकैंडी घोल और धौलाना स्थित खालिद के कारखाने का निरीक्षण कर आइसक्रीम का नमूना लिया है। उन्होंने बताया कि सभी नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी गुप्ता, सहरिश सादात आदि मौजूद रहे।



# भाकियू की मासिक पंचायत में किसान व मजदूर के मुद्दों पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** फ्री गंज रोड पर स्थित जिला मुख्यालय पर बुधवार को भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत हुई जिसकी अध्यक्षता मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल की रही संचालन मुनव्वर अली ने किया।

मासिक पंचायत के दौरान किसानों का बकाया गन्ना भुगतान, कृषि विभाग व आवारा पशुओं की धरपकड़ करना और मजदूर समेत के मुद्दों पर जमकर चर्चा की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने बताया है की जनपद की दोनों चीनी मिलों द्वारा ब्याज सहित गन्ना भुगतान जल्द जल्द किया जाए और जबकि कोर्ट के आद. ेशानुसार चीनी मिल के मौजुदा पेराई सत्र बंद होने के बाद संपूर्ण भुगतान 14 दिन के अंदर कर दिया जाए लेकिन मिलों द्वारा गन्ना भुगतान नहीं किया गया। जनपद तीनों तहसीलों में किसानों का भारी नुकसान किया जा रहा है। किसान द्वारा सरसों की बुआई तो हुई लेकिंन कृषि विभाग द्वारा समय पर क्रय केन्द्र नही खोले गए है। जिस कारण। किसानों ने मजबूरी में अनाफ् शनाफ् रेट में बेचनी पड़ी। जिसका ग्रामीण व किसान जमकर विरोध कर रहे है। विधुत विभाग द्वारा जल्द ही ट्रांसफार्मर की छमता बढ़ाई जाए ताकि फसल की सिचाई ठीक तरह से हो पाएगी। महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी का कहना है निराश्रित गौवंशो के द्वारा किसानों की फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं, गौवंशों की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों की फसल बर्बाद न हो पाए। इस मौके पर रमा शर्मा, कल्पना देवी, आंचल, गढ़ तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी, कुंवर खुशनूद, राजा खेड़ा, पालूराम, अजय कुमार कौशिक, नोशाद अल्वी, फैज़ान अब्बासी आदि मौजूद रहे।



# युवक पर बलकटी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने बलकटी से युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी पीड़ित युवक द्वारा 3 मई को थाने पर तहरीर देते हुए बताया गया था कि वह गांव में स्थित मूलचंद शर्मा की डेयरी पर दूध डालने के लिए गया था। ज़ब वह वापस लौट रहा था तभी रास्ते में चार युवकों ने रोक लिया और उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर सम्बंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। बुधवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे एक आरा. ेपी शिवम् शर्मा पुत्र नरेश शर्मा निवासी गांव नूरपुर थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ को बागडपुर-छावनी रोड महेन्द्र फार्म हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बलकटी बरामद हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# नकदी व पर्स चोरी करने के मामले में न्यायालय ने दोषी को सुनाई सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा पर्स व नकदी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई।

वर्ष 2016 में आरोपी फारूक द्वारा पर्स व नकदी चोरी करने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना हापुड़ नगर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में बुधवार को न्यायालय द्वारा फारुख पुत्र निजामुद्दीन निवासी मौ पीर बाऊदीन थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ को दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि 05 माह 19 दिवस की सजा से दण्डित किया गया है।

# एएसपी ने दंगा नियंत्रण योजना के तहत पुलिस कर्मियों के साथ की गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में आकस्मिक हालात में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार को थाना हापुड़ नगर में एएसपी ने दंगा नियंत्रण योजना के तहत पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी की।

बैठक में दंगा नियंत्रण के दौरान बरती जाने वाली सतर्कता और उपद्रवियों से सख्ती से निपटने पर चर्चा की गई। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को दंगा नियंत्रण के दौरान प्रभावी ढंग से काम करने के लिए तैयार करना था। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में दंगा नियंत्रण के दौरान बरती जाने वाली सतर्कता, उपद्रवियों से सख्ती से निपटने के तरीके और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि यह गोष्ठी दंगा नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग की तैयारियों का हिस्सा है और यह सुनिश्चित करने के लिए आयोजित की गई है कि पुलिस बल दंगा नियंत्रण के दौरान प्रभावी ढंग से काम कर सके। इस दौरान नगर पुलिस क्षेत्रधिकारी जितेंद्र कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप समेत उपनिरीक्षक मौजूद रहे।



# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को जिला व शहर कांग्रेस जनों ने स्वर्ग आश्रम रोड स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान कांग्रेस जनों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें याद किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि राजीव गांधी ने 18 वर्ष की अवस्था में युवाओं को मतदान करने का अधिकार दिया, देश में पंचवर्षीय योजनाओं का निर्माण भी राजीव गांधी ने किया था। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं के हाथ में मोबाइल दिया, उन्हें कंप्यूटर दिया। देश में जगह जगह एटीएम लगवाए। अपनी दूरदर्शिता और उनकी इच्छाशक्ति के चलते आज देश कामयाबी की ओर लगातार आगे बढ़ रहा हैं। इस दौरान पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व पीसीसी सदस्य नवरत्न त्यागी, वरिष्ठ कांग्रेसी रामप्रसाद जाटव, रघुवीर सिंह एडवोकेट, जस्सा सिंह, आफताब प्रधान सुंदर सिंह राणा, वीर सिंह राणा , चंद्रपाल सिंह राणा प्रधान, राजेश राणा, आनंद राणा, विशाल आदि मौजूद रहे।



# मेहनत व लगन से पढ़ने वाले छात्रों को डीएम का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अनवरपुर में स्थित मोनार्ड यूनिवर्सिटी में फर्जी डिग्रियों को बेचने के मामले में चेयरमैन सहित 11 लोगों के जेल जाने व मान्यता समाप्त करने की संस्तुति के बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्रों व अभिभावकों की घबराहट को देखते हुए डीएम अभिषेक पाण्डेय ने छात्रों व अभिभावकों को परेशान ना होने की बात कही है।

डीएम ने कहा कि वास्तविक पढ़ाई कर रहे छात्रों को कोई परेशानी नहीं होने दी जायेगी। केवल फर्जी डिग्री धारकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। मोनाड यूनिवर्सिटी में एसटीएफ की छापेमारी के बाद दो हजार फर्जी डिग्री व मार्कशीट बनाने का भंडाफोड़ होने के बाद पुलिस ने चेयरमैन बिजेंद्र सिंह सहित 11 लोगों को जेल भेज दिया तथा भारी मात्रा में नगदी व फर्जी डिग्री, मार्कशीट व अन्य सामान बरामद किया था। डीएम व एसपी द्वारा उच्च शिक्षा सचिव को यूनिवर्सिटी की मान्यता समाप्त करने की संस्तुति के बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्रों व अभिभावकों में हड़कंप मच गया और भविष्य को लेकर चिंतित हो गए। जिसको लेकर डीएम अभिषेक पांडेय ने कहा कि छात्रों व अभिभावको को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वास्तविक छात्रों की पढ़ाई जारी रहेगी और जरूरत पड़ी, तो उन्हें आसपास के विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। उधर मोनाड यूनिवर्सिटी में 20 मई से शुरू होने वाली परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। इसकी जानकारी भी छात्रों को नहीं दी गई। मोनाड यूनिवर्सिटी से स्नातक, डिप्लोमा करने वाले बहुत से अभ्यर्थी सरक. ारी, गैर सरकारी नौकरियों में हैं। फर्जी डिग्री का खुलासा होने के बाद अब ऐसे अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए यूनिवर्सिटी पहुंच रहे हैं। विभिन्न प्रदेशों में सरकारी नौकरी करने वालों के प्रमाण पत्र भी सत्यापन के लिए यूनिवर्सिटी भेजे गए हैं। लेकिन उनमें अधिक. ांश का सत्यापन अभी तक नहीं हुआ है। इससे अभ्यर्थियों की धड़कने बढ़ने लगी हैं।



आवश्यता है

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# मेरा एनकाउंटर कराना चाहती थी सरकार: चंद्रशेखर आजाद

## मवाना में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में गरजे आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम व भीम आर्मी एकता मिशन द्वारा स्वागत समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन नगर पालिका परिषद के बड़े मैदान में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद एवं भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विनय रतन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। चंद्रशेखर आजाद तय समय से करीब तीन घंटा देरी से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। चंद्रशेखर आजाद ने सर्वप्रथम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर व मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि देश में बेरोजगारी की दर बढ़ी है। पुरानी पेंशन को सरकार ने खत्म कर दिया है। समान शिक्षा का हक भी भाजपा देश के लोगों से छीन चुकी है। देश में लगातार दलितों पर हमले हो रहे हैं उनके परिवारों का दमन भाजपा व भाजपा की पुलिस कर रही है। हम सरकार से ये मांग करते हैं कि जल्द ही पर्यटन नगरी हस्तिनापुर को रेलवे लाइन दे, देश में समान शिक्षा नीति लागू हो, पुरानी पेंशन नीति की दोबारा से बहाली हो, गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जी को भारत रत्न दिया जाए, भारतीय आर्मी में गुर्जर व चमार रेजिमेंट बनाई जाए, दलितों मुस्लिमों पर हो रहे लगातार जुल्म को सरकार तत्काल प्रभाव से बंद करे। हम सरकार को चेताना चाहते हैं कि इन सभी मांगों को जल्द पूर्ण किया जाए अन्यथा दलित समाज देश में आंदोलन करने का काम करेगा। चंद्रशेखर ने कहा कि हमने संसद में बोधगया को आजाद करने की मांग की है। इस सरकार ने मेरा एनकाउंटर कराने का प्रयास किया। मुझ पर गोलियां चलीं, मेरे शरीर पर लाठियां पड़ी, मेरे नाखून उखाड़े गए, मैं अपने ऊपर हुए जुल्म तो भूल सकता हूं लेकिन आप लोगों पर हुए जुल्म को मरते दम तक नहीं भूल सकता। इस दौरान पार्टी के सम्मेलन में भारी भीड़ मौजूद रही जिससे चंद्रशेखर आजाद भी उत्साहित दिखे।



## शाहजेब रिजवी की मेहनत लाई रंग

मवाना में आजाद समाज पार्टी के सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आरएलडी छोड़कर चंद्रशेखर का हाथ थामने वाले ग्राम रसूलपुर के शाहजेब रिजवी भी बीते दो हफ्तों से चंद्रशेखर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव-गांव घूम रहे थे। वह देर रात तक गांव-गांव जाकर लोगों से मवाना चलने की अपील कर रहे थे और मवाना में आयोजित हुए कार्यक्रम में जिस तरीके से फलावदा व आसपास के क्षेत्र की जनता दिखाई दीं उसे शाहजेब रिजवी की मेहनत का असर भी कहा जा सकता है।

## चन्द्रशेखर की जनसभा में पहुंचे पांच युवक गंगनहर में डूबे, दो लापता

बुधवार को सांसद चंद्रशेखर की जनसभा सुनने के बाद मवाना गंग. नहर में कुछ युवक नहाने के लिए पहुंच गए। नहाते समय पांच लोग तेज बहाव में बह गए जिनमें से तीन को तो बचा लिया गया, जबकि दो युवक तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सीओ मवाना अभिषेक पटेल व थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे युवकों की तलाश की जा रही है। मेरठ के सदर बाजार थाना क्षेत्र के महताब सिनेमा के पास रहने वाले सुहैल व शहजाद अपने दस से बारह अन्य साथियों के साथ बुधवार को मवाना के बड़ा मैदान में आजाद समाज पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सुनने पहुंचे थे। शाम करीब चार बजे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी युवक गंगनहर पर पहुंच गए और नहाने लगे। इसी दौरान पांच युवक तेज बहाव में बहने लगे। साथियों द्वारा तीन को तो बचा लिया गया, जबकि सुहेल व शहजाद बहाव तेज होने की वजह से बह गए। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों द्वारा स्थानीय गोताखोरों की मदद से सुहेल व शहजाद की तलाश की जा रही है।



## 300 से अधिक सार्वजनिक संस्थानों में लगाए सोलर ऊर्जा पैनल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश की स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्थिरता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए राज्य भर में 300 से अधिक सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को सफलतापूर्वक सौर ऊर्जा से रोशन किया है। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी उद्देश्यों के अनुरूप है। राज्य में रूफटॉप सोलर ऊर्जा को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। सौर ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देकर, टाटा पावर न केवल स्वच्छ और सस्ती बिजली के साथ घरों को सशक्त बनाने के राज्य के दृष्टिकोण का समर्थन करता है, बल्कि राष्ट्र के लिए एक हरित, अधिक लचीले और ऊर्जा-सुरक्षित भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

## शताक्षी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश पर समर कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चितवाना शेरपुर स्थित शताक्षी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश होने से पूर्व विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को पूल पार्टी कराई गई तथा बच्चों को डांस एक्टिविटी कराई गई। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन मोनू तोमर ने बच्चों को समझाया कि गर्मियों में स्वयं को सुरक्षित रखें घर पर रहे व अपने आसपास में गर्मी में पक्षियों के लिए पानी का बर्तन भर कर रखें। विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी शर्मा ने शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मिलकर बच्चों को खूब मस्ती कराई। पूल पार्टी में म्यूजिक के साथ डांस किया गया और बच्चों ने खूब मस्ती की पूल पार्टी में एलिस मरियम रेहान अरहम नकुल एंजेल आदि बच्चों ने जमकर धमाल किया। कार्यक्रम प्रभारी शिखा शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का धन्यवाद किया सहयोगी आशा महविश आदि मौजूद रहे।

## आंधी बारिश से हुई आम की फसल बर्बाद, रसुलपुर धौलडी में गिरा मकान

**जानी खुर्द।** बुधवार की शाम आई तेज आंधी बारिश से मौसम में ठंडक के साथ आम की फसल बर्बाद हो गई जिसमें बाग मालिकों के माथे पर पसीना आ गया। बारिश और तेज आंधी से जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में काफी तादाद में आम की फसल है जिससे व्यापारी अपने परिवार का पेट भरते हैं। बाग व्यापारी प्रवीण राजवंश ने कहा कि तेज आंधी और बारिश से काफी आम की फसल बर्बाद हुई हैं। वहीं रसुलपुर धौलडी निवासी कपिल तोमर के मकान की छत गिर गई।









## छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बढ़ती गर्मी से निजात पाने के लिए समाजसेवियों ने नगर के मुख्य मार्ग पर छबिल लगाकर रहागिरो को शरबत पिलाया। इस अवसर पर समाजसेवियों ने कहा कि हर मनुष्य को बढ़ती गर्मी से निजात पाने के लिए ठडा शरबत एवं ठंडा पानी पिलाना चाहिए। राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से रहीसुदीन सलमानी, विशाल कुमार, आशु उपाध्याय, मुकुल जेनर, नितिन जेनर, सचिन खारीवाल, मोहित दक्ष यश धीमान, इनाम अब्बासी, पूर्व धीमान सुहैल सैफी आदि का सहयोग रहा।



## शाही रॉयल क्लब ने जीता याद-ए-हकीम मुस्तकीम क्रिकेट टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में चिंदौड़ी, जमालपुर मार्ग पर स्थित नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर याद ए हकीम मुस्तकीम क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में शाही रॉयल क्लब ने मिस्टर गैजेट की टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। शाही रॉयल क्लब के बल्लेबाज संदीप तोमर को ताबड़तोड़ नाबाद 96 रन बनाने के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। मिस्टर गैजेट क्लब के कप्तान सारिम रिजवी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया ओर 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 210 रन का विशाल स्कोर बनाया उनकी टीम की तरफ से आयुष भारद्वाज ने 64 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए शाही रॉयल क्लब ने 19.1 ओवर में 4 विकेट खोकर 214 रन बनाकर जीत हासिल की। शाही रॉयल क्लब की तरु से संदीप तोमर ने 56 गेंदों में नाबाद 96 व हर्षित त्यागी ने 16 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने पर संदीप तोमर को बेस्ट बल्लेबाज, कपिल राणा को बेस्ट गेंदबाज व शादमान रिजवी को बेस्ट फील्डर चुना गया। आयोजक डॉ. खुशनसीब अध्यक्ष साईम रिजवी, तैमूर गंगेरू, भाजपा नेता मोहन सैनी, उपाध्यक्ष डॉ. बिलाल, हाफिज मुंतसीब,आदि सभी ने मिलकर विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नकद इनामी राशि देकर पुरुस्कृत किया। इस दौरान जिला पंचायत वार्ड 6 के भावी प्रत्याशी वाईज अब्बास ने सभी खिलाड़ियों को मुबारक. बाद दी और उनकी हौसला अफजाई की। इस दौरान वाईज अब्बास, शमशाद रिजवी, शाही अब्बास, इकबाल मलिक, मास्टर फुरकान, अनवार गंगेरु, आसू मास्टर, रियासत रिजवी, हाफिज अजमल, तालिब रिजवी, मुन्ना, शौकीन, हाफिज शफीक, नफीस, कैफ शेख आदि मौजूद रहे।



## पूल पार्टी में डीपीएम स्कूल के छात्रों ने की मस्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा में कक्षा नर्सरी से कक्षा यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ स्कूल सचिव जगदीश त्यागी और प्रधानाचार्य जिया जैदी ने किया। पार्टी में छात्रों ने अपने दोस्तों और शिक्षकों के साथ पूल में मस्ती की और गर्मी के मौसम में ठंडक का आनंद लिया। पार्टी में छात्रों ने पूल में तैराकी की, खेल खेले और एक दूसरे के साथ मस्ती भरे पल बिताए। इस अवसर पर स्कूल के सचिव जगदीश त्यागी ने कहा कि पूल पार्टी हमारे स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो न केवल हमारे छात्रों को शारीरिक गतिविधि का अवसर प्रदान करता है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक कौशल को भी बेहतर बनाने में मदद करता है। पूल पार्टी के माध्यम से, हमारे छात्र तैराकी और अन्य जल गतिविधियों में भाग लेकर अपने शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। साथ ही, वे अपने दोस्तों के साथ मस्ती भरे पल बिताकर अपने सामाजिक कौशल को भी विकसित कर सकते है। इस मौके पर प्रधानाचार्य जिया जैदी, कोऑर्डिनेटर मुकुल त्यागी, ममता शर्मा, पूनम, पूर्णिमा शर्मा, रेनू आदि का सहयोग रहा।

## सर छोटू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी परीक्षा केन्द्र में उड़ाका दल ने की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र सर छोटू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में उड़ाका दल ने छापेमारी की। प्रोफेसर जयमाला के नेतृत्व में उड़ाका दल के सदस्यों डॉ. योगेन्द्र गौतम, डॉ. नाजिया तरन्नुम एवं डॉ. मुनेश कुमार प्रात: 10:30 बजे सर छोटू राम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित परीक्षा कक्षों में पहुंचे। इस परीक्षा में बी.टेक. और एम. टेक. के तीन परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा गया। बी.टेक चतुर्थ सेमेस्टर की एक छात्रा और एक छात्र के डेस्क के बीच में हस्तलिखित पर्ची पकड़ी गई और बी.टेक चतुर्थ सेमेस्टर के ही एक छात्र के पास नकल की पर्ची पकड़ी गई। उड़ाका दल ने तीनों पर यू.एफ.एम. कार्रवाई की।




# गुजरात की नजर शीर्ष स्थान पर

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी गुजरात टाइटन्स गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत दर्ज कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत करने मैदान में उतरेगी। वहीं क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ लीग सत्र का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस ने पिछले छह मैचों में पांच जीत दर्ज करते हुए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के इस सत्र में गिल और साई सुदर्शन ने 12 पारियों में 76-3 की औसत से कुल 839 रन बनाए हैं। वह आईपीएल इतिहास में एक सत्र में किसी भी जोड़ी द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रनों (939) के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 100 रन दूर है। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को दिखाती है। बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर खेलते हुए जॉस बटलर ने ओपनिंग और मध्यक्रम में

**सत्र का सकारात्मक अंत करने उतरेगा लखनऊ**

खेलते हुए 11 पारियों में 71-4 की औसत और 164 के स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं। दूसरी ओर ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ ने निराशाजनक सीजन का सामना किया है। पंत ने पूरे सत्र की 11 पारियों में 12-3 की औसत से मात्र 135 रन बनाए हैं। मैच जीतने के लिए उनका फॉम हासिल करना जरुरी है। एडन मारक्रम और मिशेल मार्श के बीच 115 रनों की जुझारू साझेदारी के बावजूद टीम खराब गेंदबाजी और सामरिक चूक के कारण प्रतिस्पर्धी स्कोर का बचाव करने में विफल रही। लखनऊ का मध्य क्रम दबाव में लड़खड़ता रहा है। निक. ोलस पूरन और आयुष बड़ोनी ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उसने में निरंतरता की कमी रही। लखनऊ ने इस सत्र अपने तीन शीर्ष विदेशी बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा किया और शुरुआत में उन्हें इसका लाभ हुआ। एडन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। आकाश दीप, आवेश खान और रवि बिश्नोई सहित गें. दबाज महत्वपूर्ण मौकों पर सफलता दिलाने में विफल रहे हैं। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को रेखांकित करती है। गुजरात की गेंदबाजी इकाई चरम पर है। दिलचस्प बात यह है कि वे अधिकतर ओवर पावरप्ले के बाहर फेंकते हैं,अरशद खान और राशिद खान प्रभावी रहे हैं, जबकि अनुभवी कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज ने गहराई और नियंत्रण जोड़ा है। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

# भारत को 24 मई को मिल सकता है नया टेस्ट कप्तान

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा। भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है और इसके लिए अगले कुछ दिनों में टीम घोषित हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को चयन समिति की बैठक होगी जिसके बाद प्रेस कान्फ्रेंस भी हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम का एलान शनिवार को दोपहर 12 बजे हो सकता है। टेस्ट कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत आगे चल रहे हैं। हालांकि, ऐसी भी खबरें आई थी कि बुमराह ने खुद को दावेदारी से अलग कर लिया है और अब गिल तथा पंत कप्तानी की दौड़ में हैं। कार्यभार प्रबंधन के चलते बुमराह का पांचों टेस्ट में खेलना मुश्किल है। स्काई स्पोर्ट्स की रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चयनकर्ता गिल को कप्तानी सौंपने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उनका मानना है कि गिल ने अभी तक टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं की है। यह सुझाव दिया गया कि उपकप्तान बनाना इस समय 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए बेहतर होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र की शुरुआत करेगी। इस सीरीज में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट को. हली नहीं होंगे क्योंकि इन तीनों ने टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारत ए टीम का एलान किया था। इसके लिए करुण नायर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट के लिए गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया था। माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी जगह मिल सकती है।

## रोहित-कोहली के बगैर भारत के लिए कठिन रहेगा इंग्लैंड दौरा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है। भारतीय टीम इस दौरे पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ियों के बिना जाएगी जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इसे लेकर अब भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने अपनी राय रखी है और उनका कहना है कि भारत के लिए यह दौरा कठिन रहेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच यह सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है। भारत इसके साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत करेगा। राठौड़ ने कहा, यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा। लेकिन युवाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने का भी मौका मिलेगा। राठौड़ ने कहा, ये तीनों दिग्गज क्रिकेटर थे जो संन्यास ले चुके हैं। मैं चाहता था कि वे खेलते रहें लेकिन ये निजी फैसला है। मैं उन तीनों के करीब हूं। उन्होंने यह फैसला लिया है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए। राजस्थान रायल्स के बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की जिसने सीएसके के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ समय से उसके साथ काम कर रहे हैं। शायद तीन चार महीने से। दबाव के हालात में उसे इस तरह खेलते देखना शानदार है।

# एचएस प्रणॉय व किदांबी मलेशिया मास्टर्स के अगले दौर में, सिंधु बाहर

**● महिला एक वर्ग मुकाबले में वियतनाम की खिलाड़ी गुयेन थुई ने मैच पर पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21 व 21-15 से हराया**







**मलेशिया, वार्ता।** एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को पुरुष वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्जकर मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। वही भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से हारकर महिला एकल वर्ग से बाहर हो गई। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले पाए मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को शुरुआती गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वह मैच को तीसरे गेम तक ले जाने में कामयाब रहीं।

एक घंटे तीन मिनट तक चले महिला एकल वर्ग मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह ने आखिरी गेम पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21, 21-15 से हराकर मैच जीत लिया। पीवी सिंधु के खिलाफ चार मैचों में गुयेन थुई लिन्ह की यह दूसरी जीत है। भारत के पुरुष खिलाड़ियों का कोर्ट पर अच्छा दिन रहा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो को मात दी। पहला गेम हारने के बावजूद एचएस प्रणॉय ने अगले दो गेम में वापसी करते हुए केंटा निशिमोटो को मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। एक अन्य मैच में किदांबी श्रीकांत ने भी चीन के लू गुआंगजू को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय लू गुआंगजू को 23-21,13-21, 21-11 से हराया। सतीश करुणाकरण ने भी चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन को 21-13, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लविशा का भारतीय वॉलीबॉल टीम में प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

**उदयपुर, वार्ता।** राजस्थान में उदयपुर के सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा लविशा डाँगी का बालिका वर्ग के अन्डर-16 में भारतीय वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है। उप प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी ने बताया कि उदयपुर से इस शिविर के लिए चयनित होने वाली लविशा एकमात्र छात्रा है। समस्त देश से मात्र 20 खिलाड़ियों का चयन लविशा एवं विद्यालय ही नहीं, अपितु शहर के लिए भी गर्व का विषय है। वॉलीबॉल कोर्ट में सेंटर अटेकर की पोजीशन पर अपने खेल को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने वाली लविशा प्रतिदिन आठ घंटे की कघी मेहनत करती है।

### पाक ने बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषित

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को जगह नहीं दी है। चयनकर्ताओं ने बल्लेबाज सलमान अली आगा को टीम का कप्तान,ऑलराउंडर शादाब खान को उपकप्तान बनाया है इसके अलावा अनुभवी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह को भी टीम में शामिल किया गया है।

# शानदार पारी के बाद वैभव सूर्यवंशी ने छुए महेन्द्र सिंह धोनी के पैर




**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने महेंद्र सिंह धोनी के पैर छुए और आशीर्वाद के साथ आईपीएल 2025 सीजन का समापन किया।

राजस्थान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच मंगलवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला हुआ। राजस्थान का इस सीजन यह आखिरी मुकाबला था और 14 साल

**वैभव ने आशीर्वाद के साथ आईपीएल का समापन किया**

के वैभव इस मैच में भी अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से मिल रहे थे, तब धोनी और वैभव का सामना हुआ और इस युवा बल्लेबाज ने माही के पैर छुए। धोनी हालांकि उन्हें रोकते नजर आए। वैभव आईपीएल में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने पहले ही सीजन में काफी सुर्खियां बटोरी। वैभव को इस सीजन सात मैचों में खेलने का मौका मिला और उन्होंने 206.56 के स्ट्राइक रेट और 36 के औसत से 252 रन बनाए। राजस्थान ने मेगा नीलामी में वैभव को खरीदा था और यह बल्लेबाज टीम की उम्मीदों पर खरा उतरा। हालांकि, राजस्थान की टीम प्लेआफ में जगह नहीं बना सकी और उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन की 90+ रनों की साझेदारी के दम पर राजस्थान रायल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। इस मुक. ाबले में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 17.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और टूर्नामेंट की चौथी जीत दर्ज की।

# पीकेएलः जयवीर गुजरात के मुख्य कोच बने

**वरिंदर सिंह संधु टीम का सहायक कोच नियुक्त किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 के लिए 31 मई और एक जून को होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी से पहले बुधवार को कोचिंग सदस्यों में बदलाव करते हुए दिग्गज जयवीर शर्मा को मुख्य कोच और वरिंदर सिंह संधू को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया।

अडानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स ने नए सीजन से पहले रणनीतिक बदलाव करते हुए यह नियुक्तियां की है। जयवीर भारतीय कबड्डी में सबसे सम्मानित हस्तियों में से एक हैं। वह 1992 से भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ काम कर रहे हैं, कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में, भारतीय टीम ने एशियाई खेलों, कबड्डी विश्व कप और कई मार्की कबड्डी चैंपियनशिप सहित प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में स्वर्ण पदक जीता है। गुजरात जायंट्स का मुख्य कोच बनाये जाने पर जयवीर ने कहा कि मैं गुजरात जायंट्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। मैं टीम को भीतर से निडर बनाने को उत्सुक हूं, हमारा उद्देश्य टीम को पीकेएल में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनाना है। मुझ पर भरोसा रखने और यह रोमांचक अवसर देने के लिए मैं अडानी स्पोर्ट्सलाइन का आभारी हूं। मैं पीकेएल नीलामी और एक मजबूत, प्रतिस्पर्धी टीम बनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। सहायक कोच बनाये जाने पर वरिंदर ने कहा कि मैं गुजरात के परिवार में शामिल होने के लिए वास्तव में उत्साहित हूँ। दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग में से एक का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय अवसर है। मैं पहली बार खिलाड़ियों की नीलामी का अनुभव और नए सत्र के लिए एक ठोस टीम बनाने के लिए उत्सुक हूँ। नए कोचिंग सदस्यों का स्वागत करते हुए अदानी स्पोर्ट्सलाइन के चीफ बिजनेस ऑफिसर संजय अडेसरा ने कहा कि जयवीर शर्मा और वरिंदर का गुजरात टीम में स्वागत करते है।

## पीकेएल नीलामी में रिकॉर्ड 10 बांग्लादेशी खिलाड़ी शामिल

**● बांग्लादेश कबड्डी महासभा ने 20 मई की समय सीमा से पहले खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत किया**

**ढाका, वार्ता।** भारत के मुम्बई में 31 मई और एक जून को होने वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की नीलामी के लिए बांग्लादेश के 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

प्रो कबड्डी लीग का नया सीजन अगस्त 2025 में शुरू होगा और लीग में रिकार्ड 10 खिलाड़ियों का शामिल होना बांग्लादेश का कबड्डी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बांग्लादेश कबड्डी महासंघ ने 20 मई की समय सीमा से पहले 10 खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत कर दिया है। महासंघ के अनुसार, पीकेएल नीलामी में विचार के लिए प्रस्तुत बांग्लादेशी खिलाड़ियों की यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:- **मिजानुर रहमान, लिटन अली, आरिफ रब्बानी, रसेल हसन, राजीब अहमद, रोमन हुसैन, दीपायोन गोल्डार, मोनिरुल चौधरी, अल अमीन और शाह मोहम्मद शाहन**। पीकेएल नीलामी के लिए मांगे गए खिलाड़ियों की संख्या के मामले में बांग्लादेश, ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। महासंघ के महासचिव एसएम नेवाज शोहाग ने कहा कि इस साल की शुरुआत में छह बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने नेपाल फ्रेंचाइजी कबड्डी लीग में भाग लिया था।

# रेणुकाचार्य-दीक्षा ने तैराकी में जीते स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमनी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने बुधवार को खेलो इंडिया बीच गेम्स की पुरुष और महिला वर्ग की 10 किमी खुले पानी की समुद्री तैराकी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। यहां कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमानी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने अरब सागर में आयोजित 10 किमी ओपन स्पर्धाओं में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। रेणुकाचार्य ने दो घंटे नौ मिनट और 40 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पश्चिम बंगाल के प्रत्यय भटाचार्य ने दो घंटे 12 मिनट 31 सेकेंड के समय के साथ रजत तथा महाराष्ट्र के चैतन्य लशदे ने दो घंटे 13 मिनट 14 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं महिला वर्ग में दीक्षा ने दो घंटे 18 मिनट और नौ सेकंड का समय लेकर शीर्ष स्थान, तमिलनाडु की अरन एमपी ने दो घंटे 33 मिनट 38 सेकेंड में रेस पूरी करते हुए रजत पदक तथा महाराष्ट्र की पूर्वा गावड़े ने दो घंटे 33 मिनट 52 सेकेंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता 17 वर्षीय रेणुकाचार्य ने सात साल की उम्र में तैराकी शुरू की थी, लेकिन तीन साल पहले ही उन्होंने ओपन वॉटर में कदम रखा।

## हरियाणा व दिल्ली ने मणिपुर को हराकर सेपक टकरा टीम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता

**दीव, वार्ता।** हरियाणा और दिल्ली की महिला और पुरुष वर्ग की ट्रीयो टीम ने बुधवार को वर्षा बाधित फाइनल मुकाबले में पारंपरिक सेपक टकरा की मजबूत मणिपुर को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किये।

यहां घोघला बीच पर खेले पाए दोनों फाइनल में बारिश के कारण एक घंटे का ब्रेक रहा। महिलाओं के फाइनल में हरियाणा ने अनुभवी मणिपुर की टीम के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। मणिपुर को भारत में सेपक टकरा का गढ़ माना जाता है। कप्तान 20 वर्षीय मोनिका की अगुवाई में हरियाणा की महिला सेपक टकरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष सम्मान हासिल किया।

# पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली-अनुष्का

**● कार्तिक-दीपिका भी दिखे, आरसीबी ने साझा किया पोस्ट, आरसीबी का अब सनराजर्स हैदराबाद से सामना है होना**



**दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी पिकलबाल खेलती नजर आई। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के टीम बान्डिंग इवेंट में कोहली-अनुष्का की जोड़ी ने पिकल. बाल खेला और जोड़ीदार के तौर पर इसमें हिस्सा लिया। आरसीबी का अब सनराइजर्स हैदराबाद से सामना होना है और इस मैच से पहले टीम के सदस्यों ने पिकलबाल में हाथ आजमाया। पिकलबाल खेलने के लिए आरसीबी के खिलाड़ियों के अलावा सहायक स्टाफ और उनके परिवार के सदस्य भी आए। आरसीबी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसमें कोहली अंक हासिल करने के बाद अनुष्का को बधाई देते दिख रहे हैं। इन दोनों के अलावा आरसीबी के बल्लेबाजी मेंटर दिनेश कार्तिक और उनकी पत्नी दीपिका पल्लीकल भी मौजूद रहीं। दीपिका भारत की स्टार स्क्वाश खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबले से पहले आरसीबी ने सभी खिलाड़ियों और उनके परिवार को इस इवेंट के लिए बुलाया था। आरसीबी के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन काफी शानदार रहा है और टीम प्लेआफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। सनराइजर्स और आरसीबी के बीच मुकाबला बंगलूरू में होना था, लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए इसे लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इससे पहले उसका कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 17 मई को खेला गया मुकाबला बारिश में धुल गया था। आरसीबी और हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 का 65वां मुकाबला बंगलूरू में खेला जाना था, लेकिन अब इसे लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कराने का फैसला लिया गया है। आईपीएल ने बताया कि बंगलूरू में खराब मौसम को देखते हुए लखनऊ में इस मैच को स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। आरसीबी की टीम को बंगलूरू में बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुम्बई, वार्ता।** देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है। लेकिन देश भर में मॉनसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब दो घंटे के अतिरिक्त समय के साथ पूरा 20 ओवर का मैच के लिए दोपहर होने वाले मैच को शाम 5-30 बजे तथा शाम को होने वाले मैच को 9-30 बजे रात तक शुरू किया जा सकता है।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

गुरुवार, 22 मई 2025

## अभिव्यक्ति की आजादी

बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर की गई उनकी विवादित टिप्पणी के मामले में यह सशर्त अंतरिम जमानत दी है। प्रो. अली खान अशोका विवि. में राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रमुख हैं। उनको एक विवादित टिप्पणी को लेकर हरियाणा पुलिस ने रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। ध्यान रहे कि उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा था कि वह कर्नल सोफिया कुरैशी की प्रशंसा करते हैं और इतने सारे दक्षिणपंथी टिप्पणीकारों को देखकर बहुत खुश हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि शायद वह उतने ही जोर से यह भी मांग कर सकते हैं कि भीड़ द्वारा हत्या, मनमाने ढंग से बुल्डोजर कराने और भाजपा के नफरत फैलाने के शिकार अन्यों को भारतीय नागरिक के रूप में संरक्षित किया जाए। हरियाणा पुलिस के साथ-साथ हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भी प्रोफेसर की इन टिप्पणियों की आलोचना की थी। आयोग ने उनकी टिप्पणियों को भारतीय सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों के प्रति अपमानजनक बताया, साथ ही आयोग का मानना था कि ये टिप्पणियां सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने वाली हैं। प्रो. अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी भारतीय राजनीति में एक चर्चा का विषय भी बन गई। ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जिनका मानना है कि प्रो. ने अपनी टिप्पणियों में ऐसा कुछ भी नहीं कहा, जिससे लगे कि उन्होंने देश के विरुद्ध जाकर कोई काम किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी प्रोफेसर की गिरफ्तारी और हिरासत से संबंधित मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेने हुए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का मानना है कि रिपोर्ट प्रथम दृष्टया इस बात का खुलासा करती है कि उक्त प्रोफेसर के मानवाधिकारों और स्वतंत्रता का उल्लंघन किया गया है। असल में यह एक चलन सा हो गया है, जो कोई भी सरकार के कामकाज को लेकर उसकी आलोचना करता है, उसको देश के प्रति आलोचना मान लिया जाता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अभिव्यक्ति के नाम पर दी गई टिप्पणियों के विरुद्ध जो कार्रवाई होती है वह सिलेक्टिव होती है, जबकि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मध्य प्रदेश के दो मंत्रियों की बेहद निंदनीय टिप्पणी आई, जिसमें एक मंत्री महोदय कर्नल सोफिया को आतंकवादी की बहन तक बता रहे हैं, तो दूसरे मंत्री भारतीय सेना को प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में समर्पित होने की बात कह रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मंत्री की टिप्पणियों को लेकर सख्त नाराजगी जताई है। अभी तक कोई कार्रवाई तो दूर उनका त्यागपत्र भी नहीं लिया गया है। जबकि चारों ओर से यह मांग उठ रही है। कोर्ट के आदेश पर जो रिपोर्ट दर्ज भी हुई है, वह बेहद लचीली है, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। लोकतंत्र में कानून सभी के लिए समान होना चाहिए।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पीआर स्टंट



प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है, सरकार ने अभी तक पहलगाम आतंकी हमले और चीन-पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया है, हम आतंकवाद, पाकिस्तान और चीन के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, तो संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा, विपक्षी पार्टियां 22 अप्रैल से ऑल-पार्टी मीटिंग की मांग कर रही हैं, दो बैठकें तो हुईं, लेकिन पीएम उसमें शामिल नहीं हुए, इसके बाद पीएम को पत्र लिखकर संसद सत्र बुलाने की मांग की गई, पाक के आतंकवाद को समर्थन देने और उसके चीन से रणनीतिक रिश्तों को संसद में चर्चा का विषय बनाना चाहिए था, पर सरकार ने ध्यान हटाने के लिए जातीय जनगणना और अब ये विदेशी दौरे शुरू कर दिए हैं।

**-जयराम रमेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# विलुप्त होती प्रजातियां: जीवन के अस्तित्व पर संकट की दस्तक

विश्व जैव विविधता दिवस पर विशेष

मनुष्यों की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है। यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है।

वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में विस्तार से यह उल्लेख है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है।

लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसम्बर 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। दरअसल 22 मई 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' विषय के साथ मनाया जा रहा है।



पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप, अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेतावनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे। माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में यह गंभीर चेतावनी दी गई है कि यदि विकास की दौड़ में जंगलों की कटाई और जीव-जंतुओं के आवासों का विनाश जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब मनुष्य स्वयं अपने अस्तित्व को खतरे में डाल देगा। तेजी से बढ़ती आबादी और शहरीकरण ने मनुष्य को इस हद तक स्वार्थी बना दिया है कि उसने यह तक भूलना शुरू कर दिया है कि उसका जीवन भी प्रकृति के सहारे ही संभव है। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं। यह पक्षी न केवल किसानों के मित्र माने जाते रहे हैं बल्कि जैव विविधता की श्रंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। धरती पर जीवन को सुचारु और संतुलित बनाए रखने में जैव विविधता की बहुत अहम भूमिका है, इसलिए यदि हम आज ही सजग नहीं हुए और इन दुर्लभ प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक निवास की रक्षा नहीं की तो आने वाले समय में न केवल पर्यावरणीय संकट और तेजी से गहराएगा बल्कि मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। अब समय आ गया है कि हम विकास और संरक्षण के बीच संतुलन साधें।

**-अतुल गोयल**

### विश्व की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

**सुमात्रा राइनो**- इंडोनेशिया में पाई जाने वाली यह गैंडे की प्रजाति विलुप्ति के कगार पर है।

**अमूर तेंदुआ**- रूस और चीन की सीमा पर पाई जाती है, केवल कुछ दर्जन बचे हैं।

**जावन राइनो**- जावा द्वीप में कुछ ही बचे हैं।

**सीगिंग गोरिल्ला**- अफ्रीका में पाई जाने वाली यह प्रजाति भी खतरे में है।

**वैक्सन डॉल्फिन (वाकिता)**- मेक्सिको के समुद्री क्षेत्र में पाई जाती है, केवल 10.20 के बीच बचे हैं।

**एशियाई चीता**- ईरान में पाई जाती है, गिने-चुने ही शेष हैं।

**गैंगेटिक डॉल्फिन**- भारत और नेपाल में पाई जाती है, संकट में है।

**ऑरंगुटान्स (बोर्नियो और सुमात्रा)**- जंगलों की कटाई से आबादी घट रही है।

### भारत की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

भारत में भी कई वन्य प्रजातियां संकट के दौर से गुजर रही हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं-

**हिम तेंदुआ**- अत्यधिक ठंडे क्षेत्रों में पाई जाती है, इनकी संख्या घटती जा रही है।

**हाथी**- जंगलों के विनाश और मानव-पशु संघर्ष के कारण संकट में हैं।

**कस्तूरी मृग**- अवैध शिकार के कारण संकटग्रस्त।

**गंगा डॉल्फिन**- प्रदूषण और अवैध शिकार का शिकार।

**बंगाल बस्टर्ड**- घास के मैदानों के विनाश के कारण बहुत कम बचे हैं।

**लाल पांडा**- सीमित क्षेत्रों में पाया जाता है, आवास खतरे में हैं।

**वन बिल्ली**- राजस्थान, गुजरात आदि में पाई जाती है, विलुप्ति की ओर अग्रसर।

# गर्मी में सत्तू: स्वाद और सेहत का संगम

**गर्मी के मौसम में सत्तू केवल ठंडा और सेहतमंद पेय नहीं, बल्कि एक बहुपयोगी खाद्य सामग्री है जिससे कई स्वादिष्ट और पारंपरिक व्यंजन बनाए जा सकते हैं। चाहे लड्डू हो, शरबत या कचौरी सत्तू हर रूप में स्वाद और स्वास्थ्य दोनों का ख्याल रखता है। इस गर्मी, सत्तू को अपने आहार का हिस्सा बनाएं और स्वाद के साथ-साथ सेहत भी पाएं।**

गर्मियों की तेज लू और चिलचिलाती धूप से राहत पाने के लिए शरीर को ठंडक पहुंचाने वाले और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थ बेहद जरूरी हैं। ऐसा ही एक परंपरागत और चमत्कारी सुपरफूड है सत्तू। यह भुने हुए चने या जौ को पीसकर बनाया जाता है और सदियों से पंजाब, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बंगाल में इसका उपयोग किया जा रहा है।

सत्तू का सेवन गर्मी में शरीर को ठंडक देने, हाइड्रेट रखने और ऊर्जा बनाए रखने के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। सत्तू पाचन सुधारता है, पेट की जलन और अपच से राहत दिलाता है। इसे शरबत के रूप में ही नहीं, बल्कि कई स्वादिष्ट व्यंजनों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### सत्तू के लड्डू

**सामग्री**-

सत्तू- 250 ग्राम

बूरा या पिसी चीनी-200 ग्राम

घी-200 ग्राम

इलायची-7-8 (पाउडर बना लें)

काजू-20-25

बादाम-20-25

पिस्ता-10-12

**विधि**-कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें सत्तू डालकर धीमी आंच पर 5-6 मिनट तक भूनें। गैस बंद करके मिश्रण को अलग बर्तन में निकाल लें और ठंडा होने दें। काजू, बादाम और पिस्ता बारीक काट लें। ठंडे सत्तू में बूरा, इलायची पाउडर और कटे हुए मेवे मिलाएं। सब कुछ अच्छे से मिलाकर मनचाहे आकार के लड्डू बना लें और ऊपर से पिस्ते से सजाएं। स्वादिष्ट और पोषक सत्तू के लड्डू तैयार हैं।

### सत्तू का मीठा और नमकीन शर्बत

**मीठा सत्तू ड्रिंक**-

सामग्री-

चने का सत्तू-कप

पानी-1 कप

नींबू- 1

पिसी चीनी- 2 टेबल स्पून

काला नमक-टीस्पून

**विधि**- सत्तू में थोड़ा पानी डालकर गुठलियां खत्म होने तक घोलें, फिर बाकी पानी मिलाएं। उसमें नींबू का रस, पिसी चीनी और काला नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। ठंडा-ठंडा मीठा सत्तू शरबत तैयार है।

### नमकीन सत्तू ड्रिंक

**सामग्री**-

सत्तू-कप

पानी-1 कप

नींबू-1

काला नमक-टीस्पून

साधारण नमक-स्वादानुसार

भुना जीरा-टीस्पून

हरी मिर्च बारीक कटी-1

पुदीना- 6-7 पत्ते

**विधि**- सत्तू को थोड़े पानी में घोलें, फिर उसमें बाकी पानी डालें। अब इसमें नींबू रस, नमक, काला नमक, भुना जीरा, हरी मिर्च और पुदीना डालकर मिलाएं। ठंडा कर सर्व करें। यह ड्रिंक शरीर को ठंडक और ताजगी से भर देता है।

### सत्तू की कचौरी

सामग्री- आटा गूंधने के लिए- गेहूं का आटा-2 कप, तेल-4 टेबल स्पून, नमक-स्वादानुसार, पिट्ठी (भरावन) के लिए-सत्तू-150 ग्राम, घी-3-4 टेबल स्पून

हींग-2 पिंच, जीरा- टीस्पून, धनिया पाउडर-1 टीस्पून, सौंफ पाउडर-1 टीस्पून, हरी मिर्च-2 (बारीक कटी), अदरक-1 इंच (कद्दूकस किया हुआ), लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, अमचूर- प्रत्येक-टीस्पून, हरा धनिया-1 टेबल स्पून (कटा हुआ), नमक- स्वादानुसार

**विधि**-

सबसे पहले आटे में तेल और नमक मिलाकर नरम आटा गूंध लें और ढककर 20 मिनट के लिए रख दें। पिठी के लिए कढ़ाई में घी गर्म करके उसमें हींग और जीरा तड़काएं। फिर अदरक, हरी मिर्च, सत्तू, सौंफ और धनिया पाउडर डालें और हल्का भूनें। अब बाकी मसाले और नमक मिलाकर मिश्रण ठंडा करें। आटे की छोटी लोइयां बनाएं, बीच में पिट्ठी भरें और कचौरी का आकार दें। बेलकर गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें। गरमागरम कचौरी को हरी धनिया की चटनी या आम के अचार के साथ परोसें।

# विकास उड़ गया आंधी में



निर्मल रानी

दिल्ली-एनसीआर को गत दिनों तेज आंधी, बारिश व तूफान का सामना करना पड़ा। इस तेज आंधी में नई दिल्ली स्टेशन के करीब नबी करीम क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई, जिसमें दब जाने से 3 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए, जबकि कई जगहों पर पेड़ उखड़ने का भी समाचार है परन्तु शायद इस आंधी का सबसे अधिक प्रकोप न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन को झेलना पड़ा। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के बीच आने वाले इस स्टेशन के एक बड़े हिस्से की छत ही तेज हवा के चलते उड़ गई।

छत की कई टीन नीचे सड़क पर जा गिरी तो कई हवा में लटकने लगीं। गौरतलब है कि अभी करीब चार माह पूर्व ही 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली-मेरठ रेपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के 13 किलोमीटर लंबे जिस सेक्शन का उद्घाटन किया था, न्यू अशोक नगर स्टेशन भी उसी सेक्शन के बीच आने वाला एक प्रमुख स्टेशन है और यह नवनिर्मित स्टेशन आंधी-तूफान का एक झटका भी नहीं झेल पाया। दिल्ली के न्यू अशोक नगर को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से जोड़ने वाली इस परियोजना में 4,600 करोड़ रुपए की लागत आई है। न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन पर हुए इस हादसे के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत नमो भारत ट्रेन की सेवाओं के आवागमन को अगले आदेश तक स्थगित करना पड़ा था। इस हादसे के बाद एक बार फिर स्टेशन की छत के निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न उठने लगे हैं। यहां एक बात यह भी काबिले गौर है न केवल प्रधानमंत्री नई ट्रेन को झंडी दिखा कर रवाना करते हैं बल्कि पुल,हाईवे एक्प्रेसवे के छोटे से नवनिर्मित हिस्से जैसी परियोजनाओं का भी वे स्वयं उद्घाटन करते हैं बल्कि ऐसे अवसरों पर प्राय: कांग्रेस की सरकार को कोसने और अपनी पीठ थपथपाने से भी नहीं चूकते। मिसाल के तौर पर गत वर्ष द्वारका एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के समय प्रधानमंत्री ने तंज करते हुए कहा था कि कांग्रेस ने 7 दशक तक जो गड्ढे खोदे थे वे अब तेजी से भरे जा रहे हैं। उसी समय उन्होंने यह भी कहा था कि मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को विकसित भारत के रूप में देखना है। परन्तु उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझे हर परियोजना का निर्माण टिकाऊ व मजबूत भी चाहिए। याद कीजिए 16 जुलाई को प्रधानमंत्री ने जिला जालौन के कैथेरी में पूरे प्रचार-प्रसार के साथ जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था वह एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के केवल 5 दिन बाद ही जगह-जगह से धंस गया था और उसमें कई जगह बड़े बड़े गड्ढे पड़ गए थे। जिसके कारण कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर इटावा के कुदरैल में मिलने वाले इस बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण पर करीब 14 हजार करोड़ की लागत आई थी। इसके एक वर्ष बाद फिर इसी एक्सप्रेस वे पर पुन: चित्रकूट को जाने वाली लेन पर करीब एक दर्जन गड्ढे हो गए थे। इन गड्ढों में पानी भरने से एक्सप्रेस वे से निकलने वाले कई वाहनों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा था। उस समय भी मीडिया में इस परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए गए थे और काफी घटिया निर्माण के चलते सरकार की काफी फजीहत हुई थी। जाहिर है यह गड्ढे कांग्रेस के समय के नहीं थे। इसी तरह देश के सबसे लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर दौसा



जिले के भांडारेज के पास पर भारी वाहन गुजरने से सड़क धंस गई, जिससे बड़ा गड्डा हो गया था। इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया गया था। यहां भांडारेज टोल के पास भारी वाहन गुजरने मात्र से सड़क धंस गई थी जिससे सड़क के बीचों-बीच 15 फुट गहरा गड्ढा हो गया था। इस एक्सप्रेस वे पर गड्ढे होने के बाद इसमें भी घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल तथा लापरवाही का आरोप लगा था। इस परियोजना के निर्माण पर भी लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की लागत आई थी। 12 फरवरी 2023 को इस का भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही उद्घाटन किया था और उद्घाटन करते हुए इसे भी देश की आधारभूत संरचना का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया था, लेकिन उद्घाटन के कुछ ही महीनों में बारिश ने इस उत्कृष्ट निर्माण की वास्तविकता को उजागर कर दिया था। इस तरह के दर्जनों ऐसे उदाहरण हैं जो या तो निर्माण के समय ही ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गए या उद्घाटन के कुछ समय बाद ही उनकी असलियत उजागर हो गई। अभी गत वर्ष बिहार में इसतरह एक के बाद एक कई बड़े पुल ढह गए। गत वर्ष अयोध्या नगरी में कई जगह सड़कें धंस गईं। चंडीगढ़ से राजस्था को जाने वाला अंबाला से होकर गुजरने वाला हाइवे अपने निर्माण के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। इसपर बने कई पुल भारी वहां गुजरने पर आज भी थरथर हिलते हैं। यह सारे गड्ढे विकसित राष्ट्र के मार्ग में पड़ने वाले गड्ढे हैं जिनकी जिम्मेदारी न ही कांग्रेस की है न ही पंडित नेहरू की। सवाल यह है कि इस तरह के घटिया निर्माण के पीछे का रहस्य आखिर क्या है? कौन हैं इन कंपनीज के मालिक जो जनता के टैक्स के पैसों की इस तरह खुलकर लूट करते हैं? जनधन की लूट खसोट का यह सिलसिला आखिर कभी खत्म भी होगा या नहीं?

इन लुटेरी निर्माण कंपनियों को किसकी शह मिली हुई है? क्या वजह है कि जिन मुगलों को विदेशी व आक्रांता बताकर दिन रात वोट बटोरने की राजनीति की जाती है उनके समय के बनाए हुए हजारों निर्माण आज भी पूरी मजबूती के साथ अपना सिर बुलंद किए खड़े हैं। इसी तरह अंग्रेजों के शासनकाल के अनेक महत्वपूर्ण निर्माण आज तक क्षतिग्रस्त नहीं हुए। उदाहरणार्थ 18 जनवरी 1927 को तत्कालीन गवर्नर-जनरल लॉर्ड इरविन द्वारा उद्घाटित व ब्रिटिश वास्तुकारों एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर द्वारा डिजाइन किए गए पुराने संसद भवन का आज तक बाल भी बांका नहीं हुआ जबकि सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत बना नया संसद भवन जिसका उद्घाटन 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था उसमें पहली बारिश के दौरान ही पानी टपकने लगा था। निश्चित रूप से यह इस भवन की गुणवत्ता या निर्माण में कमी के कारण ही था। इससे नए संसद भवन की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची थी। परन्तु आश्चर्य है कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस व विकास का हर वक्त ढिंढोरा पीटने वाली सरकार का विकास कहीं गड्ढों में घुसा जा रहा है तो कहीं आंधी में उड़ा जा रहा है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान में स्कूल बस पर विद्रोहियों का हमला, पांच की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में बुधवार को विद्रोहियों ने एक स्कूल बस पर हमला किया, हमले में तीन छात्रों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस बीच पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने 'स्कूल जाने वाले निर्दोष बच्चों' पर विद्रोहियों के इस हमले की कड़ी निंदा की और हमले के 'योजनाकारों, उकसाने वालों और इसे अंजाम' देने वालों का पता लगाकर उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा करने का संकल्प जताया। खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया कि जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया। हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और छात्रों

**■ खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया**

और कर्मचारियों सहित अन्य 40 घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शक्तिशाली विस्फोट के बाद बस के परखच्चे उड़ गए। विस्फोट की सूचना मिलने के बाद बचाव दल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां घटनास्थल पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया है। पुलिस ने समूचे इलाके की घेराबंदी कर दोषियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक किसी संगठन ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।



**नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर वीर भूमि पर पुष्पांजलि अर्पित करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

## पाकिस्तान-भारत के बीच मतभेदों को सुलझाने का स्वागत: चीन

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कहा है कि चीन पाकिस्तान और भारत द्वारा बातचीत के माध्यम से अपने मतभेदों को ठीक से निपटाने, व्यापक और स्थाई युद्धविराम हासिल करने और मौलिक समाधान तलाशने का स्वागत करता है और उसका समर्थन करता है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ बातचीत करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह दोनों पक्षों के मौलिक और दीर्घकालिक हितों के अनुरूप है, जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए अनुकूल है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आम अपेक्षा के अनुरूप भी है। वांग ने कहा कि चीन और पाकिस्तान ने पारंपरिक मित्रता को मजबूत करने, पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को मजबूत करने और चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने पर घनिष्ठ रणनीतिक संचार बनाए रखा है, जो द्विपक्षीय संबंधों के उच्च स्तर को दर्शाता है।

## प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृहमंत्री का घर जलाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर की सुरक्षा में तैनात गार्ड्स को भी पीटा। रिपोर्ट के मुताबिक सिंध के नौशेहरो फिरोज जिले में पुलिस और एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इसमें कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई।

इसके अलावा दोनों तरफ के कई लोग भी घायल हो गए। पाकिस्तान सरकार की योजना सिंध नदी पर नहर बनाने की है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार उनकी जमीन और पानी छीन रही है। जब प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके तनाव बढ़ गया। नाराज होकर लोगों ने सिंध के गृह मंत्री के घर पर हमला कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने कुछ ट्रकों को लूट

**■ सिंधु नदी का पानी डायवर्ट करने की स्कीम के खिलाफ प्रदर्शन, इसी दौरान भड़की हिंसा**


लिया और उनमें से कुछ को आग लगा दी। पाकिस्तानी वेबसाइट जियो टीवी के मुताबिक सरकार की योजना सिंध नदीं पर नहरें बनाकर चोलिस्तान में हजारों एकड़ बंजर जमीन पर खेती करने की है। इसकी लागत करीब 211 अरब रुपये (63 अरब) है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी इसके खिलाफ है। उनका कहना है कि सिंध को इससे नुकसान होगा और उनका पानी छीन लिया जाएगा। कुछ हफ्ते पहले एक समिति (काउंसिल ऑफ कामन इंटरेस्ट-सीसीआई) ने भी इस प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक सभी राज्यों (प्रांतों) की आपसी सहमति नहीं होगी, तब तक कोई नई नहर नहीं बनेगी।

# पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

### विदेश मंत्रियों की बैठक में सहमति बनी, चर्चित सीपीईसी प्रोजेक्ट पर भारत अपित्त जता चुका है

**बीजिंग।** चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों की बुधवार को बीजिंग में हुई बैठक में चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सीपीईसी) का अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर सहमति बनी है।

पाकिस्तान के फारेन आफिस (पीएफओ) ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। चीन के शिंजियांग से पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर पोर्ट तक बनने वाला यह कारिडोर अफगानिस्तान तक जाएगा। इस कारिडोर से चीन की प्लानिंग मिडिल-ईस्ट के देशों से सड़क कनेक्टिविटी बनाना है। सीपीईसी का विस्तार पाकिस्तान से अफगानिस्तान में कहां-कहां होगा, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है।



पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, चीन के विदेश मंत्री वांग ई और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने आज बीजिंग में बैठक की। बैठक में तीनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग को जरूरी माना। इसके साथ ही डिप्लोमैटिक कोआपरेशन आगे बढ़ाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने पर चर्चा की। चाइना-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है। इसकी शुरुआत 2013 में की गई थी। इसमें चीन के शिंजियांग प्रांत से पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट तक 60 बिलियन डॉलर (करीब 5 लाख करोड़ रुपये) की लागत से आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। इसके जरिए चीन की अरब सागर तक पहुंच हो जाएगी। सीपीईसी के तहत चीन सड़क, बंदरगाह, रेलवे और ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। 50 बिलियन डॉलर की लागत वाला सीपीईसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौजूद ग्वादर पोर्ट और चीन के शिंजियांग को जोड़ेगा। सीपीईसी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके से भी गुजरता है, जिस पर भारत का दावा है। भारत का मानना है कि सीपीईसी के जरिए चीन विस्तारवाद की नीति पर चल रहा है और भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है।

## लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा के घायल होने की चर्चा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का को-फाउंडर आमिर हमजा एक हादसे में घायल हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे उसे पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई की सुरक्षा में लाहौर के एक मिलिट्री हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घर में हुए एक हादसे में उसे चोट लग गई थी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए ले जाया गया। वहीं, कुछ सोशल मीडिया पोस्ट्स में यह दावा किया गया है कि आमिर हमजा पर हमला हुआ है और उसे गोली मारी गई है।

हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। 2 दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह के मारे जाने की जानकारी आई थी। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में

**पाकिस्तान के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती, हाफिज सईद का करीबी, 2014 में ग्लोबल टेररिस्ट घोषित**

शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चौरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था।

## ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक पर समर्थन के लिए रिपब्लिकन सांसदों से की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक का समर्थन करने के लिए रिपब्लिकन सांसदों से अपील की है। ट्रम्प कैपिटल हिल गए और अपनी पार्टी के सांसदों से व्यक्तिगत रूप से कर कटौती और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम में बदलावों वाले विधेयक का समर्थन करने की अपील की। कुछ सदस्य अब भी संशय में हैं। वहीं, ज्यादा खर्च कटौती की मांग कर रहे कट्टरपंथी नेताओं को उदारवादी रिपब्लिकनों से कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। राष्ट्रपति का उद्देश्य अपने विधेयक के लिए समर्थन जुटाना था, जिसे वह एक बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखते हैं। उल्लेखनीय है कि यह विधेयक वर्ष 2017 के ट्रम्प टैक्स कटौती को आगे बढ़ाएगा, टिप्स और ओवरटाइम काम पर कोई टैक्स नहीं लगाएगा, तथा मेडिकेड कवरेज और खाद्य सहायता कार्यक्रमों में कटौती करेगा।

# अमेरिका के लिए नया डिफेंस सिस्टम बनवा रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** इजरायली के आयरन डोम की तरह अमेरिका भी खुद का डिफेंस सिस्टम गोल्डन डोम बनाने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगवलार को इसका ऐलान करते हुए कहा कि इसके लिए एक डिजाइन भी चुन लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि गोल्डन डोम उनके कार्यकाल के आखिर तक चालू हो जाएगा।

एक बार तैयार होने पर यह मिसाइलों को रोकने में सक्षम होगा। भले ही उन्हें दुनिया के किसी भी हिस्से से लान्च किया जाए। ट्रम्प ने दावा किया कि गोल्डन डोम अंतरिक्ष से हुए हमलों को भी रोकने के काबिल होगा। स्पेस, जमीन और

**■ गोल्डन डोम स्पेस से होने वाले हमले भी रोकेगा, इजरायली आयरन डोम से ज्यादा मजबूत होगा**

समुद्र तीनों जगहों से होगी हिफाजत ट्रम्प का कहना है कि अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम में पिछले 40 साल से कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुनिया में कई एडवांस तकनीक से लैस मिसाइलें बन रही हैं। अभी का डिफेंस सिस्टम ऐसे खतरों का मुकाबला करने के काबिल नहीं है। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने इससे जुड़े एक कार्यकारी आदेश पर दस्तखत भी किया था। उन्होंने पेंटागन को अमेरिकी मिसाइल रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 'नेक्स्ट जेनेरेशन मिसाइल डिफेंस सिस्टम' तैयार करने का आदेश दिया, ताकि चीन, रूस, उत्तर कोरिया या फिर किसी और देश से आने वाले बैलिस्टिक मिसाइल को रोका जा सके। गोल्डन डोम को अंतरिक्ष, जमीन और समुद्र, तीनों जगहों से काम करने के लिए डिजाइन किया जा रहा है। इसमें ऐसी तकनीक होगी जो दुश्मन की मिसाइल को लान्च होते ही पकड़ लेगी और रास्ते में ही उसे तबाह कर देंगी। इजरायली ने 2011 से मिसाइलें रोकने के लिए सिस्टम इस्तेमाल किया है।

## टेस्ला का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं मस्क

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह अगले पांच वर्षों तक टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में राजनीतिक खर्च में कटौती करेंगे।

'ब्लूमबर्ग न्यूज' की जारी रिपोर्ट के अनुसार, कतर की राजधानी दोहा में आर्थिक मंच पर मस्क ने कहा कि उन्हें टेस्ला में 'कुछ अद्भुत' काम के लिए उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने

**■ यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है: मस्क**

डेलावेयर न्यायाधीश की आलोचना की, जिन्होंने 2018 में कंपनी की ओर से उन्हें दिए गए बड़े वेतन पैकेज के खिलाफ दो बार फैसला सुनाया और दोहराया कि वह धन के बजाय अधिकार के कारणों से टेस्ला के अधिक शेयर रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह पैसे की बात नहीं है। यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है। उद्योगपति ने कहा कि वह भविष्य में राजनीति पर अब कम खर्च करेंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्होंने इस पर काफी खर्च कर लिया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीतिक खर्च करने का कोई कारण दिखाई देता है, तो मैं ऐसा करूंगा। मस्क ने वर्ष 2008 से टेस्ला कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं।

# राजनीति पर भविष्य में काफी कम खर्च करेंगे एलन मस्क

**दोहा।** अमेरिका के प्रमुख उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह भविष्य में राजनीति पर पहले से काफी कम खर्च करेंगे।

ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव अभियान और अन्य रिपब्लिक उम्मीदवारों को समर्थन देने के लिए 30 करोड़ से अधिक डॉलर खर्च करने के बाद मस्क ने दोहा की राजधानी कतर में एक आर्थिक मंच पर कहा कि मैं भविष्य में राजनीति पर पहले के मुकाबले काफी कम खर्च करूंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि इस बार, राजनीति पर मैंने ज्यादा ही खर्च कर दिया है। मस्क ने हालांकि भविष्य में राजनीतिक चंदा देने से पूरी तरह से इन्कार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीति पर खर्च करने की कोई वजह दिखेगी, तो मैं जरूर करूंगा। ट्रंप के कट्टर समर्थक के रूप में उद्योगपति मस्क की भूमिका के कारण टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी को विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी बिक्री और शेयरों में गिरावट आई है। ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद से टेस्ला के शेयर में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, हालांकि मस्क के मंगलवार के बयान के बाद इसमें 3.3 प्रतिशत की हल्की बढ़त देखी गई।



Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor

## यूएई, इजरायल गाजा में तत्काल मानवीय सहायता शुरू करने पर सहमत: नाह्यान

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इजरायल ने यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाह्यान और इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने फोन में हुई बातचीत में यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करने सहमति व्यक्त की है।

दोनों देशों के मंत्रियों के बीच हुई इस बातचीत के बाद यूएई विदेश मंत्रालय के यहां जारी एक बयान के मुताबिक यह सहायता शुरुआती चरण में गाजा पट्टी में लगभग 15,000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा

**■ गाजा पट्टी में लगभग 15000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा करेगी**

करेगी। यूएई की मानवीय सहायता में बेकरी को चालू रखने के लिए आवश्यक आपूर्ति और शिशु देखभाल के लिए आवश्यक वस्तुएं शामिल होंगी। बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने मानवीय संघर्ष विराम को फिर से शुरू करने, युद्ध विराम सुनिश्चित करने और बंधकों की रिहाई के लिए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों पर भी चर्चा की। गौरतलब है कि इजरायल ने पिछले शुक्रवार को ऑपरेशन 'गिदोन रथ' के तहत गाजा पट्टी में फिर से हमला शुरू कर दिया था।

Recruitment For Teaching Staff
Assistant professor Law
Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)
Salary As per Govt. Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com